सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 16 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 75, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 335 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार पिछले सत्र की भारी गिरावट से उबरने में सफल रहे और सेंसेक्स 335.39 अंक चढ़कर 73,097.28 अंक पर बंद हुआ। } 11

देश का भविष्य तय करेगा लोकसभा चुनाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर से चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। } 12

संक्षेप

येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो के तहत केस दर्ज

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार, भाजपा नेता येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न) के तहत एक मामला ...शेष पृष्ठ 10 पर

लोस चुनाव तारीखों का आज हो सकता है एलान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव का अब इंतजार खत्म होने वाला है। कल यानी शनिवार दोपहर तीन बजे प्रेस कान्फ्रेंस करके मुख्य चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। चुनाव का ऐलान होते ही पूरे देश में आचार संहिता लागू हो जाएगी। आचार संहिता मतगणना होने तक लागू रहेगी। इसी दौरान अगर किसी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर चुनाव आयोग ने जिले के डीएम और एसपी को शांति व्यवस्था बनाए रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। इससे पूर्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

रमजान मुबारक



शिया		सुन्नी	
अफ्तार	सेहरी	अफ्तार	सेहरी
6:27	4:47	6:17	4:57

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले तीन गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

डीजीपी प्रशांत कुमार व एडीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश

❍ अहमदाबाद से ही पेपर लीक होने के एसटीएफ को मिले सुराग, अन्य की तलाश जारी

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने प्रदेश के गाजियाबाद जिले के थाना विजय नगर क्षेत्र के लालकुआं फ्लाई ओवर के नीचे से यूपी। आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले तीन मुख्य आरोपियों अभिषेक कुमार शुक्ला और शिवम गिरी तथा रोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन मोबाइल फोन और एक 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न पत्र बरामद किया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट होने और विभिन्न माध्यमों से वायरल होने और और विभिन्न बिंदुओं की जांच एसटीएफ को सौंपते हुए परीक्षा निरस्त की गई। यूपी एसटीएफ और पुलिस ने पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए 178 मुकदमे दर्ज ...शेष पृष्ठ 10 पर

जल्द टूटेगा इंडिया गठबंधन का घमंड : मोदी

तमिलनाडु की धरती पर बड़े परिवर्तन की आहट

एजेंसी

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन इंडिया का सारा घमंड तोड़कर रख देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। रैली में उपस्थित जनसमूह की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की एकता यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं। उन्होंने कहा देश को तोड़ने का जो सपना देखते हैं, जम्मू कश्मीर के ...शेष पृष्ठ 10 पर

हैदराबाद में प्रधानमंत्री मोदी ने निकाला रोड शो

हैदराबाद। लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियान को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार शाम यहां मल्काजगिरी लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया। केसरिया रंग की टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे और उन्होंने सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। कुछ लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए इमारतों की छतों पर खड़े दिखे। रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी और मल्काजगिरी से पार्टी के उम्मीदवार ई. राजेंद्र भी मौजूद रहे। भाजपा की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री 16 मार्च को नगरकुर्नूल में ...शेष पृष्ठ 10 पर

दवाओं का उत्पादक व निर्यातक बनेगा यूपी

योगी ने गोरखपुर को दी 1878 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश पहले दवा क्षेत्र का उपभोक्ता था लेकिन अब यह दवाओं का उत्पादक और निर्यातक बनेगा।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फॉर्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश औषधि क्षेत्र में पहले उपभोक्ता राज्य था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी औषधि क्षेत्र का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ क्षेत्र में फार्मा ...शेष पृष्ठ 10 पर

सिद्धार्थनगर को मिला 551 परियोजनाओं का तोहफा

विशेष संवाददाता

सिद्धार्थनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार के लगातार प्रयासों से सिद्धार्थनगर के पिछड़ेपन का दंश मिट गया है। अब तक आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी में आने वाला यह जिला अब विकसित जनपद के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्पना 'विकसित उत्तर प्रदेश' से ही साकार होगी लेकिन विकसित उत्तर प्रदेश तभी होगा, जब सिद्धार्थ नगर विकसित होगा और इसके लिए भाजपा का होना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा होली से पूर्व शुक्रवार को जनपद मुख्यालय पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज ...शेष पृष्ठ 10 पर

सुप्रीम कोर्ट का निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक से इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी। इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गयी नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा, सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला पारित किया जाता है तो उसका उल्लंघन नहीं हो सकता। उन्होंने दलील दी कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा और कार्यकाल की शर्तें) अधिनियम, 2023 का साफ तौर पर उल्लंघन हुआ है। सिंह ने शीर्ष अदालत का 2 मार्च, 2023 का फैसला पढ़ा, जिसमें निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की एक समिति गठित की गई थी। न्यायमूर्ति खन्ना ने सिंह से फैसले में दिए गए निर्देश को पढ़ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष ख़बर

जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने की संस्थान की प्रशंसा, गणमान्य अतिथियों ने वार्षिक पत्रिका का किया विमोचन, स्वर्ण पदक विजेता छात्रों को बीबीडी पुरस्कार से किया गया सम्मानित

एडीजीआईपीएस के छात्र हर क्षेत्र में लहरा रहे परचम : विराज सागर दास

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (एडीजीआईपीएस) के वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2024 का भव्य समापन समारोह शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा शामिल हुए। साथ ही बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और महानिदेशक डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। एडीजीआईपीएस के छह छात्र जो जीजीएसआईपीयू के स्वर्ण पदक विजेता थे, उन्हें प्रतिष्ठित बीबीडी पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रत्येक छात्र को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही स्टूडेंट ऑफ द ईयर के छात्रों को भी सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा, बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने उत्कर्ष 2024 के अवसर पर वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया।

उत्कर्ष-2024 समारोह को संबोधित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

उत्कर्ष-2024 समारोह में वार्षिक पत्रिका का विमोचन करतीं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास व जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा

उत्कर्ष-2024 समारोह को संबोधित करते जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा

समारोह में जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा को स्मृति चिन्ह देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

समारोह में मेधावियों को सम्मानित करते जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा, बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास

उत्कर्ष 2024 समारोह में मुख्य अतिथि जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा का बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उत्कर्ष केवल वार्षिकोत्सव नहीं बल्कि उत्कर्ष सही मायने में विभिन्न गतिविधियों एवं भावनाओं का समूह है। उत्कर्ष 2024 इस बार उत्सव नहीं बल्कि 25 साल का सफलता का यादगार सफर है। प्रत्येक वर्ष इस तरह के उत्सव बीबीडी ग्रुप के प्रतिष्ठा को बढ़ा रहे है, इसके लिए मैं उन सभी को धन्यवाद प्रकट करता हूं, जो इस सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। पिछले 25 वर्षों में बीबीडी संस्थान ने न केवल शीर्ष संस्थानो में अपनी जगह बनायी बल्कि शैक्षिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवीन शिक्षण पद्धतियों की मान्यता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि बीबीडी का सपना हमारे संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता एवं श्रीमती अलका दास गुप्ता से विकसित होकर लाखों बीबीडियन्स के रूप में बदल गया है। उन्होंने कहा कि बीबीडी के लखनऊ कैम्पस में करीब 25 हजार और एडीजीआईपीएस में लगभग 6 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। हमें गर्व है इस बात का कि जिन छात्रों ने बीबीडी से पढ़ाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

छह आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। यूपी में छह आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस विपिन मिश्रा को नगर आयुक्त शाहजहांपुर बनाया गया है। वहीं अभी तक नगर आयुक्त शाहजहांपुर के पद पर रहे आईएएस केपी सिंह की तैनाती आयुक्त, खाद्य रसद एवं सचिव सर्तकता आयोग के पद पर की गई है। इसके अलावा आईएएस अपूर्वा दुबे को अलीगढ़ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, आईएएस नितिन गिरी को वीसी कानपुर विकास प्राधिकरण, विशेष सचिव नियुक्ति मदन गबरियाल को पिलखुआ विकास प्राधिकरण व आईएएस अतुल वत्स को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

एनएचएम कर्मियों को 20 तक मिलेगा वेतन

लखनऊ। 24 एवं 25 मार्च को होली पर्व होने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के कर्मचारियों के लिए माह मार्च के वेतन का भुगतान 18 मार्च तक की उपस्थिति के आधार पर 20 मार्च तक प्रत्येक दशा में निर्गत करने का निर्देश जारी किया गया है। मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र डा. पिंकी जोवल द्वारा समस्त जनपदों को इस संबंध में पत्र प्रेषित कर उक्त निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान

लखनऊ । प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा, साथ ही 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान भी चलाया जायेगा। इस संबंध में आज एनेक्सी भवन के सभागार में एक अन्तर्विभागीय बैठक प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने बताया कि राज्य स्तर से लेकर ब्लाक स्तर तक अन्तर्विभागीय बैठकों तथा सभी अनुषांगिक विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण के लिए तिथिवार विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने स्तर पर किये जाने वाले कार्यों का माइक्रो प्लान तैयार कर लें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक आदेश भी जारी कर दें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान सभी विभाग अपने कार्यों के साथ-साथ जन जागरूकता के लिए भी अभियान चलाये तथा समय-समय पर कार्यों की मानिटरिंग व फीडबैक भी प्राप्त करते रहे।

प्रधान, रोजगार सेवक व सचिव से की वसूली

लखनऊ। अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अरमां में मनरेगा कार्यों में अनियमितता व भ्रष्टाचार की आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा करायी गयी, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर जिला अम्बेडकर नगर द्वारा की गयी जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व सचिव से कुल 56304 रुपये की वसूली की गयी है। वसूली की धनराशि मनरेगा के सम्बन्धित खाते में जमा करायी गयी है एवं एक ही कार्य पर दो बार भुगतान करने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु सम्बंधित थानाध्यक्ष को भी तहरीर प्रेषित की गयी है। यह जानकारी ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी द्वारा दी गयी है।

देश के इतिहास का सबसे बड़ा चंदा घोटाला : लोकदल

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने चुनाव आयोग को सौंपी गयी एसबीआई द्वारा इलेक्ट्रोंड की सूची में पूरी दाल काली दिखाई दे रही है। उद्योगपतियों से लूट और लूट के बदले उद्योगपतियों को भारत लूटने का खुला लूट अवसर बताया है। ईसीआई द्वारा प्रकाशित चुनावी बांड डेटा हमें बताता है कि जारी किए गए आंकड़ों में 1,260 कंपनियां और व्यक्ति हैं जिन्होंने 12,769 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे हैं। शीर्ष 20 कंपनियों, सभी ने 5,945 करोड़ रुपये का योगदान दिया मतलब चुनावी बांड के माध्यम से दान की गयी कुल राशि का लगभग आधा। कुल बांड की कीमत - 16518,10,99,000 करोड़ रुपये, ईसीआई पब्लिशिड - 12769,08,93,000 करोड़ रुपये अभी भी 3749,02,06,000 करोड़ रुपये के बांड की डिटेल मिसिंग है और अदानी-अम्बानी के नाम की सूची क्यों नही है? जनता जवाब चाहती है यह पैसा जनता के टैक्स का है। एक हाथ से लो दूसरे हाथ से दो।

राजनीति का नहीं होने देंगे अपराधीकरण : योगी

बलराम-श्रावस्ती के लिए मुख्यमंत्री ने खोला खजाना, दो हजार करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह बलरामपुर जिले में शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में शक्ति की आराधना की और बलरामपुर में मां पाटेश्वरी राजकीय

● योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी राज्य विवि का किया भूमि पूजन

विश्वविद्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने बलरामपुर व श्रावस्ती के लिए दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। इसमें बलरामपुर की 461 व श्रावस्ती की 31 विकास परियोजनाएं शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब बलरामपुर व श्रावस्ती आकांक्षात्मक जनपद से आगे बढ़कर विकसित जनपद की श्रेणी में आ गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह दस बजे हेलकॉप्टर से कोयलरा गांव पहुंचे। संबोधन के पूर्व उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व आवास की चाभी सौंपी। इसके बाद सीएम योगी ने राजकीय विश्वविद्यालय की भूमि का पूजन कर उसका शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बलरामपुर व श्रावस्ती पुरुषार्थ की धरती रही है। माफिया प्रवृत्ति के लोगों ने इसे कुंद करने का काम किया था। हमारी सरकार यहां राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। सीएम योगी ने कई योजनाओं का बखान करते हुए सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पूर्ववर्ती सरकारी में सरकारी योजनाओं पर डाका डालने का काम किया जाता था। आज लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड व पक्के आवास की सुविधाएं मिल रही हैं। सीएम योगी ने केजीएमयू लखनऊ के सेटेलाइट सेंटर 300 बेड के अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय फेज-1 का लोकार्पण किया। उन्होंने कई मार्गों व फुलवरिया बाईपास पर बने नवनिर्मित ओवरब्रिज का भी लोकार्पण किया। इसी तरह से श्रावस्ती में जनपद कारागार, भंगहा में 50 बेड का फील्ड हास्पिटल, जमुनहा में राजकीय महाविद्यालय व श्रावस्ती में राजकीय इंटर कॉलेज सहित कई मार्गों का लोकार्पण किया। इसी तरह से कई प्रमुख सम्पर्क मार्गों, छात्रावास व अन्य योजनाओं का सीएम ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, विधान परिषद सदस्या डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, अवधेश कुमार सिंह मंजू, साकेत मिश्र आदि मौजूद रहे।

सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजकर सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने 46-झांसी (सामान्य) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 222-बबीना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अधिकांश बूथों में व 224-मऊरानीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अधिकांश बूथों में 23 जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम एक से अधिक बार मतदाता के रूप में दर्ज होने की शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि 222-बबीना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के भाग संख्या 45 में 28 मतदाताओं का नाम एक से अधिक बार दर्ज है। भाग संख्या 07 में 5 मतदाताओं का नाम एक से अधिक बार दर्ज है। भाग संख्या-89 में परिवर्धन सूची में 30 में 20 नामों में (नाम एवं पिता का नाम एक ही है) उदाहरण स्वरूप जैसे युगल किशोर श्रीवास्तव पुत्र युगल किशोर श्रीवास्तव। भाग संख्या-211 व भाग संख्या-212 में तथा 265, 266 व भाग संख्या-2 व 3 में कई नाम दोनों बूथो में है। 224-मऊरानीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अधिकांश बूथों पर इस प्रकार की गड़बड़ी मतदाता सूची में है। सपा ने मांग की है कि इन शिकायतों की जांच कराई जाए, जांच में दोषी पाये जाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये व जांच रिपोर्ट की एक प्रति सपा को उपलब्ध कराई जाये, जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निष्पक्ष, स्वतंत्र व भयमुक्त सम्पन्न हो सके। प्रतिनिधि मंडल में केके श्रीवास्तव, डा हरिश्चन्द्र यादव व राधेश्याम सिंह शामिल है।

● अंतिम मतदाता सूची कई मतदाता के एक से अधिक बार नाम होने पर दर्ज करायी आपत्ति

जेवर एयरपोर्ट का कार्य सितम्बर से पहले होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की बैठक में जानकारी दी गयी कि जेवर एयरपोर्ट का कार्य माह सितम्बर 2024 से पूर्व पूर्ण हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट के विकास के कार्यक्रम को भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नायल की 19वीं बोर्ड बैठक संपन्न

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 19वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव द्वारा सभी एजेंसियों से समन्वय बनाकर कार्य को समय से पूर्ण कराने के निर्देश गए। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एअरपोर्ट जेवर के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति को प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डा. अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवेलपमेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे के विकास कार्य प्रगति पर है। प्रगति को प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन : भूपेंद्र

विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के समक्ष शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बसपा के पूर्व राज्य मंत्री अच्छेलाल निषाद (बांदा), बसपा के पूर्व राज्य मंत्री व पूर्व विधायक सिद्ध गोपाल साहू (महोबा), सपा के पूर्व एमएलसी एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह (झांसी), बसपा के पूर्व विधायक व सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मधुसूधन शर्मा (आगरा), उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ से पूर्व शिक्षक क्षेत्र एमएलसी प्रत्याशी महेन्द्र नाथ राय (लखनऊ), बसपा के पूर्व विधायक डा. हाफिज इरशाद (आजमगढ़), सपा से पूर्व विधायक जितेन्द्र वर्मा (आगरा), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिपिन कुमार शुक्ला (बस्ती) ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य तथा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी प्रियंक पाण्डेय उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया। पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने वालों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है। हम जो कहते है वो करते हैं।

मोदी द्वारा गरीब कल्याण के लिए किये गये कार्य और भारत की पहचान एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में अन्य दलों के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव कुमार (एटा), नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ओममती, अछनेरा (आगरा), नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, बरखेड़ा (पीलीभीत), नगर पंचायत अध्यक्ष माया देवी, कलीनगर (पीलीभीत), नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बडोनिया, महरोनी (ललितपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा (लखनऊ), माध्यमिक शिक्षा संघ के मंडल मंत्री सुशील पाण्डेय (लखनऊ), माध्यमिक शिक्षा संघ के मंडल उपाध्यक्ष अम्बर तिवारी (लखनऊ) ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

सामाजिक विकास में संपूर्ण टीकाकरण का अहम योगदान : पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बात अगर किसी समाज के विकास की आती है तो इसमें टीकाकरण का भी काफी योगदान होता है। यह टीका ही है जो हमें पूरे जीवन विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है और हम शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से विकसित हो पाते हैं। सिर्फ टीका न लगवा पाने से हमारे देश या प्रदेश की विकास दर काफी कम हो सकती है। इसलिए पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह जिम्मेदारी हर मां-बाप की है। यह कहना है उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व उन्होंने दिवस की महत्ता के बारे में बताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी बीमारी के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता यानि इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण बेहतर और आवश्यक उपाय है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे उपयुक्त, प्रभावी और सस्ता उपाय माना जाता है। इसमें लापरवाही का खामियाजा बच्चे को बाद में असाध्य रोगी के रूप में भोगना पड़ता है। बच्चों को सुपोषित बनाने में भी टीका की बड़ी भूमिका है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है टीके सभी के लिए काम करें।

● राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आज

टीकाकरण के बाद बुखार आना शुभ संकेत : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि 16 मार्च वर्ष 1955 में देश में पोलियो का पहला टीका लगा था। तभी से इस दिन को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीका से हमने चेचक और पोलियो जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त कर ली है। कई ऐसे टीके हैं जिनके लगने के बाद बुखार आदि महसूस होता है लेकिन इससे घबराएं नहीं बल्कि इसे बीमारी पर जीत का एक शुभ संकेत मानें। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 12 जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए मां और उनके बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर पांच साल, सात बार और 12 बीमारी खत्म का फामूर्ला अपनाया जा रहा है। यानि पांच वर्ष तक सिर्फ सात बार नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र या चिकित्सा केंद्र पर संपर्क कर सम्पूर्ण टीका करवाया जा सकता है। डॉ. मनोज ने बताया कि पूर्ण नियमित टीकाकरण में हम लगातार प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक लागू करने में यूपी अव्वल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उनकी पहल पर उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित की जा रही सड़कों में एफ डी आर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफ डी आर तकनीक का उपयोग किया जाय। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर टेक्नोलॉजी लागू एवं क्रियान्वित करने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एफडीआर तकनीक सड़कों के निर्माण में प्रति किमी लगभग 100 ट्रक (1600 क्यूबिक मीटर) एग्रीगेट तथा इस एग्रीगेट के सापेक्ष ट्रान्सपार्टेशन में प्रति किमी लगभग 12000 लीटर डीजल /फ्यूल की बचत हो रही है और एफ०डी०आर० तकनीक से निर्मित मार्गों की लागत कन्वेंशनल तकनीक से बने मार्गों की लागत से लगभग 20 प्रतिशत कम होती है। हाईऐन्ड मशीनरी यूज होने के कारण एक दिन में लगभग 500 मीटर एफडीआर बेस का निर्माण पूर्ण होता है। एफडीआर तकनीक से कार्बन फुट प्रिन्ट को कम किया जा रहा है तथा यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल है।

चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : बसपा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बसपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करते हुए शुक्रवार को पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती मनाई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यहां कांशीराम को श्रद्धांजलि दी। हालांकि, चुनाव नजदीक आने के कारण पार्टी की परंपरा के अनुसार इस अवसर पर जश्न मनाने के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए, लेकिन उनके अनुयायियों और पार्टीजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मान्यवर कांशीराम का मिशन अधूरा, बसपा करेगी पूरा के नारे भी लगाये। पार्टी के एक नेता ने कहा, इस दिन को मनाने के लिए पूरे राज्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए और पार्टी कार्यकर्ताओं को संभावित पार्टी उम्मीदवारा-प्रभारियों से परिचित कराया गया ताकि वे एक-दूसरे को जान सकें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लेने के लिए पूरे राज्य में जिला स्तर पर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर का उपयोग पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और उत्साहित करने के लिए किया गया है। मायावती ने इस मौके पर अपील जारी कर कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग अपनी आपसी एकजुटता एवं बेहतर समझ-बूझ के ज़रिए मान्यवर श्री कांशीराम आपका मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा के संकल्प को खासकर लोकसभा चुनाव में सफल बनाने के लिए पूरे जी-जान से प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जातिवादी शक्तियों के अनेकों षड़यंत्र से बचते-बचाते बहुजन समाज को केन्द्र एवं राज्यों की सत्ता अपने हाथ मे लेने का चुनावी प्रयास हर हाल में जारी रखना है तभी यहां सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की सफलता संभव है।

● बसपा ने मनाई कांशीराम की जयंती मायावती ने अर्पित की श्रद्धांजलि

इलेक्टोरल बॉण्ड काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी है। इलेक्टोरल बॉण्ड ब्लैक मनी टूरिज्म मतलब पैसा बाहर ले जाकर वापस लाने के शुद्धीकरण की भाजपाई गारंटी है। भाजपा अब सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और बदनाम करने के लिए कर रही है और इनके माध्यम से पूंजी घरानों से वसूली भी कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कांशीराम की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि तमाम कम्पनियों से चंदा के नाम पर जो वसूली की गई है वह न होती तो कम्पनी के तमाम कर्मचारियों की तनख्वा बढ़ती। उन्हें बोनस मिलता, नई नौकरियां मिलती लेकिन भाजपा तो पीडीए का हक मारने के लिए आरक्षण खत्म कर रही है। प्राईवेट वालों का सारा प्राफिट भाजपा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से हजम करने जा रही है। भाजपा खाऊ पार्टी है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ी है इसीलिए भाजपा हटाओं, नौकरी पाओ का नारा हर नौजवान को रट गया है। भाजपा ने जनता की जेबो में डांका डाल कर अपना खजाना भरा है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है और असीमित भण्डारण से महंगाई बढ़ायी है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के लिए कम्पनी से 500 करोड़ रुपए लिए गए इसलिए जबर्दस्ती हमें आपको वैक्सीन लगवाई जा रही थी। चुनाव से पहले ये बातें आई हैं तो जनता इस बार भाजपा को उखाड़ फेकेगी। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड के चंदे के जरिए भाजपा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य कर रही है। विभाजनकारी विचारों को प्रसारित करने में इस्तेमाल कर रही है। संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। सरकारी संस्थाओं की स्वतंत्रता का नष्ट किया जा रहा है। अब जनता भाजपा को केन्द्र की सत्ता से हटाकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेगी।

● सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांशीराम को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

● भाजपा पर इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

आदेश | शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक भी निराश्रित गोवंश सार्वजनिक स्थल पर विचरण करते हुए न मिले

फसल बेचने के 48 घंटे के भीतर किसानों का हो भुगतान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निर्देश दिये हैं कि किसानों को क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुख-सुविधायें करायी जायें। इस वर्ष प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंडियों से पहले क्रय केन्द्रों पर खरीद हो। क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कराते हुये उन्हें क्रियाशील बनाये रखा जाये। आवश्यकतानुसार मोबाइल क्रय केन्द्रों से गेहूं की खरीद करायी जाये। फसल बेचने के 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किसान के खाते में भुगतान कराया जाये।

मुख्य सचिव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बटाईदार किसानों से भी गेहूं खरीद की जायेगी। 100 कुन्तल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों का सत्यापन नहीं होगा। गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों को निःशुल्क पंजीकरण व नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। किसानों के मध्य गेहूं के एमएसपी 2275 रुपये प्रति कुंतल तथा किसानों को 48 घंटे में भुगतान के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर खरीद के लिये अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाये, साथ ही पंजीकरण के सत्यापन में भी प्रगति लायी जाये। पंजीकरण की संख्या बढ़ाने के लिए लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी सहित कृषि व पंचायत के कर्मियों का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण शासन की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है, इसलिये इस पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत है। सार्वजनिक स्थलों पर निराश्रित गोवंश पाये जाने पर सम्बन्धित कर्मियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि गोवंश की शत प्रतिशत टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 31 मार्च तक समस्त शहरी एवं ग्रामीण गो आश्रय स्थलोंए 15 जून तक समस्त पंजीकृत गौशालाओं तथा 30 जून तक समस्त पशुपालकों एवं डेयरी फार्मों में गोवंश व महिषवंशीय पशुओं का शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग का कार्य पूर्ण करा दिया जाये। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिये आवश्यक है कि हर एक टीबी पेशेन्ट चिन्हित हो और उसे समुचित उपचार मिले। गोद लेने की सहायता के लिए टीबी रोगियों से सहमति ली जाये। समय-समय पर यह भी देखा जाये कि निःक्षय मित्र द्वारा टीबी रोगियों को पोषण किट का वितरण किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी के तहत लाभार्थियों को फैमिली आईडी लैमिनेटेड कार्ड का वितरण किया जाना है। कार्डों की छपाई व वितरण के लिये जनपदवार धनराशि आवंटित कर दी गई है। सभी लाभार्थियों को जल्द से जल्द से कार्ड का वितरण करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या न हो, इसलिये आवश्यक व्यवस्थायें समय से करा ली जाये। ऐसे स्थान जहां बारिश नहीं हुई या कम हुई अथवा जल स्रोत सूख गये हैं, इसको ध्यान में रखते हुये विधिवत योजना बना ली जाये। भारत सरकार द्वारा सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से सुनिश्चित करायें कि सीएए को लेकर कहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो और प्रदेश की शांति न भंग हो। उन्होंने फरुर्खाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 15 मिनट में सफलतापूर्वक किसान क्रेडिट कार्ड बनाने पर जिलाधिकारी को बधाई दी।

● हर एक टीबी पेशेन्ट चिन्हित हो और उसे समुचित उपचार मिले

● सीएए को लेकर कहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो

कांशीराम ने वंचितों के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष कर दिलाया न्याय : अनिल दुबे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय पर कांशीराम की जयंती राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कांशीराम को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के निधन के बाद समाज के शोषित, वंचित और समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति जब अपने को अनाथ और बेसहारा महसूस कर रहा था। ऐसे समय में कांशीराम ने उनके आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करने का काम किया और उनको न्याय दिलाया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित करने और उनके हितों के लिए लम्बा आंदोलन चलाया और उनको राजनैतिक शक्ति के रूप में उभारने का काम किया। उन्हें शोषित वंचित समाज, पिछड़े और दलितों के उत्थान हमेशा याद किया जायेगा। श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, आरपी सिंह चौहान, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, राजेश मौर्य, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, महेश पाल धनगर, रमेश कश्यप, मनीष पाण्डेय, सुमित सिंह, विनोद कोरी आदि प्रमुख रहे।

संक्षेप

अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान की मांग हुई पूरी

अयोध्या। विगत दिनों महापौर गिरीश पति त्रिपाठी से अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने महानगर के अंतर्गत किसी चौराहे को भगवान चित्रगुप्त चौक और एक पार्क को सजाने-संवारने की मांग की थी। इसी क्रम में एक मांग को शुक्रवार को पूरा करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने घोषणा किया कि अमानीगंज अवधपुरी कॉलोनी स्थित रेखा श्रीवास्तव के सामने वाले पार्क को श्री चित्रगुप्त पार्क के नाम से अब जाना पहचाना जाएगा। शुक्रवार को 60 करोड़ से ऊपर की योजनाओं का शिलान्यास और 32 पार्कों का लोकार्पण करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि कायस्थ समाज की भावनाओं को ध्यान दृष्टिगत रखते हुए निगम ने यह निर्णय लिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए माह मार्च के तृतीय शनिवार 16 मार्च 2024 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया है। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

अयोध्या में 32 पार्कों का हुआ लोकार्पण

अयोध्या। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत 32 पार्कों का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। अमानीगंज फेस-1 में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने आधुनिक सुविधाओं से लैस इन पार्कों का उद्घाटन किया। 600.12 लाख की लागत से सभी पार्कों का निर्माण किया गया है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से नगर निगम अयोध्या का विकास किया जा रहा है। ₹अयोध्या सुंदर दिखाई दे, इसके लिए यहां के पार्कों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। पहले चरण में 32 पार्कों का सुंदरीकरण किया जा चुका है। पार्कों में जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। 600.12 लाख की लागत बनने वाले पार्कों में पैदल चलने के पथ, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय और औषधीय फूल और पौधे लगाए गए है।

32 पार्कों में लाइटिंग, बाउंड्री वॉल, गेट, वाकिंग पथ, बैठने के लिए सीट समेत सुंदर गार्डन बनाए गए*

पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत 32 पार्कों में लाइटिंग, बाउंड्री वॉल, गेट, वाकिंग पथ, बैठने के लिए सीट समेत सुंदर गार्डन बनाया गया है। साहबगंज वार्ड के मो वैदेही नगर में ट्यूबवेल वाले पार्क, बहादुरगढ़ वार्ड में गीता त्रिपाठी पार्क, अमानीगंज वार्ड के मो रोहिणी कालोनी में ट्यूबवेल वाले पार्क, अमानीगंज वार्ड के मो अमानीगंज में शिव मंदिर पार्क, अवधपुरी में ओवरहेड टैंक का पार्क, अमानीगंज वार्ड में अवधराज सिंह के मकान के सामने का पार्क। अवधपुरी में शास्त्री पार्क, अमानीगंज में रेखा श्रीवास्तव के मकान के सामने का पार्क, अमानीगंज में अवध यादव के मकान का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में कंचन जैसवाल के मकान के सामने का पार्क, अवधपुरी में श्रीवास्तव के मकान के सामने पार्क का निर्माण किया गया है। वहीं बालगंगाधर तिलक वार्ड में दिलीप सिंह के मकान के सामने का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में आलू गोदाम के सामने का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में पप्पू के मकान के सामने वाले पार्क का निर्माण कार्य हुआ है। बालगंगधर तिलक वार्ड में मकान ठङ्ग. - 1406 के सामने वाला का पार्क, अश्वनीपुरम वार्ड में मालती शुक्ला के मकान के सामने वाले का पार्क, अवधपुरी वार्ड में प्यारे लाल यादव के मकान के सामने वाले पार्क का लोकार्पण किया गया है। अश्विनी पुरम वार्ड में रामलीला मैदान के पीछे वाले पार्क, बड़ी देवकाली वार्ड में उषा लांन के पीछे वाले का पार्क, बड़ी देवीकली वार्ड में मो० शक्ति नगर में राजेश पटेल के घर के सामने वाले का पार्क अश्वनीपुरम वार्ड के मो० मनीष सिंह के मकान के सामने वाले पार्क का निर्माण हुआ है। वजीरगंज वार्ड मो सरयू विहार कॉलोनी में ट्यूबवेल वाले पार्क, महात्मा गांधी वार्ड के में लक्ष्मीपुरी कॉलोनी स्थित पार्क का सुंदरीकरण किया गया, जिसका आज लोकार्पण किया गया है।

एयरो सिटी योजना को लेकर सैकड़ों किसान ने किया विरोध प्रदर्शन

पूराबाजार-अयोध्या। एयरो सिटी योजना को लेकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। दो दिनों पहले कमिश्नर और जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में किसान और ग्रामीण अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय आ धमके। आक्रोशित किसानों ने कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन और घेराव करते हुए नारेबाजी की।हालांकि किसानों के तेवर देख सचिव सत्येंद्र सिंह ने अपने कक्ष में बुलवा कर बातचीत की। इसके बाद भी प्रभावित होने वाले किसान नहीं माने। उनका कहना है कि जब तक योजना में स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं होगा एक इंच भी भूमि नहीं देगें। किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण द्वारा गुपचुप ढंग से एयरो सिटी को लेकर पांच मार्च को शुरू कर दिया गया और सर्वे के नाम पर झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि तहसील से सूचना भी जारी करा दी गई कि कुशमाहा, ददेरा, अटरावां, बैसिंह और सरेठी भी कोई जमीन की खरीद फरोख्त न हो जबकि कोई सार्वजनिक गजट अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट ने बताया कि सचिव को ज्ञापन दिया गया।

शिक्षक, प्रधान एंव एसएमसी अध्यक्ष की संयुक्त बैठक संपन्न

जैद्पुर,बाराबंकी। गंगा देवी लाल बहादुर डिग्री कॉलेज में शिक्षक, प्रधान एंव एसएमसी अध्यक्ष की संयुक्त बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत और खण्ड शिक्षाधिकारी सिद्धौर प्रमोद कुमार उपाध्याय मौजूद रहे। बैठक मे मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक ने कहा कि शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है सरकार द्वारा अब छात्रों के खाते मे डीबीटी के माध्यम से सीधे पैसा भेजा जा रहा है। सिद्धौर ब्लाक खण्ड शिक्षाधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जनपद का पहला विद्यालय निपुण विद्यालय घोषित हुआ था। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार द्विवेदी, मोहम्मद आसिम, राजकुमार यादव, अशुतोष नाथ मिश्र, दिनेश वर्मा, अभिषेक नाग, ज्ञानेंद्र वर्मा, देवानंद विश्वकर्मा, नीलकमल श्रीवास्तव, शैल देवी पाठक, रजनी देवी, शबाना, अमिता रस्तोगी, मो0शरीफ, दिलीप कुमार, प्रधान चैरसिया, संजय वर्मा, सुशील कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

कोषागार में 25 तक प्रस्तुत करें देयक

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त अहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने देयक निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च 2024 तक कोषागार में प्रस्तुत कर दें ताकि प्रस्तुत बिलों की कोषागार कार्यालय द्वारा आवश्यक जांचोपरान्त पारण तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2024 तक भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अहरण, वितरण अधिकारी का होगा। उल्लेखनीय है कि कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से किये जा रहे है। अब कोषागार द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली की व्यवस्था भी वर्तमान में लागू है।

खाद्यान्न का निःशुल्क होगा वितरण

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 15 से 29 मार्च 2024 तक किया जायेगा।

उक्त वितरण अवधि में (ब्लाक चित्तौरा एवं विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की दो उचित दर दुकानों कमशः श्रीमती प्रेमा गांधी व सैफ उल्लाह को छोड़कर) शेष अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति राशन कार्ड पर 14 कि.ग्रा. गेहूं व 21 कि.ग्रा. चावल कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ब्लाक चित्तौरा व विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की 02 उचित दर दुकानों से सम्बद्ध अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति कार्ड 14 कि.ग्रा. गेहूं, 20 कि.ग्रा. चावल व 01 कि.ग्रा. मक्का कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को रू. 18 प्रति किलो की दर से 03 किलोग्राम चीनी का वितरण भी किया जायेगा।

डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि वितरण अवधि के दौरान पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

इंटरलाकिंग कार्यो का लोकार्पण

बाराबंकी। विकासखण्ड हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चैबीसी में चैबीसी से चक गाँव तथा ग्राम पंचायत टिकरहुआँ में बड़ी मेहदिया से पुरे बडबन तक इंटरलाकिंग कार्यों का भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लोकार्पण किया। दोनों मार्ग सांसद के प्रयास से त्वरित आर्थिक विकास योजना से शासन से स्वीकृति मिलने के उपरान्त ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा लगभग 61 लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। इस अवसर पर राम सागर मौर्य, कृष्ण कुमार सिंह, सुनील सिंह, राम देव सिंह, हनुमान द्विवेदी, रंजित महंत, गौरव सिंह, रविन्द्र सिंह, सोनू सिंह, रामानंद सिंह, नीरज वर्मा, बब्लू सिंह, सुनील रावत, अतुल रावत, राहुल बाजपेयी, पिंकू सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवम यादव, अनिल रावत, धनेद्र सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने मतदान केंद्र धरसवां व बहादुर चक का किया निरीक्षण

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाता सूची की तैयारी, मतदाता पहचान पत्र वितरण, मतदान प्रतिशत इत्यादि के साथ-साथ विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षकों छात्रों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम तथा विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला अधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा के मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने ग्राम धरसवां मतदान केन्द्र पूर्व मा. विद्यालय पहुंचकर पाया कि मतदान केन्द्र पर विवरण अंकित नहीं किया गया है इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि विकास खण्ड अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र से सम्बन्धित विवरण अंकित कराने के साथ केन्द्र के सभी कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ मानक के अनुरूप अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराये। इसके पश्चात डीएम ने बीएलओ, कोटेदार, प्रधान व अन्य सम्बन्धित के साथ मतदाता सूची का सत्यापन करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक व शिफ्टेड, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाय और अर्ह नागरिकों का नाम सूची में शामिल किया जाय। फर्म 06 भरने वाले सभी नागरिकों का डाकघर से समन्वय कर मतदाता पहचान पत्र का वितरण करायें ताकि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 के मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर ही तहसीलदार अभयराज पाण्डेय को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 का मतदान प्रतिशत मुहैया कराये। विद्यालय के शौचालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय में जलापूर्ति न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि नियमित रूप से शौचालय में जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। इसके पश्चात डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि पेयजल परियोजना को शासन के मानक व मंशानुसार पूरी क्षमता से संचालित किया जाय। इसके पश्चात उन्होनें ग्राम का भ्रमण कर गुरूबचन, गुरदीन, मुन्नी के पेयजल कनेक्शन का निरीक्षण भी किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने ज्योति, सुनीता, ममता, कुसुमा व अन्य महिलाओं से आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषाहार वितरण व अन्य शासकीय योजनाओं का फीड बैक प्राप्त किया।

निर्वाचन को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

बाराबंकी। चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। और इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में शामिल हों कि मतदान के प्रति जागरूकता मे और अधिक बढ़ोतरी हो सके। निर्वाचन बूथों पर मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। और दूर सुदूर के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान बूथों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उक्त उद्गार कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक मे मंडलायुक्त, अयोध्या गौरव दयाल ने अधिकारियो को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। मंडलायुक्त ने चुनाव प्रभारी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील बूथ आदि सबसे पहले चिन्हित एंव क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की निशानदेही करें। और अभी से सुनिश्चित करें कि मतदान तक उनके क्षेत्र में किसी भी स्तर पर शांति व्यवस्था में व्यवधान नहीं होने पाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जिलाधिकारी से लगातार समन्वय बना कर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं। चुनाव प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है, ये प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बैठक से पूर्व मंडलायुक्त श्री दयाल ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, नजारत, राजस्व अभिलेखागार, पुराने अभिलेखागार, आपदा कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ नवीन मंडी स्थल में ईवीएम तथा वीवीपैट सहित अन्य निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल, स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गांव की पगडंडी पर लाठी के सहारे जा रही बुजुर्ग महिला को देख गाड़ी से उतर पड़ी डीएम

बहराइच । विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम धरसवां में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम की पेयजल परियोजना के निरीक्षण हेतु जाते समय डीएम मोनिका रानी ने देखा की एक वृद्ध महिला लाठी के सहारे एक बच्ची के साथ खरामा-खरामा गांव की ओर जा रहीं है। यह नजारा देख कर डीम ने तत्काल अपनी गाड़ी को रूकवाया और नीचे उतर कर बुजुर्ग महिला का कुशलक्षेम जानते हुए पूछा माता जी कहां जा रही है, आपको पेंशन मिल रही है या नहीं। बुजुर्ग महिला फूलमती ने बताया कि उसे पेंशन मिल रही है और वह नातिन के साथ घर जा रही है। डीम ने कहा कि माता जी चलिए मैं अपनी गाड़ी से आपको घर छोड़ दूं। यह बात सुनकर वह एक बेटी, बहन, पत्नी, माता, नानी, दादी के किरदार में रंग भरते हुए बेशक कमर तो झुक गई है लेकिन हौसला आज भी चट्टान की तरह अडिग है, मुस्कुराते हुए डीएम को ढेरों दुआएं दी और विनम्रता के साथ कहा कि बेटी में पैदल ही अवने घर चली जाऊंगी। चलते चलते डीएम ने वृद्ध महिला से लोकसभा के निर्वाचन में मतदान अवश्य करियेगा।

● डीएम की मानवीय संवेदना देखकर हैरान हुए ग्रामवासी

सपा कार्यालय पर मनाई गई मान्यवर काशीराम जयंती

अयोध्या । समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की जंयती मनाई गई।। महानगर कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की जंयती मनाई गयी, जयंती के मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि कांशीराम भारतीय राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में एक चमकता हुआ सितारा थे। उन्होंने दलित राजनीति में एक विशिष्ठ स्थान बनाया. वे अपनी राजनीति से ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि कांशीराम ने सादगी अपनाते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. उन्होंने खुद को अपने परिवार से पूरी तरह से अलग कर दिया था।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं. : 1698/EE-1/नि. दिनांक : 15.03.2024

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दिनांक 22.03.2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफण्डेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविद शुल्क	धरोहर धनराशि	कार्य अवधि
1.	जोन-1 अन्तर्गत सरोजनी नायडू मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी के अन्दर से गुजर रही ''24'' डाया की सी.आई पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य।	रु. 250.00/-	रु. 4700/-	15 दिवस

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग
नगर निगम, लखनऊ

एक दिवसीय स्काउट गाइड उत्सव का आयोजन

बाराबंकी। स्थानीय कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन प्रांगण में एक दिवसीय स्काउट गाइड उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव का मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नगर सुषमा सेंगर ने देवी मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री ने खंड शिक्षा अधिकारी को स्कार्फ लगाया। इसके पश्चात बच्चों ने स्काउट प्रार्थना झंडा गीत नियम प्रतिज्ञा स्वीप कार्यक्रम मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया गया साथ ही साथ सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की भी विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर बेस्ट कैडेट का भी चयन किया गया। इस अवसर पर पद्मजा त्रिपाठी, जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी, जेब मोहसिन, हिना शरफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड को सम्मानित किया।

आचार्य परमहंस ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ खोला मोर्चा

अयोध्या। आचार्य पीठ तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी परमहंस आचार्य ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रस्ट अयोध्या में रोहिंग्या, जेहादी मुसलमानों को जमीनें बेंच रहा है। इससे अयोध्या में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है। शुक्रवार को स्वामी परमहंसाचार्य ने अपने अयोध्याधाम स्थित तपस्वी छावनी आश्रम रामघाट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने अयोध्या में धर्म के नाम पर संतों से जमीनें लिया था। लेकिन वह उसका अनुपालन ठीक से नही कर रहा है। विद्यापीठ ट्रस्ट रोहिंग्या, जेहादी मुसलमानों को अयोध्या में जमीनें बेंच रहा है। यह राष्ट्र विरोधियों, पत्थरबाजों और देश जलाने वाले इन जेहादियों को अयोध्या में बड़े पैमाने पर बसाने की तैयारी है। हमारी शासन-प्रशासन से मांग है कि इस मामले की जांच की जाए। क्योंकि यह बहुत ही गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मुझे इसका सबूत मिला एवं पता चला। वैसे ही मैंने इसके खिलाफ तुरंत आवाज उठाई। आगे भी इस पर सख्त कदम उठाऊंगा। क्योंकि अयोध्या में किसी भी तरीके से अशांति का माहौल नही पैदा होने दिया जायेगा। पैसे की लालच में महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट तगड़ा फंडिंग लेकर जिस तरह से संतों की जमीनें जेहादी मुसलमानों को बेंच रहा है। वह अयोध्या में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश हो रही है। इस पर सबको चौकन्ना होने की जरूरत है। अगर शासन-प्रशासन इसे नजर अंदाज करेगा। तो आने वाले समय में अयोध्या में शांति का माहौल नही रह जायेगा। इसलिए हमने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट द्वारा बेंची गई जमीनों का सबूत निकाला। जो जेहादी मुसलमानों को बेंची जा रहा है। इस पर मैं आगे भी चुप नही बैठूंगा। जिन लोगों ने महर्षि को जमीनें धर्म के नाम पर कौड़ियों के भाव दिया है। उन सबकी जमीनें वापस होनी चाहिए। उसमें जो पैसा महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने लोगों को दिया है। हम वह पैसा ट्रस्ट को वापस करेंगे। वह जमीनें जिसकी हैं महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट उसे तत्काल वापस करे।

● ट्रस्ट रोहिंग्या, जेहादी मुसलमानों को बेंच रहा है जमीनें

सत्संगति सबसे उत्तमःराधेश जी

अयोध्या। तृतीय दिवस की भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे भागवताचार्य आचार्य राधेश शास्त्री जी ने कहा की धन से सुख नहीं मिलता।

सुख मिलता है अच्छे संस्कारों से, संयम से और सदाचार से। धर्म से धन कभी भी श्रेष्ठ नहीं हो सकता। बालक माता के दोष के कारण चरित्रहीन, पिता के दोष के कारण मूर्ख, वंश के दोष के कारण कायर और स्वयं के दोष के कारण दरिद्र होता है। उक्त बातें ग्राम पंचायत बेरासपुर कूड़ी गांव स्थित बंजरिया माता मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा में आचार्य राधेश जी ने कही।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पंत्राकः 1012/न.पा.परि.रा./पी.डब्लू.(ईओ)-ई-टेन्डरिंग/15वॉ वित्त/2023-24 दिनांकः 15-3-2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

वंदन योजनान्तर्गत पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से निविदायें दिनांक : 15.03.2024 से दिनांक : 15.04.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक : 15-04-2024 समय 12:00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जी०एस०टी० शासन के निदेर्शानुसार मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.e-tender.up.nic.in पर एवं कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)

क्र. सं.	नगरपालिका परिषद रायबरेली।	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1-	Tender Release	Tender upload	14-03-2024, 11.00AM	
2-		Tender Download	15-03-2024, 11.00AM	15-04-2024, 11.00AM
3-		Bid Submission	15-03-2024, 11.00AM	15-04-2024, 11.00AM
4-	Bid Opening		15-04-2024, 12.00PM	

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

(शत्रोहन लाल सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

संक्षेप

हत्या आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील क्षेत्र के मीर मीरानपुर उर्फ अल्हौरा गांव में 3 दिसंबर को एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर मौत हो गई थी मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह ने डलमऊ कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया जिसमें उसने दरसाया की मृतक भाई सत्येंद्र प्रताप सिंह की गला दबाकर हत्या की गई है मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी नीतू सिंह व उसके चचेरे भाई विपिन सिंह पुत्र राम लखन सिंह से अवैध संबंध थे जिसको लेकर दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या की है पुलिस ने गहनता से छानबीन करने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतक की पत्नी नीतू सिंह व मृतक के चचेरे भाई राम लखन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

डीएम ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

महराजगंज, रायबरेली। डीएम ने संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पोलिंग बूथ, का भ्रमण कर सामान्य सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप जायजा लिया। वहीं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार अग्रवाल के साथ महराजगंज रायबरेली रोड स्थित सोथी और थुलवासा गांव पहुंची जहां पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सोथी बूथ संख्या 327 का निरीक्षण किया ,इस दौरान जरूरी दिशा निर्देश भी दिए ,वहीं प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री न होने के कारण तत्काल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता, कानूनगो चन्द्र कुमार दीक्षित ,राजस्व लेखपाल मौजूद रहे।

ऋषभ को दोबारा चुना गया भाजपा मण्डल अध्यक्ष

डलमऊ, रायबरेली। अपनी मेहनत और लगन के चलते समाज में एक नया मुकाम हासिल करने वाले ऋषभ मिश्रा को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विश्वास जताते हुए दोबारा भारतीय जनता युवा मोर्चा का मंडल मनोनीत किया है। डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले के रहने वाले ऋषभ मिश्रा कम उम्र से ही समाज की सेवा कर रहे हैं। उनकी समाज सेवा ही उन्हें आगे बढ़ा रही है। आपको बता दे कि अपनी सक्रिय राजनीति के चलते ऋषभ मिश्रा समाज में एक अहम मुकाम बना रखा है ऋषभ मिश्रा के मंडल अध्यक्ष दोबारा बनने पर कस्बे के लोगों ने एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया है। ऋषभ मिश्रा ने कहाराजनीति करने का मुख्य उद्देश्य गरीब शोषित असहाय लोगों को न्याय दिलाना है। राजनीति करने की प्रेरणा हमने अपने पिताजी से सीखी है, व राजनीति का कर्णधार पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा को मनते हैं।

कांग्रेस ने आयोजित की किसान चौपाल

रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान चौपाल कार्यक्रम लालगंज, खीरो, शिवगढ़, अमावां व राही ब्लॉक में आयोजित किये गये। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी के कारण अन्नदाता आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, बिचैलिए के कारण किसान को उसकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जननायक राहुल गांधी जी किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए गारन्टी दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि सभी चौपाल में बड़ी संख्या में किसानों ने उपस्थित रहकर कांग्रेस नेताओं के विचार सुने और भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया। मुख्य वक्ताओं में विजयशंकर अग्निहोत्री, पद्मधर सिंह, वीरेन्द्र यादव, षिवानंद मौर्या, सतगुरूदेव लोधी ने चौपाल को सम्बोधित किया। इस अवसर पर आरके सिंह, घनश्याम शुक्ला, मो. अशरफ खान, कामता प्रसाद गौड़, प्रियंका रावत, कामता नाथ सिंह, गौरव मिश्रा, रमाकांत सिंह, जियालाल पाल, विनोद गुप्ता, मातादीन यादव, साहबदीन, राजेन्द्र मौर्या, आषीष द्विवेदी, अतुल शर्मा, महेष यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

सूचना

मैंने अपने पुत्र स्पर्श मिश्रा के डॉन बास्को स्कूल मे एडमिशन के लिए इंटरनेट द्वारा फार्म भरा था जिसमे माता का नाम त्रुटि वश sadhna mishra हो गया है जबकि सही नाम sadhana mishra है। **साधना मिश्रा पत्नी नितेश मिश्रा निवासी काशीनगर लखीमपुर खीरी।**

राज्य मंत्री ने सांसद को अंग्रेज व महारानी जैसे शब्दों से नवाजा

- पंचायत सम्मेलन में सैकड़ो विभिन्न दलों के नेताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

ऊँचाहार, रायबरेली। लोकसभा चुनाव का आगाज होते होते नेताओं के जुबान में तल्खी आती जा रही है । शुक्रवार को पंचायत सम्मेलन में प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश सिंह ने जिले की सांसद सोनिया गांधी को अंग्रेज और महारानी जैसे शब्दों से नवाजा और पूरे गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा ।

उन्होंने ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महारानी रायबरेली से लगातार सांसद रही किन्तु दिल्ली की संसद में उन्होंने कभी रायबरेली के लोगों को दर्द नहीं रखा , केवल बैठी रही। उन्होंने कहा कि ये अंग्रेज आपका नहीं , केवल अपना हित देखते है। मैं चुनाव हारने के बावजूद लगातार रायबरेली की सेवा में लगा हूं , अभी हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को बुलाकर जनपद में 4100 करोड़ रुपए की सड़कों की सौगात सौंपी है , जबकि अमेठी से चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी वायनाड चले गए । मंत्री ने कहा कि मैं मरने के बाद भी इसी रायबरेली की मिट्टी में दफन हो जाऊंगा जबकि सोनिया गांधी को केवल रायबरेली से हारने का एहसास हुआ तो वह राजस्थान भाग गई। कार्यक्रम में विभिन्न पार्टियों के कई नेता भाजपा में शामिल हुए । जिसमें प्रधान संघ के अध्यक्ष धनराज यादव , आईमां जहनिया प्रधान मनीष गौतम , हटवा प्रधान राजू यादव आदि शामिल थे ।

डबल इंजन की सरकार में विकास को मिली गति

सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के पूर्व सदस्य राजा जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पूरे जिले का विकास हो रहा है , इस विकास के रथ की बागडोर जिले के मंत्री दिनेश सिंह संभाले हुए है । सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी , जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी , प्रधान अनुज उपाध्याय , पूर्व प्रधान चुन्नू सिंह ने भी संबोधित किया । इस मौके पर प्रधान देशराज साई , विक्रम मौर्य , प्रधान दिलीप तिवारी , प्रधान प्रतिनिधि विजय शुक्ल बाबा , प्रधान सुधीर गुप्ता , कनक बिहारी सिंह , भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह , आकाश यादव , सुरेश पटेल , अजय मौर्य , आनंद तिवारी , जगन्नाथ मौर्य, छोटेलाल सरोज , पुत्तीलाल मौर्य , राम कृपाल पासी , राज कुमार मौर्य , शेखर वर्मा , राजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे ।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज सलेथू का वार्षिक प्रगति पत्र वितरित

महराजगंज, रायबरेली। शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज सलेथू में वार्षिक प्रगति- पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक (लखनऊ खंड)उमेश द्विवेदी,जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, एसडीएम रजित राम गुप्ता ,वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, कार्यालय प्रमुख जिला विद्यालय निरक्षक जयेंदु मिश्रा एवं विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ० शशिकांत शर्मा, संयुक्त प्रबंधिका डॉ० रश्मि शर्मा, तारकेश्वर सिंह,त्रिपुला ब्रांच के प्रधानाचार्य एसएल प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य एनएससीएचई शिव ओम श्रीवास्तव, सलेथू ब्रांच के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप प्रधानाचार्या- रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्यों व अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम की श्रंखला में सर्वप्रथम सेजल, प्रज्ञा, संध्या, गरिमा, पंखुड़ी,अंशिका भारती ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।इसी कड़ी में प्राइमरी विंग टॉपर -उत्कर्ष सिंह, जूनियर विंग टॉपर -राजवीर सिंह, सीनियर विंग टॉपर- पलक मौर्या की घोषणा की गई जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एसओएफ सेकंड लेवल क्वालीफायर छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा द्वारा स्कूल टॉपर- राजवीर सिंह की घोषणा की गई तथा उसे सम्मानित किया गया, साथ ही 2023 बोर्ड परीक्षा के हाई स्कूल टॉपर रितिका पटेल व इण्टर टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित किया गया।इसी दौरान सत्र 2023-24 में एक भी दिन अनुपस्थित न रहने वालों छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा जी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम इन छोटे बच्चों की प्रस्तुति को सराहा और कहा कि अभिभावकों के सहयोग व छात्र-छात्राओं के परिश्रम और विद्यालय के सामूहिक प्रयास के प्रतिफल स्वरूप इन बच्चों की प्रस्तुति इतनी शानदार हो सकी।उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में समान प्रतिभा होती है और बच्चों की प्रतिभा को परखना ही एक शिक्षक का कार्य होता है। संस्थापक म्ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम विगत वर्षो से उत्कृष्ट रहा है, आज हमारे बच्चे बोर्ड परीक्षाओं की वरीयता सूची में अपना नाम दर्ज कराने में सफल होते रहे हैं।

बारात घर के निर्माण में खामी उजागर

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर वार्ड में बन रहे बारात घर में फिर से खामी उजागर हुई। पीली ईंट लगाने पर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। ईओ की जांच में खामी मिलने पर दीवार निर्माण में लगाई गई पीली ईंट को ढहा दिया गया और निर्माण कंपनी को चेतावनी दी गई कि अगर मानक के विपरीत कार्य होता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में भी मानक के अनुरूप कार्य न होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष के एक्शन पर निर्माण कार्य ढहा दिया गया था। लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के विवेक नगर वार्ड में बारात घर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें समाजसेवी मनोज शर्मा तथा शिव शंकर उपाध्याय उर्फ साधु ने अधिशासी अधिकारी अमित सिंह से शिकायत किया कि निर्माण कार्य में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी की जांच में निर्माण कार्य में खामी पाई गई और दीवार में लगाई गई ईंट को निकलवा दिया गया और नगर पंचायत की तरफ से निर्माण कार्य की देखरेख के लिए यहां पर तैनात जेई को लगा दिया गया। पूर्व में भी हुई शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने एक्शन लिया था और पीएम के आदेश पर मानक के विपरीत हुए निर्माण कार्य को ढहा दिया गया था। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि मानक के विपरीत कत्तई कार्य नहीं होने दिया जाएगा और अगर ऐसा होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

एनसीसी कैडेट राहुल का अग्निवीर में हुआ चयन

सुलतानपुर। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र राहुल यादव सुत शिव कुमार यादव निवासी खान जहान का पुरवा, घटकौर मई का चयन अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) पद पर हो गया है। राहुल महाविद्यालय में एनसीसी द्वितीय वर्ष के कुशल समर्पित कैडेट है। अग्निवीर की यह वैकेंसी- 2023 की थी। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद कॉलेज के शिक्षकों और एनसीसी प्रशिक्षकों को दिया। प्राचार्य प्रो डीके त्रिपाठी ने कहा राहुल की सफलता से कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा हेतु प्रोत्साहन मिलेगा। एनसीसी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि राहुल बहुत मेहनती कैडेट था। महाविद्यालय के अधयक्ष संजय सिंह एडवोकेट, प्रबंधक बालचंद्र सिंह एडवोकेट, प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य एवं चीफ प्राक्टर प्रो एम पी सिंह, उप प्राचार्य प्रो निशा सिंह, आईक्यूएसी निदेशक डॉ इंद्रमणि कुमार, डॉ. धीरेन्द्र कुमार, ने राहुल को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.–1, ई–प्रापण निविदा संख्या: उप मु0इं0–नि0–गोंडा–01–2024(सिंगल पैकेट सिस्टम) क्लोजिंग दिनांक 08.04.2024, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा–बुढवल तीसरी रनिंग लाइन परियोजना के अन्तर्गत सेकेन्ड हैन्ड/नई रेल (90आर/52केजी/60केजी/80केजी/60ई1 (आर260/90 यूटीएस/72 यूटीएस) एल0डब्लू0आर0/एस0डब्ल0आर0 रेल पैनलों के जोड़ों को आई0आर0एस0 स्पेसिफिकेशन (लेटेस्ट एमेन्डमेंट) के अनुसार रेलों के पेयरिंग एवं वेल्डिंग की मेकेनिकल विधि से कम्प्लीट सफाई के साथ एस0के0वी0 प्रासेस से सेस/इन–सीटू पर एल्यूमिनों रेल थर्मिट वेल्डिंग का कार्य। पोसन एवं मोल्ड की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जायेगी। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 34,06,130.00 **बयाना राशि (रू.):** ₹ 68,100.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू) : 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 (नौ) माह।

बिड प्रारम्भ करने की तिथि:–दिनांक 25.03.2024, उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि:– दिनांक 08.04.2024, 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि:– दिनांक 08.04.2024, 15.30 बजे।

निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री सुनील कुमार सिंह कार्यपालक इंजी0/नि0/गोंडा 9794844284

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोंडा

मुजाधि/डब्लू–583

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

मुठभेड़ में दो बदमाश घायल एक सिपाही को भी लगी गोली

- सभी को घायल अवस्था में जयसिंहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। जिले के एक पेट्रोल पंप पर लूटपाट करने वाले दो आरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है जबकि बदमाशों द्वारा गोली चलाए जाने से एक सिपाही भी जख्मी हुआ है। सभी को घायल अवस्था में जयसिंहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है जहां उनका उपचार हो रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात लम्भुआ कोतवाली पुलिस ने जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया। मोटरसाइकिल सवार पुलिस पर गोली चलाते हुए आगे निकल गए। इसकी सूचना पुलिस ने जयसिंहपुर व मोतिगरपुर पुलिस को दी। दोनों थानों के पुलिस बल ने मियागंज पुलिया के पास इनकी घेराबंदी की और जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वे नहर के रास्ते भागने का प्रयास करने लगे और आगे जाकर मोटरसाइकिल से गिर गए। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस दल पर गोली चलायी जिसमें सिपाही अवनीश कुमार को गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

गिरफ्तार बदमाशों की पहचान धीरज उपाध्याय और शेर अली उर्फ शेरू के रूप में की गयी है। वे करौंदीकला थाना क्षेत्र के निवासी हैं। सलाम ने बताया कि दोनों बदमाशों ने बीती 28 फरवरी को जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप से 2.14 लाख रुपये लूटे थे।

प्रधानों के सहयोग से चमक रहे परिषदीय विद्यालय

- संगोष्ठी में बेहतर काम करने वाले ग्राम प्रधान और सचिवों को किया गया सम्मानित

रायबरेली। प्रधान, शिक्षक, ग्राम सचिव और एमएमसी के बीच में बेहतर तालमेल बनाने के लिए शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीडीओ गौरी राठौर रही। संगोष्ठी में बेहतर काम करने वाले प्रधान और सचिव का सम्मान किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित संगोष्ठी में बीइओ बृजलाल ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प का बेहतर काम करने वाले ग्राम प्रधान बेला भेला, भांव, एकौना, मधुपुरी, कोडर जहानपुर, कनौली, तंबरपुर, सराय दामों, सराय मुगला, विनोहरा, सेमरा, परौरा के प्रधानों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों उत्कृष्ट कार्य कराने वाले ग्राम पंचायत अधिकारियों क्रमशः हंसराज सिंह, अविनाश सोनकर, पूर्णिमा सिंह, रणविजय सिंह, विजय प्रकाश भारती, सुधीर कुमार आदि को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानों के सहयोग आज राही ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय चमक रहे हैं। खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने कहा कि सरकार की तरफ से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों को चमाने के प्रयास में हम लोगों की तरफ से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 पैरामीटर को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में बेहतर तरीके से बच्चों को पढ़ाएं, सरकार की तरफ से उनको सभी सुविधाएं दी जा रही है। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर उप्रावि रामगंज, प्रावि पूरे जमुनिहा, प्रावि तंबरपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और नाटक प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एआरपी अजय सोनकर, डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव, राजेश कुमार मिश्रा, प्रमेश शर्मा, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष दिलीप पाल, शिक्षक अजय सिंह, गजेन्द्र सिंह, दिलीप गुप्ता, दीप कुमार वर्मा, नागेन्द्र यादव, आशीष कुमार साहू, मीनाक्षी तिवारी, प्रीति वर्मा, संगीता अग्रहरि, बृजेश मौर्य, अभिषेक, अमित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद–सीतापुर

पत्रांकः–160/टी.सी.–04/2023–24 दिनांक : 14.03.2024

ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना परियोजना 16 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 14/03/2024 समय पूर्वान्ह 11बजे से	दिनांक 04/04/2024 समय अपरान्ह 05बजे तक	दिनांक 05/04/2024 समय पूर्वान्ह 11बजे तक

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender. up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

युवा खिलाड़ियों का कैरियर मार्गदर्शन बौद्धिक व सामाजिक विकास ही उद्देश्य : शीतला सहाय

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। स्वर्गीय ईश्वर चन्द्र मिश्र की स्मृति में विगत सात वर्षो से बाबा पुजारी धाम ग्राम रायपुर सरतेजपुर, सुल्तानपुर में लम्बी कूद और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष 14 मार्च को होता आ रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 मार्च को मेले एवं खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें जूनियर 10 वर्ष की लम्बी कूद में संजय, युवराज व पुनीत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर 15 वर्ष की लम्बी कूद में आदर्श, राज वर्मा व सत्यम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर लम्बी कूद में अंकित, रवि किशन व प्रिंस वर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर दौड़ मे रूपेश, अंकित व विवेक ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को नकद सम्मान राशि, मेडल, पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं हिंदू वाहिनी संघ पदाधिकारी शीतला सहाय मिश्र ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में होने के बाद भी युवाओं में प्रतिभा की कमी नही हैं। यदि ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति सही मार्गदर्शन मिले तो उनका भी भविष्य संवर जाएगा, जिससें खिलाड़ी अपने कैरियर के प्रति जागरूक हो और उनकामानसिक व सामाजिक विकास हो सके। स्पेक्ट्रम ग्रुप के एच आर मैनेजर अनूप कुमार मिश्र ने खिलाड़ियों को पुरस्कार भेंटकर उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अवधेश सिंह संजय मिश्र मुन्ना मिश्रा, हरिदत्त तिवारी, रघुवंश मिश्रा, बब्बन तिवारी त्रिलोकी नाथ मिश्रा,विनोद मिश्रा कक्कू, देवी प्रसाद मिश्रा, हरि सहाय मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, आशीष मिश्रा, शैलेष मिश्रा, अनुपम मिश्रा एवं सन्तोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में सेना के जवान की गयी जान, मचा कोहराम

सुलतानपुर (वीओएल)। बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गुमटी के पास बाइक सवार फौजी को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकत्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए कार्यवाही शुरू की। शुक्रवार को लखनऊ वाराणसी हाईवे पर बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर मोड़ के पास अमहट की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक सवार फौजी धीरेंद्र कुमार गुप्ता (29) पुत्र संगमलाल गुप्ता निवासी हसनपुर को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहा चिकत्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवक पखवारे भर पहले अवकाश पर गांव आया था। उसकी बहन की शादी 02 मार्च को थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए कार्यवाही की। मृतक युवक दो भाईयों रवि कुमार व राहुल कुमार से बड़ा था। दोनो छोटे भाई भी सेना में जवान है। मृतक के पिता सेना से रिटायर्ड है। मां उमा देवी व पत्नी बबिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की डेढ़ वर्षीय बालिका शानवी है। मृतक की पत्नी दूबेपुर विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय पूरे जिल्ला में सहायक अध्यापिका है। प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ड्राइवर व कार को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के शव का पंचनामा नगर कोतवाली पुलिस द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद–सीतापुर

पत्रांकः–163/टी.सी.–04/2023–24 दिनांक : 14.03.2024

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में **''स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय 2.0 अन्तर्गत आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय''** परियोजना 02 की अतिअल्पकालीन ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 14/03/2024 समय पूर्वान्ह 11बजे से	दिनांक 19/03/2024 समय अपरान्ह 05बजे तक	दिनांक 20/03/2024 समय पूर्वान्ह 11बजे तक

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender. up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

नगर पंचायत अध्यक्ष ने सड़क निर्माण का किया शुभारम्भ

डलमऊ ,रायबरेली। नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ अपने पद से नहीं अपने कार्यों से जाने जाते हैं श्री गौड़ के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत 17 सड़कों के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया है। शुक्रवार को श्री गौड ने मोहल्ला टिकैतगंज में मदन निषाद के घर से संकट मोचन मंदिर तक सीसी रोड, लालजी माली के घर से रानी शिवाला मंदिर तक सीसी रोड, शेखवाडा में मेन रोड से खुर्शीद होटल तक सीसी रोड,कृष्ण नगर में मेन रोड से नीरज यादव के मकान तक, राम नारायण के घर से यादव जी के मकान तक सीसी रोड,चैरासी में मेन रोड से चैगलिया तक सीसी रोड सहित अन्य सड़कों का शुभारंभ कर कस्बे के लोगों को सौगात दी। इस दौरान श्री गौड़ ने कहा कि नगर के सर्वांगीण एवं चैमुखी विकास के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ रहा डाक विभाग

- पोस्टमास्टर जनरल ने डाक सेवाओं की प्रगति का लिया जायजा, लक्ष्यों की प्राप्ति पर दिया जोर

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। बदलते परिवेश में वित्तीय समावेशन, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। देश के हर कोने में, हर दरवाजे पर डाक विभाग की पहुँच है और वह लोगों के सुख-दुःख में बराबर रूप से जुड़ा हुआ है। उक्त उद्गार वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 15 मार्च को कूरेभार डाकघर के विजिट के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से लोगों के प्रति अच्छे व्यवहार और विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। डाक अधीक्षक एमएम हुसैन ने पोस्टमास्टर जनरल का स्वागत करते हुए सुलतानपुर में डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाक विभाग पत्र-पार्सल के साथ-साथ बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक निर्यात केंद्र जैसे तमाम जनोन्मुखी कार्य कर रहा है। आईपीपीबी के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। डाकिया चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहा है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में व्यापक अभियान चलाकर विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा रहा है। पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं तथा निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं।

इस मौके पर अधीक्षक डाकघर एमएम हुसैन, शाखा प्रबंधक इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अमित कुमार सिंह, पंकज तिवारी, सहायक अधीक्षक ज्ञानेंद्र

संक्षेप

ढाई साल से दे रहा है प्रार्थना पत्र नहीं हो रही सुनवाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। तहसील के एक वकील ने कमिश्नर के सामने डीएम, सीडीओ समेत तमाम अधिकारियों की कारगुजारी की शिकायत की। जिस पर वहां मौजूद सभी अधिकारी बगलें झांकने लगे। कमिश्नर ने जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया है। मामला ग्राम पंचायत भुड़वारा का है। जहां पंचायत मित्र की संविदा समाप्त होने के बाद भी उसे कार्य मुक्त नहीं किया गया। जिसे लेकर वकील मोहम्मद रुफी नईम आदम ने उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी, पर हुआ कुछ नहीं। वकील मोहम्मद रुफी नईम आदम का कहना है कि उन्होंने 17 नवंबर 2022 से लगातार अधिकारियों से शिकायत की, कि भुड़वारा के पंचायत मित्र की संविदा समाप्त हो चुकी है। उसे कार्य मुक्त नहीं किया जा रहा है। वकील ने मांग की थी कि पंचायत मित्र अमीनुद्दीन मंसूरी और उनके परिवार को दंड से बचने के आशय से गलत आख्या प्रेषित की गई। उन्होंने मनरेगा उपयुक्त, वीडियो शिखर श्रीवास्तव, तत्कालीन वीडियो प्रदीप चौधरी, वीडियो ऋषिकांत अहिरवार, तत्कालीन पंचायत सेक्रेटरी कृष्णा देवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 15 मार्च जब कमिश्नर रोशन जैकप जब लखीमपुर पहुंची तो वकील ने सारा चिट्ठा उनके सामने रख दिया। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर कार्रवाई करें।

ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत

हरदोई। तेज होती रफ्तार हर दिन किसी न किसी की ज़िंदगी को निगलती जा रही है। गुरुवार की देर रात हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर ट्रक ने एक कार में सामने से टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार युवक की मौत हो गई। इस बीच ड्राइवर ट्रक को वहीं पर छोड़ कर भाग गया। ताजा मामले में गुरुवार की देर रात में हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर गुलामऊ पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी, जिसमें कार सवार 35 वर्षीय रामलोटन उर्फ अजय पुत्र रामदीन निवासी अटवा असिगांव बुरी तरह से जख्मी हो गया, इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ बढ़ती देख ड्राइवर ट्रक को वहीं छोड़ कर भाग गया। बुरी तरह जख्मी हुए रामलोटन उर्फ अजय को पुलिस ने मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। वह गुरुवार की सुबह किसी काम से शहर आया हुआ था और देर रात को वापस लौट रहा था, उसी बीच वह हादसे का शिकार हो गया। एसएचओ कोतवाली देहात अनिल सैनी ने बताया कि ट्रक पुलिस के कब्जे में है। हादसे की जांच शुरू कर दी है।

मतदान करने अवश्य जायें

हरदोई। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद की महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन स्थानीय आईटीआई परिसर में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं जनपद में मतदाता जागरूकता की अलख जगाएं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या में प्रदेश में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। इसलिए महिलाओ की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। लोगों के बीच जाकर बतायें कि मतदान हमारी लोकतान्त्रिक जिम्मेदारी है। लगभग 20 हजार स्वयं सहायता समूह मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण जिमेदारी निभा सकते हैं।

जनशिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता: कमिश्नर

लखीमपुर खीरी। जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है, शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट सभागार में शिकायतों की सुनवाई की। कमिश्नर द्वारा सुनवाई की सूचना पाकर शिकायतकताओं का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह 11 बजे से शिकायतों की सुनवाई और उनका निस्तारण शाम चार बजे तक चलाता रहा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 223 शिकायतें सुनी गईं, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के कैंप लगवाएं। प्राप्त मामलों का गंभीरता से निस्तारण कराए। सुनवाई के दौरान फरियादी ने अवगत कराया कि अपर उपजिलाधिकारी न्यायालय पर बटवारा वाद विचाराधीन है, जिसमे लेखपाल पुष्पलता द्वारा कुर्रा बटवारा की आख्या नहीं भेजी जा रही। आख्या न भेजने को कमिश्नर ने गंभीरता से लेकर लेखपाल पुष्पलता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने बताया कि, जनशिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। शिकायतकताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े। इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है। रोस्टर के मुताबिक वो जनशिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां पहुंची हैं। कहा उनकी कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो। अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए हर अधिकारी को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आईं। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आईं। निर्देश दिए गए इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए।

बैंक पर सात हजार रुपये गायब करने का आरोप निकला गलत

पलियाकलां-खीरी। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक लखीमपुर एसबीआई के प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता गुरूपेज सिंह पुत्र हीरा सिंह द्वारा की गयी शिकायत निराधार है। उन्होंने बताया की शाखा के विरूद्ध जान बूझकर यह आरोप लगाया गया है जिससे बैंक कि छवि व शाखा स्टाफ की छवि खराब कर वह स्टाफ से अनुचित ढंग से धन उगाही कर सके। शाखा में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से यह पता चला कि कस्टमर अपना 7000 जान बूझकर काउन्टर के बाहर गिरा देता है तथा उसको यह पता नहीं था कि शाखा में, हर कोने पर सीसीटीवी कैमरा लगा है और उसकी नियत स्टाफ पर आरोप लगाकर अनुचित ढंग से धन की उगाही करना है। सीसीटीवी कैमरा के आधार पर कैश कांउन्टर के बाहर गिरे रूपए 7000 दूसरे कस्टमर द्वारा उठाया जाता देखा गया तथा सीसीटीवी में उसकी पहचान करके उससे लिखित व रूपए वापस कराया गया है। वापस 7000 शाखा में सील बंद लिफाफे में जमा करा कर इस घटना की जांच अधिकारी द्वारा करायी गयी है। शिकायतकर्ता को बार-बार अवगत कराने पर कि शाखा को 7000 रूपए प्राप्त हुए है वह उसका क्लेम करके प्राप्त कर सकता है। उसके द्वारा प्राप्त करने के बजाय स्टाफ व बैंक पर आरोप लगा रहा है कि बैंक स्टाफ कर्मचारियों ने हमारा धन गायब कर दिया है। इससे यह प्रतीत होता है कि शिकायत कर्ता स्टाफ से धन उगाही करना चाहता है। शाखा को यह लगता है कि इस तरह का इस क्षेत्र में अनुचित धन उगाही के लिए गैंग सक्रिय है अतः इस तरह के आरोपियो की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही करें। यह जानकारी शाखा भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक पलिया कलां खीरी ने दी।

स्वंयसेवकों ने मिट्टी डालकर किया श्रमदान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाये जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने कृषि फार्म के मुख्य मार्ग पर मिट्टी डालकर श्रमदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ रविंद्रनाथ वर्मा ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को बताया कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन हमारे जीवन में काफी अहम रोल अदा करते है गिरते भूजल पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हमें भूजल को बचाने के लिए पौधारोपण एवं जल संचयन का पिट वर्षा से पहले को तैयार कर लेना चाहिए। उन्होंने मच्छर एवं जल जनित रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बच्चों से फेस टू फेस कार्यक्रम में प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, मनीषा भारती, सत्यवती, स्वयंसेवक भारद्वाज स्वयंसेविका प्रिया यादव आदि मौजूद रहे।

शांतिपूर्ण ढंग से मनायें त्यौहार: सीओ

संडीला (हरदोई)। त्यौहारों के मद्देनजर कोतवाली में आयोजित शांति कमेटी की अध्यक्षता करते हुए पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा कुमारी ने कहा कि त्यौहार प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए ही होते हैं और इसी भावना के साथ इन्हें मनाया जाना चाहिए।

शांति कमेटी की बैठक का आयोजन आगामी होली, अलविदा और ईद को लेकर किया गया था, जिसकी अध्यक्षता सीओ शिल्पा कुमारी ने की। इसमें बोलते हुए प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह ने कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है और हम अपने दयित्व को निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि बिना जनसहयोग प्रशासन पूरी तौर पर सफल नहीं हो सकता इसलिए सभी को पुलिस और प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। यदि कहीं किसी प्रकार का कोई विवाह उत्पन्न होता है या कोई ऐसी घटना घटित होती है जिसके फैलने की संभावना हो सकती है, तो ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को दी जानी चाहिए क्योंकि छोटी छोटी घटनाएं कालांतर में बड़ी घटनाओं का कारण बनती हैं। उन्होंनें लोगों से यह अपील भी की कि सोशल मीडिया पर कडी नजर रखें और यदि कोई व्यक्ति किसी धर्म या संप्रदाय के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पड़ी करता है तो इसकी सूचना पुलिस को तत्काल दी जाए। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक सभासद ने नगर में फुटपाथ पर त्यौहारों के दौरान छोटा मोटा कारोबार करने वालों का प्रकरण उठाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा त्यौहार तक उन्हें अतिक्रमण के नाम पर न हटाया जाए। पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री ने नगर और आसपास के होलिका दहन स्थलों के चिह्नीकरण, नगर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुधारने और नगर में अनियंत्रित ढंग से वाहनों के प्रवेश का मामला उठाया।

हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल के बच्चों ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम को लेकर बेहतर प्रस्तुतियां दी जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा पर ऑगनवाडी केन्द्र और विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम को लेकर मनमोहन कार्यक्रम किए। कार्यक्रम पेश करने वाले कक्षा 1 से 3 तक के निपुण एवं ऑगनवाडी के बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

मंच का संचालन एआरपी अरविन्द कुमार ने किया। एआरपी विमल कुमार मिश्रा द्वारा निपुण भारत एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया। एआरपी पिंकु बंसल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा निति पर चर्चा की गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी कुम्भी श्रीराम ने कहा कि छात्रो में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो रहा है, यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि विमल वर्मा द्वारा कहा गया उप्र सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए कटिबद्ध है। राम गुलाम पाण्डेय सेवानिवृत्ति शिक्षक द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर चर्चा की गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी कुम्भी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी योजनाओं विस्तृत अवगत कराया गया। अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में शिक्षक प्रेम प्रकाश, दिलीप कुमार, सचिन मिश्रा, हरिकेश बहादुर, कुंज बिहारी, पारूल पाल, अनामिका तिवारी, पूनम रानी, कविता सेन, रेषू वर्मा व शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारीगण तथा कार्यालय कार्मिक मधुबाला, नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह, पुष्पेन्द्र उपस्थित रहे।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

शाहाबाद (हरदोई)। प्रेम और सद्भाव के प्रतीक पर्व होली, रमजान तथा लोकसभा के चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। इसके लिए पुलिस विभाग ने अभी से पूरी तरह से तैयारी कर ली है। असमाजिक तत्वो को चेतावनी देने तथा आमजनमानस मे सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने नगर के व्यस्ततम मार्गो पर फ्लैग मार्च निकाला।

क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक के संयुक्त नेतृत्व मे पुलिस बल ने दंगा विरोधी उपकरणो के साथ नगर के मुख्य मार्ग ब्लॉक रोड , सिनेमा चौराहा , घास मंडी ,चौक ,सराफा बाजार ,जामा मस्जिद , घंटाघर मार्ग पर फ्लैग मार्च किया ।पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर असमाजिक तत्वों को अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी दे दी है कि यदि किसी ने कानून व्यवस्था से खिलबाड करने का दुस्साहस किया तो पुलिस विभाग सख्ती से निपटने के लिए तैयार है ।

पार्टी मे हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, तीन पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। शादी की पार्टी में तमंचे के साथ डिस्को कर रहे युवकों को नाचना महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस ने तीनों आरोपितों को पकड़कर जेल भेज दिया। कस्बे के मुहल्ला छोटी देवी मंदिर बाल्मिकी बस्ती में 13 मार्च की शाम से चल रही शादी की पार्टी मे लोगों के साथ तीन युवक गाने की धुन पर तमंचे से फायर कर नाच रहे थे। इसी दौरान किसी ने युवकों का हर्ष फायरिंग का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया और पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई और तभी पुलिस को पता लगा बाल्मिकी बस्ती में शादी की पार्टी में मुहल्ला छोटी देवी मंदिर बाल्मिकी बस्ती निवासी कृष्णा व अनिकेत तथा ग्राम मढिया निवासी कल्यान सिंह आदि के कब्जे से तीन तमंचे व तीन जिंदा कारतूस बरामद किये। पकड़े गए अभियुक्त कृष्ण का आपराधिक इतिहास भी है। जिस पर मोहम्मदी थाने में जानलेवा हमला व पसगवां थाने में सार्वजनिक संपत्ति निवारण का केस दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि तीनों आरोपितों को अवैध तमंचो व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

श्रद्धालुओं ने श्री रुद्र महायज्ञ में परिक्रमा कर कमाया पुण्य

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन यज्ञाचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन, लवकुश शास्त्री ने आयोजक देवेंद्र मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, विकास मिश्र, अनिल मिश्र, सनिल मिश्र और राजकुमार मिश्र से श्री रूद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया।

वृंदावन के कलाकारों ने गुरूवार की रात में भक्त दामा की लीला का वर्णन किया। जिसमें भगवान द्वारा भक्त का नौकर बनकर उसका सारा कर्ज चुकाकर भक्त के प्राणों रक्षा करने का मार्मिक चित्रण कर दर्शकों की आंखों में आसू बहाने पर मजबूर कर दिया। वहीं हास्य कलाकारों ने दर्शकों को हंसाकर लोट पोट कर दिया। दिन में भक्त गोर्वधन डाकू की लीला का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। पं राहुल कृष्ण दीक्षित ने श्रीमद् भगवत कथा सुनाकर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आयोजक देवेन्द्र मिश्र ने बताया कि समापन 18 मार्च को कन्या भोज, भंडारे के साथ होगा।

इस मौके पर श्री रूद्र महायज्ञ नीता शुक्ला, पूनम शुक्ला, एडवोकेट योगेंद्र मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, नवी हुसैन, श्रवण कुमार मौर्य, भगवानदीन वर्मा, जगदीश वर्मा, प्रशांत शुक्ल, सुशील सिंह, सौरभ मिश्रा, कैलाश गिरि, ऋषभ मिश्रा, सरोज कुमार मिश्र, जगत वर्मा, रामबाबू शुक्ला, मौरध्वज मौर्य, दिनेश गिरि, रमाकांत अर्कवंशी, आदित्य यादव, संदीप भारद्वाज, संजय मिश्र, फेरू सिंह, जसकरन गौतम, ध्रुव प्रजापति, मोरध्वज सोनवानी, श्यामबिहारी मिश्र, विपिन बिहारी मिश्र, छोटू तिवारी, अर्जुन सिंह, संदीप यादव, जितेन्द्र वर्मा, सर्वेश वर्मा, दिनेश वर्मा, चंद्रभाल प्रजापति, कौशल कुमार शर्मा, ओंमकार मिश्र, अनिल भारद्वाज, दीपक, पिंकल मिश्र, आशुतोश कनौजिया, अवधेश कुमार मिश्र, महावीर शर्मा, अनिल मिश्र, विनोद यादव, हजरत अली, छैलबिहारी शुक्ला, राजाराम अर्कवंशी, प्रेम वर्मा, हर्षित मिश्रा, सीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, वंदना शुक्ला, छाया मिश्रा, कविता मिश्रा, सुमन मिश्रा, ममता मिश्रा, गार्गी कटियार, शिवा मिश्रा, नीलम, अवष्ठि, प्रीती मिश्रा, रुचि मिश्रा, सरिता तिवारी आदि मौजूद रहे।

भैंस, बछिया को बाघ ने बनाया निवाला विभाग ने लगाया पिंजड़ा

तिकुनियां-खीरी। खैरटिया इलाके में घूम रहे बाघ ने गुरुवार को दिन में जंगल किनारे फूस काट रहे शिवचरण को निवाला बनाने के बाद रात को ही खैरेटिया निवासी सुरजीत सिंह की घारी में घुसकर एक भैंस और बछिया को निवाला बना डाला। इस घटना से ग्रामीण आज काफी भड़क गये। इस बीच करीब 2 बजे भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह किसानों के साथ खैरेटिया पहुंचे और वन विभाग को अलर्ट किया यदि बाघ से किसानों को नुकसान होता है तो उसकी छतिपूर्ति किसान यूनियन के हिसाब से वन विभाग को करना पड़ेगा। दहशत के चलते खेतों में ग्रामीणों ने काम करना बंद कर दिया है। मौजूदा समय में खेतों में गन्ने की छिलाई चल रही है। ग्रामीण डरने लगे हैं जिसके चलते किसानों का काम प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर वन विभाग आज सक्रिय होकर बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने मे जुट गया है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो पिंजड़े लगाए जाने हैं जिसमें एक लगा दिया गया है एक शाम तक लग जाएगा।

बाथम वैश्य समाज के मेधावियों का होगा सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बाथम वैश्य महासभा समारोह आयोजित कर समाज के मेधावी छात्राओं को सम्मानित करेगी। महासभा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि बाथम वैसे महासभा ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2022 और 2023 में समाज के जिन छात्र-छात्राओं ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। ऐसे मेधावियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा। ऐसे छात्र- छात्राओं से कहा गया है कि वह अपनी अंक तालिका की छाया प्रति 20 मार्च तक महासभा के अध्यक्ष के पास जमा कर दें।

बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो की मौत

संडीला (हरदोई)। एक बाइक पर जा रहे तीन युवक एक बस की चपेट में आ गए जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ हरदोई रोड पर कछौना में पेट्रोल पंप के पास एक बाइक पर आ रहे तीन युवकों को हरदोई की ओर जा रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ही लोग उछल का सड़क पर जा गिरे और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इस टक्करर से ग्राम कटियामऊ निवासी घुरई के 22 वर्षीय पुत्र रामसिंह तथा रामनरेश के 25 वर्षीय पुत्र कमलेश की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि ग्राम निवासी लाल बहादुर का 20 वर्षीय पुत्र दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी कछौना ले जाकर भर्ती कराया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया जबकि दोनों मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पूर्णकालीन ई-निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 16.04.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनांक 17.04.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 016600 2100017035, IFSC Code-PUNB 0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvni.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई-निविदा संख्या 207 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में विभिन्न स्थानों पर जर्जर तार एवं केबिल बदलने आदि का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 24000.00 **2. ई - निविदा संख्या 208 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर प्रोटेक्शन सिस्टम को सही करने आदि का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 23000.00 **3. ई-निविदा संख्या 209 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में विभिन्न स्थानों 11 केवी लाइन के निर्माण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा घरोहर राशि रू. 41000.00 **4. ई-निविदा संख्या 210 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय, मिल्कीपुर अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में कुमारगंज बाजार में जर्जर ए.बी. केबिल बदलने का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **5. ई-निविदा संख्या 211 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय, मिल्कीपुर अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में विभिन्न स्थानों परिवर्तक क्षमता वृद्धि का कार्य ई- निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 22000.00 **6. ई-निविदा संख्या 212 एच (एफ) (कार्य)/2023-24:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- तृतीय, मिल्कीपुर अयोध्या के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (समर प्लान मद) में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नाका ग्रामीण से निकलने वाले 11 केवी पोषक एप०ई०एस० को नाका दुगार्पुरी से जोडने का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3500.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''

(पत्रांक 2913 / दि. 14.03.2024)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. सुदामापुरी, सीतापुर -: ई-निविदा सूचना :- अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड /देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। **1- निविदा संख्या 351 / विविमंसी / 2023-24:** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 11 केवी बिजवार पोषक रेलवे लाइन कासिंग पर लोड विभक्तीकरण हेतु केबिल डालने का कार्य तथा 11 केवी शाहपुर महोली पोषक से लखीमपुर रोड पर 11 केवी ओवरहेड लाइन बनाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 13,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः-24.04.2024 निविदा खुलने की तिथिः-25.04.2024 **2- निविदा संख्या 352/विविमंसी/2023-24:** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र - सिधौली तहसील से एक नया 11 केवी पोषक बनाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 18,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः- 24.04.2024 निविदा खुलने की तिथिः - 25.04.2024 **3- निविदा संख्या 353/विविमंसी/2023-24:** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024 - 25 में सेमी टर्नकी आधार पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-मिश्रिख तहसील से पोषित 11 केवी फूलपुर क्षरिया पोषक के विभक्तीकरण का कार्य तथा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र - मिश्रिख ग्रामीण से पोषित 11 केवी मछरेहटा पोषक के विभक्तीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 15,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः-24.04.2024 निविदा खुलने की तिथिः - 25.04.2024 **4- निविदा संख्या 354/विविमंसी/2023-24:** विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024 - 25 में सेमी टर्नकी आधार पर 11 केवी साण्डा पोषक, 11 केवी साण्डा एवं मोहारी पोषक तथा 33/11 केवी विद्युत उपके

संक्षेप

गृह कलह में फांसी लगाकर दी जान

रेउसा/सीतापुर। पति पत्नी से हुए विवाद के बाद क्षुब्ध होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रेउसा कस्बे के नई बस्ती निवासी गुड्डू 26 वर्ष तुलसीराम ने शुक्रवार को दिन में पति पत्नी से किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया की उससे क्षुब्ध होकर कमरे के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों की माने तो पति शराब पीकर घर गया था। इससे पत्नी से विवाद हो गया क्षुब्ध होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। रेउसा थाना प्रभारी घनश्याम राम ने बताया कि कोई सूचना नहीं मिली है सूचना मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की एक बैठक उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस मौके पर बोलते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, मतदान केंद्रों पर साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर जाने वाले मार्गो की रोड मैपिंग आदि के बारे में निर्देशित किया उन्होंने बताया कि, लहरपुर विधानसभा में 36 सेक्टर बनाए गए हैं। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल उपस्थित था।

क्षेत्र में बेहतर कार्य करायें: रेखा वर्मा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। ग्रामीण अंचलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जिला पंचायत तेजी से काम कर रही है। सरकार की मंशा को धरातल पर उतारते हुए जिला अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के गेस्ट हाउस में 50 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद रेखा वर्मा तथा नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने बटन दबा कर शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को विकास कार्यों से संतृप्त करने का सफल प्रयास कर रही है। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र से चुनाव जीत कर आते हैं, इसके लिए उनकी भी जनता के प्रति जवाबदेही बनती है। क्षेत्र में बेहतर कार्य कराये, जिला पंचायत को मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि सुशासन भाजपा सरकार की पहचान है। साधारण कार्यकताओं का सम्मान भाजपा में ही संभव है। जिला अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पंचायत नित्य अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाती हूँ कि आने वाले समय में वर्तमान बोर्ड ऐतिहासिक कार्य करके दिखायेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से 276 कार्यों का आज शिलान्यास हुआ है। जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि कोई मेरा साथ दे या न दे मैं अपने कर्तव्यों का पालन करता रहूंगा। जिला पंचायत का समूचा बोर्ड एकजुट है। सभी सदस्यों की मंशा के अनुसार तेजी से विकास कार्य कराये जायेंगे। इस मौके पर सभी जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

खेलों में बहुत सी महिलाएं अग्रिम भूमिका निभा रहीं : सांसद

सीतापुर। शासन की मंशानुसार जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल के द्वारा शुक्रवार को जनपद में कस्तूरबा गांधी विद्यालय हरगांव से विभिन्न खेलकूद से संबंधित बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स किट का वितरण सांसद धौरहरा श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा किया गया। माननीय सांसद द्वारा बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के जगत में भी आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे हमारे देश में विभिन्न खेलों में बहुत सी महिलाएं अग्रिम भूमिका निभा रही है। एशियाई गेम राष्ट्रीय खेलों और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर रही है उसी प्रकार से हमारा जिला में भी बच्चियों को वही सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी, जिससे की बच्चियों को आगे से आगे बढ़ चढ़कर खेलों में हिस्सा लें और बिना किसी डर के आगे बढ़े इससे न केवल उनके शारीरिक साथ-साथ ही मानसिक विकास भी संभव है। सांसद द्वारा बच्चों के साथ में सेल्फी ली गई तथा साथ ही जो बच्चियों के लिए खाना बनाते हैं उनके साथ भी फोटो खिंचवाया गया तथा बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन एवम महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और उससे होने वाले लाभों से भी अवगत कराया गया। उनमें खेल के क्षेत्र में जागरूकता का भाव उत्पन्न हो तथा खेलकूद के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश व जिले का नाम रोशन कर सके। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ब्लॉक परसेण्डी में लगभग 771.66 लाख की लागत से फीता काटकर सड़क का लोकार्पण भी सांसद धौरहरा रेखा वर्मा द्वारा किया गया।

हत्यारोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सीतापुर। थाना रामपुरकलां इलाके के सेमरा गांव निवासी रामकिशोर पुत्र सुरेश का गत दिवस कत्ल कर दिया गया था। मंगलवार को उसका शव खेतों में पड़ा मिला था। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह के पर्यवेक्षण में जुटी पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए सर्वेश पुत्र रामेश्वर निवासी खजुरिया थाना सिधौली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोड़रा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल - रक्त रंजित ईंट व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी को संदेह था कि रामकिशोर का हत्या आरोपी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। इसी संदेह में सर्वेश ने रामकिशोर का कत्ल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक प्रदीप दूबे, शराफत अली, रोहित तोमर, धर्मेन्द्र सिंह, रवि सिंह, अभिषेक तोमर, रामपुर कलां थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा आदि पुलिसकर्मी शामिल हैं।

विवाद में एक युवक जख्मी

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इमिलिया में नाच गाना हो रहा था। इसी बीच मन पसंद गाने को लेकर गांव के पंकज पुत्र राम प्रसाद का गांव के ही निवासी वीरेंद्र पुत्र लाल से विवाद हो गया। दोनों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में पंकज जख्मी हुआ है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान दोनों नशें में धुत थे। घायल पंकज ने गांव के ही वीरेंद्र के खिलाफ महोली कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस जांच की बात कह रही है।

मतदान संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने की समीक्षा अधिकारियों के साथ बैठक

उन्नाव। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी द्वारा निर्वाचन संबंधी समस्त प्रभारी अधिकारियों एवं आरओ/एआरओ के साथ आवश्यक बैठक की गयी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा मतदान/मतगणना हेतु कार्मिकों की नियुक्ति, पोलिंग पार्टी की रवानगी, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, लेखन सामग्री/मतपेटी एवं मतपत्र व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों हेतु वाहन एवं ईधन व्यवस्था, डाक मतपत्र व्यवस्था, वीडियोग्राफी/सीसीटीवी/डिजिटल कैमरा/वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेंट/फर्नीचर/बैरीकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था, मीडिया सेल एवं संचार आदि व्यवस्थाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी लोग अपने-अपने दायित्वों को भलीभांति समझ लें तथा निर्वाचन आयोग के निर्देश/गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कोई भी समस्या होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से सहयोग लेकर निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्व ढंग से सम्पन्न कराएं। सभी एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी आपस में समन्वय बनाकर आचार संहिता प्रभावी होने के उपरान्त लगातार भ्रमण शील रहें। प्रत्येक बूथ पर मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

यदि कोई व्यक्ति मतदाताओं को प्रलोभन देकर या डरा धमकाकर किसी पार्टी/उम्मीदवार विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण करें। उन्होंने प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण को निर्देश दिए कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु शेड्यूल तैयार कर बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए ताकि मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि प्रभारी स्वीप गांव-गांव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, एएसपी अखिलेश सिह, पीडी कमलेश कुमार, प्रभारी लेखन सामग्री मुकुल तिवारी, प्रभारी मीडिया सतीश कुमार आदि प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर/सहाय रिटर्निंग आफीसर आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

महमूदाबाद/सीतापुर। लोकसभा क्षेत्र सीतापुर के चुनाव प्रभारी दिनेश तिवारी के द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर मंडल पैंतेपुर के कार्यकताओं की बैठक ली गई और समस्त कार्यकताओ को विजय मंत्र दिया गया जिला संगठन की ओर से जिला मंत्री सुधीर सिंह भदोरिया विधानसभा के चुनाव संयोजक चंद्रभूषण शुक्ला की उपस्थिति में मंडल पैंतेपुर के शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी शक्ति केंद्र प्रवासी व समस्त मंडल की टीम की बैठक ली मंडल अध्यक्ष सर्वेंद्र विक्रम सिंह के निवास पर्वतपुर चैराहे पर बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री व ग्राम पंचायत ढखवा से प्रधान डीपी सिंह के द्वारा किया गया आज की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के एक-एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने जहां मोदी जी के संकल्प अबकी बार 400 पार को पूरा करने का संकल्प लिया वही मंडल पैंतेपुर के पदाधिकारियों ने सीतापुर से सांसद राजेश वर्मा को अबकी चार लाख पार कराने का भी संकल्प लिया। बैठक में मंडल के महामंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति में दायित्व निभा रहे सुरेश चैहान जितेंद्र वर्मा महेंद्र शुक्ला सुनील वर्मा शुभम सोनी शशि भूषण सिंह विजय वर्मा पूर्व के मंडल अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा अनूप गुप्ता रमेश गुप्ता महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुश्री किरण भार्गव मंडल की कोषाध्यक्ष व सुनीता गौतम उपस्थिति रहीं।

विधायक के प्रयास से पांच करोड़ रुपये की मिली मंजूरी

रेउसा/सीतापुर। खुरवलिया से किशोरगंज जाने वाले मार्ग को लोक निर्माण विभाग द्वारा इस जर्जर सड़क का निर्माण कराने के लिये पौने पांच करोड रुपए की मंजूरी दे दी है। पौने पांच करोड़ में लगभग 4.5 किलोमीटर का कार्य स्वीकृत है लम्बे समय से यह जर्जर सड़क मरम्मत के अभाव में पड़ी थी। इसके निर्माण कराने के लिये काफी समय से सेवता विधायक ज्ञान तिवारी प्रयासरत थे। जिनका प्रयास शुक्रवार को पूरा हुआ और इस समस्या से दर्जनों गांवो के लोंगो को निजात दिलाने के लिये लोक निर्माण विभाग ने पौने पांच करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृति दी। इस सड़क में पांच पुलियों का निर्माण किया जायेगा। तथा इस सड़क पर जल भराव वाले स्थानों पर आरसीसी रोड का निर्माण होगा। शनिवार को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के द्वारा पूजन अर्चन कर जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य शुरू होगा। इस सड़क को मंजूरी मिलने क्षेत्र के प्रदेश परिषद सदस्य कृष्ण कुमार त्रिवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, हरीश शुक्ल पप्पू, सुनील कुमार शुक्ल, रामू शुक्ल, राजन शुक्ल, मनोज त्रिवेदी, प्रधान संजीव मिश्रा, रमाकांत शुक्ल, ऋषभ शुक्ल, विवेक अवस्थी, मंडल अध्यक्ष अरविंद बाजपाई, प्रधान भिठना, प्रधान भानीपुर, प्रधान लौकी नेवादा, प्रधान सिरसा आदि सहित सैकड़ों लोगों ने ने सेवता विधायक ज्ञान तिवारी को आभार प्रकट किया

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

सीतापुर। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में एसओजी व थाना खैराबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने खैराबाद थाना क्षेत्र के रहीमाबाद के निकट नाकेबंदी की। यहां पर पुलिस ने बाइक सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि पुलिस द्वारा टोकने पर बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस की फायरिंग में विनोद पासी पुत्र मोहन पासी निवासी जाफरपुर थाना घुंघटेर बाराबंकी के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि विनोद पासी 25 हजार रुपए का ईनामी बदमाश है। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के, 1 चोरी का मोबाइल, 1 बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि विनोद पासी लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस का कहना है कि विनोद अभ्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध पूर्व में जनपद सीतापुर सहित जनपद लखनऊ में भी लूट, डकैती, चोरी, नकबजनी, हत्या के प्रयास, अवैध शस्त्र रखने आदि धाराओं में केस दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद मोबाइल भी अटरिया क्षेत्र में छावन चैराहे स्थित दुकान से चोरी किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में खैराबाद प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह, उपनिरीक्षक अतबल सिहं, अमेरन्द्र द्विवेदी, संदीप सिंह, शिवकुमार यादव, प्रेमचन्द्र यादव, विक्रम सिंह, नरेश, अवधेश कुमार यादव, कर्मवीर सिंह आदि शामिल हैं।

फाउंडेशन ने जन्मदिन पर बच्चों में बांटी शिक्षा किट

नवाबगंज, उन्नाव। बाल प्राथमिक विद्यालय, नवाबगंज में फाउंडेशन के पदाधिकारी अनुज विमल के जन्मदिन का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों को विभिन्न शिक्षा सामग्री की एक-एक किट वितरित की गई। इस उत्सव में आभार फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित कुमार समेत कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। इस समारोह में जिला सचिव मुन्ना लाल, जिला सचिव आशीष राठौर, राजेंद्र विमल, सदस्य निखिल विमल, पंकज, अंश विमल, आर्यन, कृष विमल, दीपक, सुधीर व स्कूल के प्रधानाचार्य सहित अन्य विशेष अतिथिगण मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने इस मौके पर अनुज विमल की जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस समारोह को एक सामूहिक प्रदर्शनी भी संज्ञान में लाया गया, जिसमें बच्चों ने अपने शिक्षार्थी कौशल का प्रदर्शन किया। इस उत्सव ने विद्यार्थियों के मनोबल को मजबूत किया और उनके शैक्षिक उत्थान को बढ़ावा दिया।

विपक्ष के नेताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता

सफीपुर, उन्नाव। बम्बालाल दिवाकर के नेतृत्व में विपक्ष के कई कद्दावर नेताओं ने भाजपा जिला मुख्यालय पर अपने अपने दल को छोड़कर सत्तारूढ़ दल

भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सफीपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी एवम बीएसपी को करारा झटका लगा है, पाल समाज के कद्दावर नेता जिला समाजवादी पार्टी के सचिव रहे क्षेत्र के पहली खेड़ा निवासी वर्तमान में लखनऊ में रहकर व्यवसाय कर रहे मनोज पाल के नेतृत्व में जनपद की प्रभारी जिला मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार एवम क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर के सानिध्य में बड़ी संख्या में पाल समाज के लोगो जिसमे प्रधान, बीडीसी शामिल रहे लोगो ने भाजपा की राष्ट्रवादी नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रमुख लोगो जिला पंचायत सदस्य सफीपुर तृतीय क्षेत्र रनर रहे ब्रज किशोर पाल, राजू पाल, रामकुमार, राजेंद्र पाल, मनोज पाल, संतोष गौतम, सरदार पाल, राम खेलावन पाल, श्याम कुमार पाल, रामरतन पाल समेत बड़ी संख्या में पूर्व प्रधान/पूर्व बीडीसी ने भाजपा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की नीतियों में अपनी आस्था जताई। पाल समाज के भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने में मुख्य भूमिका बांगरमऊ से विधानसभा का बीएसपी से चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि महेश पाल एवम सफीपुर ग्रामीण के प्रधान प्रतिनिधि रहे मनोज पाल की रही।

कार्यालय ग्राम पंचायत भरथुआ, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरथुआ, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 16.03.2024 से दिनांक 18.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरथुआ पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 18.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	भरथुआ मेन सड़क पुलिया से रमेश के घर होते हुए अच्छेलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	3.99 लाख।	इंटरलॉकिंग ईंट, ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, बालू व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- भरथुआ, वि0ख0- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दौली, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इन्दौली, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में पंचम वित्त/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दौली पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	उदयराज के घर से विनोद के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 210x3 मीटर।	9,97,347 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, एसओबी ईंट, गिट्टी, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- इन्दौली, वि0ख0- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत छापर, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छापर, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में पंचम वित्त/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत छापर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	छापर में गौशाला निर्माण कार्य। माप- 24x7.20 मीटर।	9,12,600 रुपये।	ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट टीन शेड, बालू, सरिया व अन्य सामग्री।
2.	शहनवा नाले पर पुलिया निर्माण। माप- 7x3x3 मीटर।	13,68,618 रुपये।	ईंट, सीमेंट, गिट्टी, सरिया, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री।
3.	खड़ंजा से श्याम बहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 90x2.50 मीटर।	3,55,645 रुपये।	इंटरलाकिंग ईंट, एसओबी ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।
4.	हरखाली के घर से शेखन के दुकान तक इंटरलाकिंग कार्य। माप- 228x2.50 मीटर।	8,54,523 रुपये।	इंटरलाकिंग ईंट, एसओबी ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।
5.	पिचरोड़ से परिगड़ा बार्डर तक इंटर लॉकिंग कार्य। माप- 200x3 मीटर।	9,34,707 रुपये।	इंटरलाकिंग ईंट, एसओबी ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।
6.	पक्की सड़क से रामआनन्द सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। माप- 80x3 मीटर।	3,96,845 रुपये।	इंटरलाकिंग ईंट, एसओबी ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- छापर, वि0ख0- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खोजापुर उप्ती, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खोजापुर उप्ती, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खोजापुर उप्ती पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	पिचरोड से शैलेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य।	8,08,334 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- खोजापुर उप्ती, वि0ख0- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत ब्यासपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ब्यासपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ब्यासपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	सिक्सलेन सड़क से हनुमान जी मंदिर तक इंटरलॉकिंग कार्य।	7,33,603 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- ब्यासपुर, वि0ख0- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 21.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 22.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03

संक्षेप

स्वर्णकार समाज का होली मिलन 19 को

मथुरा। अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसियेशन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 19 मार्च को बैकुंठ राधिका फॉर्म ,सकरवा रोड, गोवर्धन, मथुरा में किया जा रहा है ।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 18 मार्च को सामूहिक रूप से गिरिराज जी की परिक्रमा की जाएगी। 19 मार्च को प्रातः गिरिराज जी का अभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन होली मिलन समारोह के अंतर्गत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सालिग राम बटिया अध्यक्ष नगर पंचायत फरह, विशिष्ट स्थिति के रूप में डा .प्रवीण कुमार वर्मा, एसडीओ विद्युत विभाग रमेश सोनी, और प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा भाग लेंगे। गिरिराज जी का अभिषेक जगदीश सोनी सुनीता सोनी, राजकुमार वर्मा रंजना वर्मा, मोहनलाल वर्मा मंजू वर्मा ,प्रदीप सोनी रुपाली सोनी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा,दिनेश वर्मा, हरिओम वर्मा,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ,पंकज स्वर्णकार,राकेश वर्मा, तोता राम वर्मा,गोपेश सोनी,सूरज सोनी व अन्य पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

बहुचर्चित उग्र आंदोलन में पूर्व मंत्री समेत 6 आरोपी बरी

मथुरा। राया थाना क्षेत्र के 17 वर्ष पूर्व बहुचर्चित उग्र आंदोलन में एडीजे एमपी-एमएलए पंचम की अदालत शुक्रवार (आज) पूर्व मंत्री सरदार सिंह सहित छह आरोपियों को बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक हरेंद्र शर्मा द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि राया थाना क्षेत्र में 17 वर्ष पूर्व बेमौसम वर्षा व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों और जौ की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई थी। इसे लेकर किसानों ने आक्रोश शुरू किया था, जो कई दिनों तक चला था। इसी आंदोलन में 22 मार्च 2007 को आंदोलन ने बड़ा रूप ले लिया था। सिग्नल तोड़कर ट्रेनें रोकी गई थीं। ट्रेनों पर पथराव किया गया। लोग राया स्टेशन पर ट्रेनों के आगे लेट गए थे। तत्कालीन जिलाधिकारी सहित प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा था। आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया था। इसमें जिलाधिकारी सहित कई लोग चोटिल हुए थे। प्रशासन ने आंदोलन की वीडियो रिकार्डिंग कराई थी। पुलिस ने मुकदमे में पूर्व मंत्री सरदार सिंह के नेतृत्व में आंदोलन दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके 53 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने सुनवाई में 47 लोगों को पहले में ही बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री सरदार सिंह निवासी कारब राया सहित प्रहलाद निवासी बिसावली, छत्रपाल निवासी जासा, असलम खान उर्फ अस्सो निवासी मुहल्ला व्यापारियान, राजेंद्र सिंह निवासी तम्मका, रविंद्र उर्फ रवि निवासी मगदा मांट पर अदालत ने बरी कर दिया।

25 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त, तस्कर अरेस्ट

मथुरा। थाना कोसीकलां पुलिस ने आज अवैध रूप से लायी जा रही 25 लाख की अंग्रेजी शराब को तस्कर सहित पकडा है। गौरतलब हो कि कोसीकलां हताना कट पर पुलिस बैरियर लगा कर चैकिंग कर रही थी। तभी हॉडल की तरफ से आ रहे एक ट्रक के चालक ने पुलिस की चैकिंग को देख ट्रक को खेतों की तरफ मोड लिया और ट्रक को वहां खडा कर भागने लगा। पुलिस ने उसे घेर कर पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम शिवम कुमार पुत्र सतीश कुमार नि. सुभाष नगर पावर हाउस कॉलौनी कालका थाना पिंजौर जिला पंचकुला हरियाणा बताया है।

प्रियाकान्त जू मंदिर की हाइड्रोलिक होली 25 को

ब्रज की 125 बेटियों को होली पर मिलेगा प्रियाकांतजू कन्या विद्याधन

मथुरा। वृन्दावन में प्रियाकान्तजु मंदिर की प्रसिद्ध हाईड्रोलिक होली 25 मार्च को खेली जायेगी ।मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य होली महोत्सव में देवकीनदंन ठाकुरजी महाराज श्रीमद्भागवत कथा रसापान करायेगें ।मंदिर कोष से ब्रज की बेटियों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दी जायेगी ।आयोजन के लिये मंदिर प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं ।

मंदिर प्रबंधक रवि रावत ने बताया कि विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 18 से 24 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा । 25 मार्च को होलिका दहन से पूर्व सुबह 11 बजे से मंदिर प्रांगण में सात प्रकार की होली प्रारम्भ होगी ।श्रद्धालुओं के बीच फूलों की होली, लड्डु-जलेबी होली, रसिया गायन होली, भजन नृत्य होली, लठामार होली, गुलाल की होली और अंत में टेसु के रंगों की होली खेली जायेगी । हर बार की तरह इस बार भी मंदिर अट्टालिका से श्रद्धालुओं पर हाईड्रोलिक पिचकारी से श्रद्धालुओं पर टेसू के फूलों से बने रंग बरसाये जाएंगे। आयोजन में भाग लेने के लिये देश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु मंदिर पहुँचने लगे हैं । 125 बेटियों को शिक्षा के लिये मिलेगा प्रियाकान्तजू कन्या विद्याधन कार्यक्रम मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा ने बताया कि होली महोत्सव में प्रियाकान्त जू मंदिर कोष से ब्रज की जरूरतमंद 125 बेटियों को शिक्षा के लिये प्रियाकान्तजू कन्या विद्याधन वितरित किया जाता है ।इस बार भी देवकीनंदन महाराज चयनित बेटियों में प्रत्येक को शिक्षा के लिये 5100 रुपए की धनराशि प्रदान करेंगे।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के बदले कार्य क्षेत्र

मथुरा। चुनाव की तारीख के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के निर्वाचन आयोग से संकेत मिलते ही डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों के कार्यक्षेत्र भी बदल दिए। भारत निर्वाचन आयोग 16 मार्च को अपरान्ह में चुनावों की तिथियों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की घोषणा कर देगा। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दो छाता तहसील के तहसीलदार की जिम्मेदारी रजनीश कुमार को दी है, जबकि मनोज कुमार को इसी तहसील का न्यायिक तहसीलदार नियुक्त किया है। इधर एसएसपी ने भी कुंवर आकाश सिंह को सदर सर्किल का क्षेत्राधिकारी बनाया है तो प्रवीण कुमार मालिक को शहर सर्किल का सीओ नियुक्त किया है।

रश्मि गोविल ने संभाला इंडियन ऑयल के निदेशक का पदभार

मथुरा। सुश्री रश्मि गोविल ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल), फॉर्च्यून-500 ऊर्जा कंपनी, में निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभाला लिया है। सुश्री रश्मि गोविल मानव संसाधन में एमबीए और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हैं। 1994 में इंडियनऑयल से जुड़ने के बाद मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं में लगभग उनको तीन दशकों का समृद्ध अनुभव हासिल है। निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त होने से पहले, वह कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास और कर्मचारी संबंध) के रूप में कार्यरत थीं। सुश्री गोविल ने इंडियनऑयल के रिफाइनरी मुख्यालय में भी काम किया है, साथ ही मथुरा रिफाइनरी यूनिट में चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा किया है। उनके समृद्ध और विविध अनुभव ने इंडस्ट्रियल रिलेशन्स विशेषज्ञ के रूप में पहचान बनाई है। इसके अलावा मुआवजे, परफोर्मेंस प्रबंधन, भर्ती, नीति निर्माण, उत्तराधिकार योजना और सिस्टम प्रबंधन पर भी उनकी गहरी समझ है। सुश्री गोविल अपने परिणाम-केंद्रित, सहयोगात्मक और समावेशी शैली के लिए जानी जाती हैं और उन्होंने कंपनी के साथ-साथ उद्योग के लिए कई रणनीतिक पहल की शुरूआत भी की है। उन्होंने इनोवेशन सेल ह्लसृजनह्व, मानव संसाधन में एसएपी सोल्यूशन और इंडियन ऑयल यूनियन के साथ दीर्घकालिक वेतन समझौते सहित कलेक्टिव्स के साथ कई ऐतिहासिक समझौतों का भी नेतृत्व किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान, सुश्री गोविल ने विविधता, समावेशन और कर्मचारियों के लिए कई नीतियों में संशोधन किया।

निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में उनकी नियुक्ति इंडियनऑयल में उनके अनुकरणीय योगदान और ऊर्जा क्षेत्र में मानव संसाधन के भविष्य के लिए उनके दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। सुश्री रश्मि गोविल के पदभार ग्रहण करने के बाद अब इंडियनऑयल बोर्ड में दो महिला निदेशक मौजूद हैं।

नेहरू युवा केंद्र ने करायी खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता

फिरोजाबाद। नेहरू युवा केंद्र फिरोजाबाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी मनीष चन्द्र चौधरी के निदेर्शानुसार विकासखंड फिरोजाबाद के महिला मण्डल अध्यक्ष काजल गर्ग ने खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एस. आर. के. कॉलेज ग्राउंड में कराया, प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रमोद कुमार सिरौठिया ने किया,प्रतियोगिता में वालीबॉल में पुरुष वर्ग में सुखदेव टीम जरोली कलां की टीम विजेता एवं भक्त सिंह गुदाऊ की उपविजेता रही, तथा कबड्डी महिला वर्ग में रानी लक्ष्मी बाई टीम विजेता और दुर्गावती की टीम उपविजेता रही, कबड्डी पुरुष वर्ग मे विवेकानंद टीम नगला गुलरिया और चंद्रशेखर रैना की टीम तथा खो-खो में राधाबाई फिरोजाबाद और करवला की टीम विजेता और उपविजेता रही, कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया, इस दौरान उपस्थित शिक्षक डॉ आलोक प्रताप सिंह, सुखवीर सिंह, डॉ सहरया, व्योमेश यादव, पंकज भारद्वाज, अमित कुमार शर्मा, डॉ नवीन,संतोष कुमार,शैलेंद्र चौहान, नेहरू महिला मण्डल के अध्यक्ष और सदस्य एवं एनवाईवी प्रियंक जैन और समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

रेनबो कार्डियक केयर में जटिल केसों के लिए एडवांस एंजियोप्लास्टी से हो रहा इलाज

आगरा। हार्ट अटैक से पिछले साल कई फिल्मों सितारों के साथ साथ आम जन की जान चली गई। खुद को फिट रखने वाले कुछ लोगों का दिल एक्सरसाइज के दौरान धड़कना बंद हो गया। दिल की रुकावट को दूर करने के लिए हार्ट पेशेंट के लिए एंजियोप्लास्टी बेहद कारगार है। एंजियोप्लास्टी की नई टेक्नोलॉजी से डा. विनीश जैन आगरा में पिछले कुछ वर्षों से मरीजों के ऑपरेशन कर रहे हैं। रेनबो कार्डियक केयर आगरा में शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की वर्कशॉप के दौरान मरीजों के ऑपरेशन एडवांस टेक्नोलॉजी के जरिए हुए। इटली से आए प्रोफेसर इमाद शीबान भी वर्कशॉप में शामिल हुए। रेनबो कार्डियक केयर के डायरेक्टर और सीनियर हृदय रोग चिकित्सक डॉक्टर विनीश जैन ने बताया कि आज एंजियोप्लास्टी की टेक्नॉलॉजी काफी आगे बढ़ रही है। मरीजों की बिना कंट्रास्ट के एंजियोप्लास्टी की जा रही है। वर्कशॉप में ज्यादा कैल्शियम वाले केस ऑपरेट किए। कई मरीजों में कैल्शियम जमने से सख्त हुई नसों को रोटाब्लेशन ड्रिल का इस्तेमाल करके खोला गया। कैल्शियम को काटकर छल्ला डाला गया। वहीं कुछ हृदय के मरीजों की नसें बहुत सालों से बंद थी, इस तरह की बंद नसों को खोलना मुश्किल होता है, बाइपास ही उसमें संभव है, लेकिन आज नई टेक्नोलॉजी के द्वारा अलग-अलग विधियों से इन नसों को खोला गया। इंट्रावैशकुलर अल्ट्रासाउंड मशीन के जरिए दिल की नसों को अंदर से 360 डिग्री के कोण पर देखकर डा.विनीश जैन मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इससे रिजल्ट्स और बेहतर मिले हैं। इटली से आए डाक्टर इमाद शीबान ने बताया कि दिल के मरीजों की सामान्य इंजेक्जशन देकर एंजियोप्लास्टी होती हैं। लेकिन एडवांस तकनीकि में पिछले कुछ सालों से जटिल केसों का इलाज किया जा रहा है, जिसमें किडनी, डायबिटिक पेशेंट्स का इलाज हो रहा है।

डीएम ने नवीन मंडी स्थल का किया निरीक्षण

आगरा। जिला अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत नवीन मंडी स्थल, खेरागढ़ का निरीक्षण किया।निरीक्षण में जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम नवीन मंडी स्थल के साइट प्लान को देखा,विधानसभा वार स्ट्रॉन्ग रूम, उनकी अवस्थिति, बेरीकेडिंग व्यवस्था, पोलिंग पार्टी रवाना स्थल, तथा रवानगी तथा वापसी की कार्य योजना की जानकारी ली। जिलाधिकारी महोदय ने सम्पूर्ण नवीन मंडी परिसर की अभियान चलाकर उचित साफ सफाई, कूड़ा, झाड़ियों व मलबा को हटाने हेतु मंडी सचिव, संबंधित ईओ तथा एसडीएम खेरागढ़ को निर्देशित किया। नवीन मंडी की बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी आगरा ने रूट चार्ट के अनुसार संबंधित सड़क मार्ग की मरम्मत कराए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। स्टॉल,पेयजल,शौचालय, आदि व्यवस्था की भी जानकारी ली तथा उचित दिशा निर्देश दिए। रिजर्व पोलिंग पार्टी के ठहराव, साइनेज लगाने, एंट्री तथा एग्जिट प्वाइंट तथा सम्पूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था हेतु भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। निरीक्षण में एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी नगर अनूप कुमार, एडीएम प्रशासन अजय कुमार सहित मंडी सचिव कमलेश कुमार व सभी संबंधित तहसीलों के एसडीएम मौजूद रहे।

एसएसपी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

फिरोजाबाद। एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड में उपस्थित समस्त कर्मचारी का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। साथ ही जनपद में लोस चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वीवीआईपी वीआईपी की सुरक्षा के दृष्टिगत बॉक्स फॉर्मेशन का पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। परेड के पश्चात एसएसपी द्वारा क्वार्टर गार्द एवं पुलिसकर्मियों के बैरक, बाथरुम का निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। साथ ही उनके द्वारा पुलिस लाइन भोजनालय,एमटी शाखा,आटाचक्की, बारबर शॉप,कैंटीन व्यायामशाला स्टोर आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



दो सीओ, 4 इंस्पेक्टर, 24 दरोगाओं के तबादले

मथुरा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले मथुरा में एसएसपी ने दो पुलिस उपाधीक्षकों चार थाना प्रभारियों सहित दो दर्जन उपनिरीक्षको के तबादले की लिस्ट जारी की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार देर रात सीओ सिटी सहायक पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश सिंह को सीओ सदर सीओ सदर प्रवीण मालिक को सीओ सिटी बनाया है। इसके अलावा अजीत सिंह प्रभारी निरीक्षक पर्यटक थाना से प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला भगवत सिंह गुर्जर पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक थाना मांट अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला से अपराध शाखा प्रदीप कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना मांट से प्रभारी निरीक्षक पर्यटक थाना बनाया है। वही उपनिरीक्षक अमित आनंद को चैकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे से चैकी प्रभारी बाजना थाना नौहझील दीपक नागर चैकी प्रभारी राधापुरम स्टेट थाना हाईवे से थाना राया अर्जुन सिंह थाना राया से चैकी प्रभारी परखम थाना फरह आलोक सिंह पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी मानागढ़ी थाना नौहझील नीरज भाटी चैकी प्रभारी बिरला मंदिर से चैकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार मोमराज सिंह पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी रॉल थाना जैंत अरुण कुमार पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी बिरला मंदिर थाना गोविंद नगर चेतन कुमार भारद्वाज पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे लोकेंद्र सिंह पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी राधापुरम स्टेट थाना हाईवे शिवकुमार शर्मा थाना पर्यटक से चैकी प्रभारी बिहारी जी थाना वृंदावन अशोक कुमार चैकी प्रभारी बिहारी जी वृंदावन से चैकी प्रभारी फरह टोल थाना फरह रंजीत नागर पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी अद्धा थाना वृंदावन दीपक तिवारी चैकी प्रभारी मथुरा गेट थाना वृंदावन से थाना पर्यटक अमित कुमार चैकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार से चैकी प्रभारी सेही थाना शेरगढ़ मनोज कुमार चैकी प्रभारी परखम थाना फरह से पुलिस लाइन प्रमोद नेने चैकी प्रभारी बाजना थाना नोहझील से थाना नोहझील महिपाल यादव चैकी प्रभारी राल थाना जैंत से थाना कोतवाली संजय यादव थाना मगोर्रा से थाना हाईवे ऋऋवभ कुमार को थाना हाईवे से पुलिस लाइन राजकुमार पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा देवेंद्र सिंह पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा नेत्रपाल सिंह पुलिस लाइन से केजेएस/एसआईएम साबिर अली पुलिस लाइन से केजेएस/एसआईएम में तैनात किया है। वहीं उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा पुलिस लाइन से थाना गोविंद नगर किया गया स्थानांतरण निरस्त किया गया है।

7 साल के गुरु उपाध्याय यू ट्यूब पर पढ़ायेंगे 14 विषय

- इंजीनियरिंग, यूपीएससी की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का करेंगे मार्गदर्शन

मथुरा। वृंदावन के गौरा नगर निवासी 7 वर्षीय गुरु उपाध्याय (गूगल गुरु) का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ है। यह अवॉर्ड उन्हें यूट्यूब पर 14 विषय पढ़ाने वाले सबसे कम उम्र के शिक्षक बनने पर दिया गया है। सम्मान में उन्हें सर्टिफिकेट के साथ मेडल, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज ने गुरु उपाध्याय को आशीर्वाद प्रदान किया। गौरतलब हो कि गौरानगर निवासी अरविंद उपाध्याय और प्रिया गोस्वामी के 7 वर्षीय पुत्र गूगल गुरु को ये रिकॉर्ड अयोध्या राम जन्मभूमि ट्रस्ट एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के द्वारा प्रदान किया गया। आज महाराजश्री ने बताया कि देश के अंदर इस प्रकार की प्रतिभाएं हैं जिससे ये साबित होता है कि देश आगे चलकर निःसंदेह विश्व गुरु बनेगा। गूगल गुरु द्वारा पढ़ाये जाने वाले 14 विषयों में स्पेस साइंस, इकोलॉजी, जियोग्राफी, एस्ट्रोनॉमी, हिस्ट्री, अंतराष्ट्रीय संबंध, रॉकेट साइंस, क्वांटम फिजिक्स, सोशल इश्यू, ओसेनोलॉजी, आर्ट एंड कल्चर, नैनो टेक्नोलॉजी, विदेश नीति, मरीन साइंस शामिल है जो किसी भी इंजीनियरिंग या यूपीएससी की परीक्षा को पास करने के लिए अनिवार्य है। गूगल गुरु को रिकॉर्ड प्रदान किये जाने के दौरान उनके पिता अरविंद, माता प्रिया, गोविंद शरण उपमन्यु, दिनेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

गेहूं खरीद के लिए किसान अभी से पोर्टल पर करायें पंजीयन

फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन ने जनपद में किसानों से सुगमता के साथ गेहू खरीद करने के लिए शुक्रवार को अपने कार्यालय में सभी एसडीएम कृषि, राजस्व व ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक गेहूँ खरीद कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होने सभी एसडीएम व जुम मीटिंग पर जुड़े.सभी बीडीओ, पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र के सभी ग्राम सचिवालयों पर पंचायत सहायकों के माध्यम से पहले से सभी किसानों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

- गेहू खरीद के 48 घण्टे में किसानों के बैंक खातें में होगा भुगतान : डीएम

बैठक के दौरान खाद्य विपणन अधिकारी प्रवीण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष में एमएसपी में 150/- की वृद्धि करते हुये एम एस पी 2275/- प्रति कुन्तल कर दिया गया है। कृषकों द्वारा बोये गये रकबे में उत्पादित 100 कुन्तल तक गेहूँ को सत्यापन से मुक्त रखा गया है। इस वर्ष (2024-25) में बटाईदारों एवं पंजीकृत ट्रस्ट से भी गेहूँ क्रय करने का निर्णय लिया गया है। गेहूँ क्रय हेतु जनपद में मोबाईल क्रय केन्द्र भी स्थापित किये जायेंगे। इस बार कृषकों से उतराई/छनाई/सफाई मद में लेबरों को दी जाने वाली धनराशि 20/- प्रति कुन्तल की प्रतिपूर्ति भी कृषकों को की जायेगी। जनपद में गेहूँ क्रय हेतु 67000 मी0टन क्रय लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाना है। गेहूँ क्रय हेतु जनपद में कुल 70 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। किसान अपना पंजीकरण सायबर कैफे, जन सेवा केन्द्र, किसान मित्र एप्प एवं केन्द्र प्रभारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।किसानों को उनके द्वारा विक्रय किये गये गेहूँ के मूल्य का भुगतान 48 घंटे में पीएफएमएस के माध्यम से उनके आधार लिंक्ड खाते में किया जायेगा। सभी किसानों से अपील है कि अपना गेहूँ राजकीय केन्द्र पर विक्रय कर सरकारी योजना का लाभ उठायें। बैठक के दौरान डीएम ने भारत सरकार द्वारा केंद्र पोषित डिजिटल मिशन ऑन एग्रीकल्चर घटक के अंतर्गत प्रदेश में उगाई जाने वाली फसलों के रियल टाइम सर्वेक्षण हेतु एग्री स्टॉक योजना (ई खसरा पड़ताल) की भी समीक्षा की, जिसमें एडीएम, उप कृषि निदेशक, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं ऑनलाइन माध्यम से खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जनपद में जनपद में कल 718 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 448 गांव में एक खसरा पड़ताल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है इन ग्रामों में 369325 घाटों के सापेक्ष 247192 घाटों का सर्वेक्षण कृषि, राजस्व एवं पंचायती राज विभाग के द्वारा अपने कर्मचारियों से कराया गया है। डीएम ने निर्देशित किया कि रबी फसल सर्वेक्षण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिसमें राजस्व विभाग के लेखपाल कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक एवं पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायकों को लगाया जाए। जो कर्मचारी फसल सर्वेक्षण का कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें चिन्हित करते हुए करवाई सुनिश्चित की जाए।

लाभार्थियों को वितरित की गयी दवा सैनिटाइजेंशन किट व अन्य सामान

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के भैसज्य एवं विष विज्ञान विभाग द्वारा आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित एससी एसपी उपघटक के अंतर्गत कुलपति प्रो अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक तकनीक से घरेलू पशुओं की स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में वृद्धि एवं निरोग पशु एवं उन्नत किसान हेतु घरेलू चिकित्सीय ज्ञानः एक आधुनिक पहल विषयों पर किसान भाई बहनों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 40 अनुसुचित जाति के पशुपालक भाइयों एवं बहनों को दो जागरूकता कार्यक्रमों में दवाओं, सैनिटाइजेशन किट, वैज्ञानिक साहित्य एवं मिनरल मिक्सचर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख समन्वयक डा अतुल प्रकाश, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष भैसज्य एवं विष विज्ञान विभाग एवं सह समन्वयक डा अमित शुक्ला सहायक आचार्य भैसज्य एवं विष विज्ञानविभाग तथा डा आलोक चैधरीं सहायक आचार्य मेडिसिन विभाग एवं पशुपालन विभाग मथुरा जनपद से डा नितिन यादव, डा धर्मेन्द्र कटेरिया, डा लोकेश शर्मा आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा विपिनकुमार गर्ग की गरिमामयीं उपस्थिति से पशुपालकों की हौसला अफजाई हुई।

दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन

मथुरा। नंदगांव (मथुरा) परिषदीय विद्यालयों में विकलांग छात्रों को समेकित शिक्षा शिक्षा के तहत समावेशी शिक्षा के माध्यम से सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जाए उक्त विचार विकलांग छात्रों के नोडल प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों का भविष्य उज्जवल सिर्फ पढ़ाई के माध्यम से ही बनाया जा सकता है। शासन के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए तरह तरह-तरह के प्रशिक्षण वर्तमान में डाइट से लेकर बीआरसी पर संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नंदगांव ब्लाक संसाधन केंद्र पर फरवरी माह में प्रथम चरण के प्रशिक्षण देने के उपरांत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण ग्यारह मार्च से शुरू हुआ। पांच-दिवसीय प्रशिक्षण में समापन समारोह में समस्त एआरपी गणों जैसे कि नोडल एआरपी राजेश कुमार, अन्य में दिनेश कुमार, योगेश कुमार, डा.प्रांशु शर्मा ने अपने अपने विचारों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा एवं उमाशंकर द्वय ने प्रत्येक दिन अलग-अलग अंदाज में मूक-बधिर छात्रों को समेकित शिक्षा के माध्यम से समावेशी शिक्षा द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा कैसे मुख्य धारा से जोड़कर सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जा सकता है इससे प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, एआरपी राजेश कुमार, नवीन कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, योगेश कुमार, डा.प्रांशु शर्मा, संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा, उमाशंकर, कंप्यूटर टैक्निकल प्रभारी विनय कुमार मिश्रा, कुंजबिहारी, नवीन शर्मा, अमर शर्मा, पंकज, ओमप्रकाश, अशोक शर्मा आदि के अलावा ब्लाक के चौरासी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का जनसमूह प्रशिक्षार्थियों के रूप में था।

डीएम ने दिये आचार संहिता के पालन के निर्देश

फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 स्वतंत्र निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने तथा लगने वाली चुनाव आदर्श आचार संहिता का सभी राजनैतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों से कड़ाई से पालन कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान डीएम ने सभी से कहा कि लोस चुनाव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः पालन कराते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराया जाएगा। इसके लिए लगने वाली चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए उन्होने चुनाव आयोग की गाइडलाइंस एवं निर्देशों को अवगत कराते हुए पालन करने के निर्देश दिए।

उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि आचार संहिता एवं चुनाव आयोग के निदेर्शों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आचार संहिता की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होने फ्लाइंग स्कॉड व स्थैतिक निगरानी की टीमों में लगाए गए अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए कि वह जनपद में आचार संहिता का कड़ाई से पालन पर अपनी पैनी नजर बनाए रखें और रात दिन अवैध नकदी, बिना परमिशन लिए चुनावी गोष्ठियां, सभाए आदि पर अपनी नजर बनाए रखें। उन्होने सभी एसडीएम, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतें व नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि आचार संहिता लगते ही अपने क्षेत्रों से सभी राजनैतिक झण्डे, बैनर, होर्डिंग हटवाना सुनिश्चित करें, इसके लिए अभी से पूरी प्ल

चुनावी बॉन्ड पर जुगाली

इलेक्टरोल बॉन्ड जनता के सामने आ गया। अब पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सभी इसमें शामिल हैं, सभी लाभार्थी हैं। अगर हम दस सबसे अधिक बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों को देखें तो पार्टियां बार-बार अडानी-अंबानी जपती रहती हैं, लेकिन बॉन्ड खरीदने वाले टॉप-10 कंपनियों में रिलायंस, अडानी और टाटा आदि का नाम नहीं है। इसी तरह जिस बीजेपी पर यह आरोप लगता है कि उसको इलेक्टोरल बॉन्ड योजना का सबसे अधिक लाभ मिला, अगर अनुपातिक रूप से देखें तो बीजेपी के बजाय टीएमसी, बीआरएस, कांग्रेस, जैसी पार्टियों को अधिक लाभ मिला। बहरहाल सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को रद कर दिया है। लेकिन सवाल अपनी जगह कायम है कि जब देश में लोकतंत्र इतना महंगा हो गया है, तो फिर इसे चलाने के लिए पार्टियों को पैसा भी चाहिए। अब यह पैसा आयेगा कहां से? अगर पारदर्शी रास्ते नहीं होंगे, विधिक उपायों के जरिए पार्टियों के लिए फंड की व्यवस्था नहीं होगी, तो गलत रास्ते अख्तियार ही करेंगी। जानकारी के मुताबिक 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गये और 1 अप्रैल, 2019 और 15 फरवरी, 2024 के बीच राजनीतिक दलों ने 22,030 चुनावी बॉन्ड भुनाये। एसबीआई ने अपने हलफनामे में इसका जिक्र

किया है। उच्चतम न्यायालय ने गत सोमवार (मार्च 11) को एसबीआई को निर्वाचन आयोग के साथ चुनावी बॉन्ड का ब्योरा साझा करने का आदेश दिया था जिसके एक दिन बाद बैंक ने यह ब्योरा निर्वाचन आयोग के साथ साझा कर दिया। हालांकि इस ब्योरे में प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विशिष्ट कोड का जिक्र नहीं है जिसका उपयोग कर पार्टी के हर चंदे का मिलान किया जा सकता है। इससे किस कंपनी ने किसको चंदा दिया यह जानकारी छिपी रहेगी। एसबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने इस बिंदु को सोमवार को उठाया था जब उन्होंने अदालत को बताया कि बैंक को चंदा देने वालों के विवरण और इसे भुनाने वालों के ब्योरे का मिलान करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें अलग-अलग सूचना स्रोत के तौर पर संग्रह किया गया था। उन्होंने सोमवार को अदालत से कहा था, हमें आपके आदेश का पालन करने के लिए थोड़े और समय की आवश्यकता है। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत के निर्देशों के मुताबिक बैंक को मिलान करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उसे केवल जानकारी साझा करना है। बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि निर्वाचन आयोग को एसबीआई से चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा मिले हैं और इसे समय पर सार्वजनिक किया जायेगा। आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एक दिन पहले ही यह डाटा सार्वजनिक कर दिया है। इसके मुताबिक बीते पांच वर्षों में 1334 कंपनियों एवं लोगों ने कुल 16518 करोड़ रुपये के 22,271 बॉन्ड खरीदे। बॉन्ड खरीदने वाली दस बड़ी कंपनियों में फ्यूचर गेमिंग 1368 करोड़, मेघा इंजीनियरिंग 980 करोड़, क्विक सप्लाई चेन 410 करोड़, वेदांता लि. 400 करोड़, भारती ग्रुप 227 करोड़, एस्सेल माइनिंग 224 करोड़, पश्चिमी यूपी पावर कारपोरेशन 194 करोड़ और मदनलाल लि. ने 185 करोड़ के बॉड खरीदे। इस तरह खरीदे गये कुल 16518 करोड़ रुपये के बॉन्ड में बीजेपी को 6020 करोड़, टीएमसी को 1609 करोड़, कांग्रेस को 1421 करोड़, बीआरएस को 1214 करोड़, बीजेडी को 775 करोड़, डीएमके को 639 करोड़, वाईएसआर कांग्रेस को 339 करोड़, टीडीपी को 218 करोड़, शिवसेना को 158 करोड़, आरजेडी को 72 करोड़ रुपये के बॉन्ड मिले।

सहमति से संभव है 'एक देश, एक चुनाव'

विजय कपूर

भारत की सियासी यात्रा में जीएसटी एक ऐसा विषय है जब राज्यों ने व्यापक उद्देश्य के लिए एकतरफा कर लगाने के अपने अधिकार को अपनी इच्छा से त्याग दिया था। यह समर्थन पाने के लिए दो केंद्रीय सरकारों को वर्षों तक काम करना पड़ा था। लोकतंत्र में समझा-बुझाकर मनाना गुण होता है। इसलिए एक देश एक चुनाव पर अगला कदम उठाने से पहले सरकार सभी स्टेक होल्डर्स का सहयोग पाने का प्रयास करे।

एक देश, एक चुनाव से संबंधित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाले उच्चस्तरीय पैनल ने अपनी 18,000 से अधिक पृष्ठों वाली रिपोर्ट 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी, जिसमें केवल 321 पृष्ठों को ही सार्वजनिक किया गया है। पैनल को सरकार के प्रत्येक स्तर के चुनाव एक साथ कराने की संभावना तलाशने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिस पर उसने कहा है कि इस व्यवस्था को साल 2029 तक अपनाया जा सकता है। लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव साथ कराने में कोई खास चुनौती सामने नहीं आने जा रही है, क्योंकि उचित संवैधानिक संशोधन को राज्य विधानसभाओं से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है। लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों व मतदाता सूचियों को भी साथ मिलाने में कम से कम आधी विधानसभाओं की अनुमति जरूरी होगी। पैनल ने 3-टियर साथ चुनाव कराने की सिफारिश करते हुए कहा है कि लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव साथ कराने के 100 दिन के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव कराये जा सकते हैं।

विपक्ष की अधिकतर पार्टियों ने इस रिपोर्ट का विरोध किया है और कहा है कि 'एक देश, एक चुनाव का उद्देश्य संविधान को पूरी तरह से खत्म कर देना है। उनके अनुसार, यह प्रस्ताव 'बुनियादी चुनावी सिद्धांतों' और भारतीय संविधान के संघीय ढांचे के विरुद्ध है। शिव सेना(यू) के नेता उद्धव ठाकरे ने कहा है कि यह प्रस्ताव तानाशाही की ओर उठाया गया कदम है। कांग्रेस, तृणमूल, आप और माकपा ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। बसपा ने खुलकर तो प्रस्ताव का विरोध नहीं किया है, लेकिन कुछ चिंताएं अवश्य व्यक्त की हैं, जो, उसके अनुसार, इस योजना को लागू करना चुनौतीपूर्ण बना देगा। सपा का कहना है कि अगर एक साथ चुनाव कराये गये तो राज्य-स्तर की पार्टियां चुनावी योजना व खर्च में राष्ट्रीय पार्टियों का मुकाबला नहीं कर पायेंगी, जिससे दोनों प्रकार की पार्टियों में मतभेद बढ़ जायेंगे। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट किया है, नियमित अंतराल पर चुनाव सरकारों को

जिम्मेदार बनाये रखती हैं। 'एक देश, एक चुनाव' में अनेक संवैधानिक मुद्दे हैं, लेकिन सबसे खराब यह है कि सरकारों को पांच साल तक जनता के गुस्से की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यह भारतीय संघवाद के लिए मौत की घंटी होगी। यह भारत को एक-दलीय राज्य में बदल देगा। बहरहाल, इस विषय पर विधि आयोग भी जल्द अपनी रिपोर्ट देगा। हालांकि विधि आयोग अपनी पिछली रिपोर्टों में एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में नहीं रहा है, जो उसके नजदीक अव्यवहारिक व गैर जरूरी हैं, लेकिन अब सूत्रों का कहना है कि वह सरकार के तीनों टियर- लोकसभा, राज्य विधानसभाओं व स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं व पंचायतों- के चुनाव 2029 से साथ कराने की सिफारिश करेगा और यह भी कि अगर त्रिषंकु सदन आता है या अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता है तो साझी सरकार का प्रावधान हो।

रामनाथ कोविंद पैनल की रिपोर्ट

कोविंद पैनल ने साथ चुनाव कराने की कोई समय अवधि नहीं दी है। लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव साथ कराने के संदर्भ में पैनल ने सुझाव दिया है कि आम चुनाव के बाद जब लोकसभा की पहली बैठक हो तो राष्ट्रपति उसे नियुक्त तिथि के तौर पर नोटिफाई करें और इस तिथि के बाद जो राज्य विधानसभाओं का गठन हो वह लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल पर केवल इस तिथि तक के लिए ही हो। गौरतलब है कि आजादी के बाद भारत में एक साथ चुनाव कराने का सिलसिला आरंभ हुआ था, जो लगभग 1967 तक चला और फिर गाड़ी पटरी से उतर गई। पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के जो तर्क दिए हैं उन्हें संक्षेप में दोहराना जरूरी है। एक लोकसभा चुनाव में कम से कम 7 मिलियन चुनाव कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में शामिल होना पड़ता है। स्कूल पोलिंग बूथ के तौर पर प्रयोग किये जाते हैं और बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ता है। छोटे स्केल पर यही प्रक्रिया विधानसभा चुनावों के लिए दोहरानी पड़ती है। साथ चुनाव कराने से संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा सकेगा।

प्रशासनिक बोझ सीमित करने की बात तो कुछ समझ में आती है, लेकिन पैनल ने एक साथ चुनाव कराकर आर्थिक लाभ की जो बात कही है, वह गले से नहीं उतरती है। आर्थिक विकास जटिल प्रक्रिया है। इसलिए इसे संकीर्ण दायरों में समेटना ठीक नहीं है। ध्यान रहे कि डाटा इस पक्ष में है कि भारत में आर्थिक ग्रोथ का चरण 1980 के दशक में आरंभ हुआ था और तब चुनावी चक्र अतुल्यकालिक था यानी सभी चुनाव साथ नहीं होते थे। अगर राज्य सरकार अपना 5-वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने से पहले गिर जाती है तो पैनल ने दो सुझाव दिए हैं। एक, बिना ताजा चुनाव कराये नई सरकार गठित कर दी जाये, जिसका कार्यकाल 'एक देश, एक चुनाव' के अगले चक्र तक हो। दूसरा यह कि कोई सरकार न बनायी जाये। इसका अर्थ होगा ताजे चुनाव या केंद्र का शासन। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से क्या होना चाहिए, यह चुनाव आयोग को तय करना है। लेकिन हर सूरत में चुनाव एक साथ ही होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुलवादी चुनावी प्रणाली ऐसी व्यवस्था है, जिसमें कभी कभी स्थायी बहुमत नहीं मिल पाता है। यह त्रिषंकु सदन के संदर्भ में कहा गया है। लेकिन इस बिंदु पर रिपोर्ट में आगे कुछ नहीं कहा गया है, जबकि एक साथ चुनाव कराने का सिलसिला मुख्यतः इसी कारण से टूटा था। एक साथ चुनाव कराने के जो अन्य तर्क दिए गये हैं उनमें से भी अधिकतर को समझ पाना मुश्किल है। मसलन, कहा गया है कि एक साथ चुनाव कराने से पहचान की राजनीति को नियंत्रित किया जा सकेगा। क्या ऐसा मुमकिन है? आरक्षण के लिए आंदोलन या किसानों के धरने हमेशा निकटस्थ चुनाव की रणनीति से जुड़े नहीं होते हैं। बहरहाल, सबसे बड़ी समस्या यह है कि एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल एक मत नहीं हैं।

पैनल को लगभग 47 राजनीतिक पार्टियों ने अपनी राय दी थी। इनमें से 15 यानी तकरीबन हर तीन में से एक ने एक साथ चुनाव कराये जाने के विचार का विरोध किया है। यह बात महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक साथ कराये गये चुनावों की कीमत राज्य विधानसभाओं को चुकानी पड़ेगी, जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, पैनल एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया को लोकसभा के कार्यकाल से जोड़ना चाहता है। पैनल का कहना है कि ऐसा बिना राज्यों की सहमति से किया जा सकता है। भारत की सियासी यात्रा में जीएसटी एक ऐसा विषय है जब राज्यों ने व्यापक उद्देश्य के लिए एकतरफा कर लगाने के अपने अधिकार को अपनी इच्छा से त्याग दिया था। यह समर्थन पाने के लिए दो केंद्रीय सरकारों को वर्षों तक काम करना पड़ा था। लोकतंत्र में समझा-बुझाकर मनाना गुण होता है। एक साथ चुनाव कराने से हानिकारक परिवर्तन आयेगा। इस समस्या का समाधान तभी मुमकिन है जब सरकार अगला कदम उठाने से पहले सभी राजनीतिक स्टेक होल्डर्स का समर्थन व साथ प्राप्त करने का प्रयास करे।

सोशल मीडिया

गोरखपुर में 339 करोड़ लागत से आज 207 एकड़ में विस्तृत राप्तीनगर विस्तार व स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का शिलान्यास सम्पन्न हुआ, इन योजनाओं से हजारों रोजगार के मौके सृहित होंगे। सीएम योगी.

कर्तव्य के फल

जहां प्रयास होता है वहीं प्रगति होती है। मनुष्य का व्यक्तित्व एक प्रकार का उद्यान है। उसके साथ अनेकों आत्मिक और भौतिक विशेषताएं जुड़ी हुई हैं। उनमें से यदि कुछ को क्रमबद्ध, व्यवस्थित और विकसित बनाया जा सके, तो उनके स्वादिष्ट फल खाते-खाते गहरी तृप्ति का आनन्द मिलता है, पर यदि चित्तगत वृत्तियों को शरीरगत प्रवृत्तियों को ऐसे ही अनियंत्रित छोड़ दिया जाये, तो वे भौंड़े गंवारू एवं उद्धत स्तर पर बढ़ती हैं और दिशा विहीन उच्छूंखलता के कारण जंगली झाड़ियों की तरह उस समूचे क्षेत्र को अगम्य एवं कंकटाकीर्ण बना देती हैं। जीवन कल्पवृक्ष की तरह असंख्यों सत्परिणामों से भर-पूरा है पर उसका लाभ मिलता तभी है जब उसे ठीक तरह से साधा संभाला जाये। इस क्षेत्र की सुव्यवस्था के लिए की गयी चेष्टा को साधना कहते हैं। कितने ही देवी-देवताओं की साधना की जाती है और उससे कतिपय वरदान पाने की बात पर विश्वास किया जाता है। इस मान्यता के पीछे सत्य और तथ्य इतना ही है कि इस मार्ग पर चलते हुए अन्तःक्षेत्र की श्रद्धा को विकतिस किया जाता है। आदतों को नियंत्रित किया जाता है। इन सबका मिला-जुला परिणाम व्यक्तित्व पर चढ़ी हुई दुष्प्रवृत्तियों का निराकरण करने तथा सद्वृत्तियों को स्वाभाव का अंग बनाने में सहायक सिद्ध होता है। सुसंस्कारों का अभिवर्द्धन प्रत्यक्षतः दैवी वरदान है। उसके मूल्य पर हर व्यक्ति अभीष्ट प्रयोजन की दिशा में अग्रसर हो सकता है। साधना आत्मिक क्षेत्र में भी होती है और भौतिक क्षेत्र में भी। कदम जिस भी दिशा में बढ़ते हैं, प्रगति उसी ओर होती है। अपनी सतर्कता पूर्ण सुव्यवस्था जिस भी मार्ग पर गतिशील कर दी जाये उसी में एक के बाद एक सफलता के मील के पत्थर मिलते चले जायेंगे। साधना का महत्व किसान जानता है। पूरे वर्ष अपने खेल की मिट्टी के साथ अनवरत गति से लिपटा रहता है और फलस को स्वेद कणों से नित्य ही सींचता रहता है। सर्दी-गर्मी की परवाह नहीं, जुकाम खांसी की चिंता नहीं। शरीर की तरह ही खेत उसका कर्मक्षेत्र होता है। एक-एक पौधे पर नजर रहती है। खाद, पानी, निराई, गुड़ाई से लेकर रखवाली तक के अनेकों कार्य करने से पूर्व वह आवश्यकता समझता है कि कब, क्या और कैसे किया जाना चाहिएऊ किसी के दबाव से नहीं, अपनी इच्छा और प्रेरणा से ही उसे खेत की, उसे संभालने वाले बैलों की, हल-कुदाल आदि संबंद्ध उपकरणों की व्यवस्था जुटाये रहने की सूझ-बूझ सहज ही उठती और स्वयं चालित रूप से गतिशील होती रहती है। यह सब होता है, बिना थके, बिना ऊबे, बिना अधीर हुए।

अंतर्दृष्टि

विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

राष्ट्रहित में नहीं सीएए पर सियासत

मुद्दा ● अरविन्द जयतिलक

भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 लागू करने से जुडे.नियम अधिसूचित किए जाने के बाद जिस तरह विपक्षी दलों द्वारा अनावश्यक बखेड़ा खड़ा किया जा रहा है, वह कुलमिलाकर उनकी संकीर्ण और तुष्टिपरक राजनीति को ही उद्घाटित करता है। बेशक विपक्षी दलों को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करें और जरुरत पड़े तो संसद से लेकर सड़क तक विरोध जताएं। लेकिन जब मसला राष्ट्रहित और मानवीय संवेदना से जुड़ा हो तो विपक्षी दलों को भी धैर्य और आत्मसंयम का परिचय देना चाहिए।

संकीर्ण राजनीति की भावनाएं राष्ट्र के भविष्य से बढ़कर नहीं हो सकती। क्या यह सच नहीं है कि पड़ोसी देशों मसलन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक यानी हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग राज्यपोषित अत्याचार से पीड़ित हैं? क्या यह सच नहीं है कि वे अपनी जान बचाने के लिए ही भारत में शरण लिए हुए हैं? अगर इन परिस्थितियों में भारत सरकार नागरिकता संशोधन विधेयक के जरिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करती है तो इसमें अनुचित क्या है? यह सही है कि भारत को शरणार्थियों का धर्मशाला नहीं बनने देना चाहिए और न ही दुनिया में संदेश जाना चाहिए कि भारत धर्म के आधार पर नागरिकता देने का फैसला करता है। लेकिन इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भारत अपने पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों से मुंह फेर ले। पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यक सात दशक पहले भारत का हिस्सा थे। आज अगर पड़ोसी देश उन पर कहर बरपा रहा है और वे जान बचाकर भारत आ रहे हैं तो उन्हें अपनाना भारत का धर्म है। लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ राजनीतिक दल अनावश्यक वितंडा खड़ा कर इस मसले को मजहबी रंग देने पर आमादा हैं। उनका तर्क है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, ऐसे में किसी को धर्म के आधार पर नागरिकता कैसे दी जा सकती है? उनका यह भी कहना है कि जब पड़ोसी देशों से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है तो फिर पड़ोसी देशों से आने वाले मुसलमानों को इस अधिकार से कैसे वंचित किया जा सकता है? उनकी दलील है कि भारत वसुधैव कुटुंबकम और सर्वधर्म समभाव की संस्कृति का हिमायती है। फिर मजहब के आधार पर किसी के साथ भेदभाव कैसे किया जा सकता है?

निःसंदेह विपक्षी दलों का तर्क अनुचित नहीं है। भारत का संविधान भी जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव की इजाजत नहीं देता। लेकिन उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले को मजहबी विमर्श के दायरे में बांधने के बजाए मानवीय विस्तार दें। देश की मौजुदा परिस्थितियों को समझें। यह सच्चाई है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी मुस्लिम राष्ट्र हैं। यहां सिर्फ मुसलमानों के ही हित सुरक्षित हैं। जेहाद के जरिए अल्पसंख्यकों का धर्मांतरण कराया जाता है। यह सच्चाई है कि इन देशों में अल्पसंख्यकों के अधिकार और जीवन रंचमात्र भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जो कोई इनकी रक्षा के लिए आवाज बुलंद करता है, उसे मौत की नींद सुला दिया जाता है। स्वयं पाकिस्तान सीनेट की स्थायी समिति खुलासा कर चुकी है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बद से बदतर है। भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो आज उनकी संख्या घटकर दो फीसद से भी कम रह गयी है। कमोवेश यही स्थिति बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की भी है। गत वर्ष पहले अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लोदश में अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है और अल्पसंख्यकों के उन्मूलन के लिए बांग्लादेश में सम्मिलित प्रयास किए जा रहे हैं। क्या यह सच नहीं है कि बांग्लादेश के निर्माण के समय यहां अल्पसंख्यकों की आबादी एक तिहाई थी जो आज घटकर 15 वां हिस्सा भर रह गयी है? क्या भारत के विपक्षी दल बताएंगे कि ऐसी ही स्थिति यहां रहने वाले मुसलमानों की भी है? क्या उनकी भी तादाद अल्पसंख्यकों की तरह घटी है? क्या उन पर भी अल्पसंख्यकों की तरह ही अत्याचार होता है? अगर नहीं तो फिर वे किस मुंह से मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दिए जाने का आवाज बुंलंद कर रहे हैं? क्या यह दशार्ता नहीं है कि वे तुष्टीकरण की सियासत कर रहे हैं?

बहरहाल वे जो भी तक-कुतर्क गढ़े लेकिन यह सच्चाई है कि वे ऐसा कर राष्ट्र का ही नुकसान कर रहे हैं। उन्हें इस बात का भान होना चाहिए कि बांग्लादेश से आए करोड़ों लोगों ने पूर्वोत्तर राज्यों की समस्याओं में इजाफा किया है। यहां के सामाजिक-राजनीतिक माहौल को दूषित किया है। यहां के मूल निवासियों को उजाड़ा है। कई आतंकी संगठनों ने तो इन घुसपैठियों की मदद से हजारों निर्दोष भारतीयों की जान ली है। ऐसे में उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले पर अनावश्यक वितंडा खड़ा करने के बजाए मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए नागरिकता संशोधन कानून का सम्मान करें। वैसे भी ध्यान रखना होगा कि भारत विभाजन से पूर्व पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत के ही हिस्सा थे। अफगानिस्तान से भारत का भाईचारे का रिश्ता था। अस्तित्व में आने के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों देशों ने अपने यहां रह रहे अल्पसंख्यकों को भरोसा दिया था कि उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन वे अपने वादे को निभाने में विफन रहे। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा तो दूर उनके अस्तित्व को ही मिटा डाला। क्या इस सच्चाई से भारत के विपक्षी दल सुपरिचित नहीं हैं? फिर वे बखेड़ा क्यों खड़ा कर रहे हैं? विपक्षी दलों को ध्यान रखना होगा कि किसी भी देश के लिए उसके हित और मानवीय मूल्य दोनों महत्वपूर्ण होते हैं। इसे ध्यान में रखकर ही सरकार ने नागरिकता संशोधन विधेयक को कानूनी जामा पहनाई।

सरकार का मकसद इस कानून की मदद से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न से भागकर भारत आए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का रास्ता सुगम बनाना है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की नेतृत्व वाली राजग सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में लोकसभा में इस संशोधन विधेयक को पेश किया था और इसे पारित करा लिया था। लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों द्वारा विरोध के कारण सरकार इसे राज्यसभा में पेश नहीं की। चूंकि लोकसभा भंग हो गया इस नाते यह विधेयक भी निष्प्रभावी हो गया। लेकिन बाद में सकरार इसे संसद से पारित कराने में सफल रही।

गौर करें तो अब नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जा सकती है।

कानून का प्रावधान सुनिश्चित करता है कि जो अवैध प्रवासी पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के निर्दिष्ट अल्पसंयक समुदायों के हैं उनके साथ अवैध प्रवासियों जैसा व्यवहार नहीं किया जाएगा। गौर करें तो इन अल्पसंख्यक समुदायों में सिर्फ हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के ही लोग हैं। यानी इससे इतर अल्पसंख्यक प्रवासी जो इन धर्मों से ताल्लुक नहीं रखते हैं उन्हें नागरिकता नहीं मिलेगी। गौर करें तो विपक्षी दल इसी प्रावधान को लेकर बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का उलंधन है। क्योंकि यह अवैध प्रवासियों के दरम्यान धर्म और मजहब के आधार पर विभेद पैदा करता है। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी कि विपक्षी दलों के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों द्वारा भी नागरिकता संसोधन विधेयक का विरोध किया गया था। तब उनका तर्क था कि अगर इस विधेयक को लागू किया गया तो उनके सामने पहचान और आजीविका का संकट उत्पन हो जाएगा। लेकिन चूंकि अब सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 को लागू करने से जुडे.नियमों को अधिसूचित कर दिया है ऐसे में विपक्ष को सकारात्मक और मानवीय रुख का ही परिचय देना उचित होगा।

आप की बात

सड़कों की गुणवत्ता

हर साल बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि सड़कों के रखरखाव पर सरकार को ओर अधिक ध्यान देना चाहिए।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

संविदा कर्मियों की दशा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

संक्षेप

टैक्सी पलटने से चार घायल

बांदा। बीती शाम ऑटो टैक्सी सीएनजी बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में डिसबैलेंस होकर पलट गईं जिससे सीएनजी पर सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हे करतल पुलिस व एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए सीएचसी मे भर्ती कराया गया। गंभीर हालत होने पर चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। करतल से ऑटो टैक्सी सीएनजी नरैनी सवारी ले कर आ रहा था। तभी करतल मार्ग के नहरी गांव के पास नरैनी की तरफ से दो बाइक सवार बाइक को लहराते हुए निकले जिनको बचाने के चक्कर में सीएनजी पलट गई। बाइक सवार रफू चक्कर हो गए। देवरार गांव के निवासी कैलाश की 52 वर्षीय पत्नी सिया बाई व उसका 65 वर्षीय पति बब्बू मैनेजर तथा इसी गांव का निवासी कैलाश का 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र व बांसपोखरी राजीव नगर निवासी मुनीलाल का 28 वर्षीय पुत्र ब्रजकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया। सीएनजी में बैठी रचना ने बताया कि सभी दाहिनवारा देने करतल क्षेत्र के सहेंवा गांव गए थे। लौटते समय घटना हो गई।

पति ने लगायी फांसी

बांदा। पति-पत्नी के बीच शराब पीने को लेकर हुए विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरका कस्बा निवासी संतोष कुमार 43 पुत्र पन्नालाल प्रजापति 6 बीघे का कास्तकार है और शराब पीने का आदी था। शराब पीने को लेकर पत्नी सीता से आये दिन विवाद होता था। गुरूवार की देर शाम खेतों से काम करने के बाद नशे की हालत मे घर पहुंचे पति-पत्नी मे विवाद हुआ।

नाराज होकर संतोष सोने चला गया और इसी बीच मौका पाकर गले मे रस्सी का फंदा डालकर झूल गया। रात लगभग 10 बजे पत्नी खाने के लिए बुलाने गयी तो देखा कि वह फांसी के फंदे पर लटक रहा है। यह देखकर पत्नी ने परिजनों को बुलाया और फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गयें लेकिन डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जय नारायण का कहना है कि बीते अक्टूबर मे पुराना ट्रैक्टर जमा कर नया ट्रैक्टर खरीदकर लाया था किश्त न जमा कर पाने के कारण वह परेशान रहता था इसी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष नरेश कुमार प्रजापति का कहना है कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

नेहरू युवा मंडल की खेलकूद प्रतियोगिता

बांदा। मतदाता जागरूकता माह के चलते ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जसपुरा ब्लाक के नांदादेव जूनियर हाई स्कूल मे नेहरू युवा मंडल घुरौंडा के तत्वावधान मे खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमे छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर विभिन्न खेलों मे प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र बांटे गये। इस अवसर पर अजित प्रकाश गुप्ता, प्रधानाध्यापक दीन दयाल अवस्थी, जीतेन्द्र धुरिया, कुलदीप तिवारी, खेल शिक्षक विवेक सिंह, विमल सिंह, छात्रा प्रांशी, शगुन, रिया, शिवांश, देव कुमार, सुमित, प्रियंका, मदीना व मयंक आदि बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन ऋतेश त्रिपाठी अज्ञात ने किया।

अतिसंवेदनशील बूथों का एसपी ने किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना बार का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी ली गयी। सलामी गार्द का निरीक्षण कर गार्द में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट को चैक किया गया। तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय के रजिस्टरों रजिस्टर नं0 8, एनसीआर रजिस्टर, रजिस्टर नं0 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, महिला उत्पीडन रजिस्टर आदि को चेक किया गया जिनका रखरखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया। फ्लाई शीट व एच.एस. रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि एच.एस. की चेकिंग साप्ताहिक रूप से करके रजिस्टर में अंकित करें ताकि अपराध में प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय-समय पर चेकिंग के पश्चात निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। आई.जी.आर.एस. रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि आई.जी.आर.एस. शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है। आई.जी.आर.एस. को गम्भीरता से लेकर लम्बित समस्त प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना व क्रियान्वयन के सम्बन्ध में धर्मगुरूओं के साथ संवाद व शांति समिति की बैठक तथा सीएए के प्रति जागरूकता फैलाई जाये ताकि भ्रम की स्थिति न रहे हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना बार को निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र के समस्त शस्त्र लाइसेन्स धारकों के शत प्रतिशत शस्त्रों को जमा कराने की कार्यवाही करें तथा थाना क्षेत्र के वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों की निरन्तर निगरानी, बॉर्डर चैकिंग, जिला बदर आदि की चैकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बल्नरेवल, क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण करने हेतु व म0प्र0 बोर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्धों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पैदल गस्त, फ्लैग मार्च, रात्रि गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान बीट आरक्षियों की बीट बुको को चैक किया गया तथा उनमें प्रविष्टियों को पूर्ण करने तथा नियमित रूप से अपनी अपनी बीट में भ्रमणशील रहकर बीट सूचनाये अंकित कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रभारी निरीक्षक थाना बार को आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण ड्रिल करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा थाना क्षेत्र के चैकीदारो से वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की सूचना थाना प्रभारी को बताने हेतु निर्देशित किया गया।

खरीद केंद्रों में गेहूं बिक्री की बेहतर व्यवस्था : डीएम

जिला संवाददाता

बांदा। गेहूं खरीद को लेकर शासन ने किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गयी है। यह चालू वर्ष मे घोषित समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल से 150 रुपये अधिक है। गेहूं बेंचने के लिए किसानों को क्रय केन्द्र पर गेहूं की उतराई, छनाई एवं सफाई के मग मे खर्च होने वाले 20 रुपये उनके गेहूं के मूल्य के साथ वापस किया जाएगा। गेहूं की खरीद 1 मार्च से शुरू हो गयी है और यह 15 जून तक संचालित रहेगी। सभी केन्द्रों मे सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे तक रविवार एवं राज पत्रित अवकाशों को छोड़कर सभी कार्य दिवसों मे खुले रहेंगे। उन्होने बताया कि जिले मे खाद्य विभाग के 22, पीसीएफ के 42, भारतीय खाद्य निगम के 6, यूपी एसएस के 6, एवं नेफेड के 6 गेहूं खरीद केन्द्र संचालित हैं। डीएम ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे मोबाइल खरीद केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद की जाएगी। नजदीकी खरीद केन्द्र प्रभारी किसानों से संपर्क कर किसी गांव मे एक ट्रक गेहूं की उपलब्धता होने पर वहीं पहुंचकर गेहूं की खरीद सीधे भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो पर संबंधित केन्द्र पर नियुक्त हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों से कराया जाएगा। इस काम के लिए किसानों को किसी प्रकार का अतिरिक्त खर्च नही करना पड़ेगा। किसानों को सरकारी खरीद केन्द्रों पर बेंचे गये गेहूं के मूल्य का भुगतान आधार लिंक एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खाते मे पीएफएमएस के माध्यम से 48 घण्टे मे किया जाएगा। इसके अलावा गेहूं बेंचने के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था सभी खरीद केन्द्रों पर की गयी है। ऐसे किसान जो खरीद केन्द्र पर गेहूं बेंचने के लिए आने मे असमर्थ हैं वह किसान अपने बिक्री के लिए पंजीयन प्रपत्र मे प्रतिनिधि के रूप मे माता, पिता, पुत्र, पुत्री, सगा भाई, बहन, दामाद, पुत्र वधु नामित कर उनके द्वारा गेहूं बेंच सकते हैं। किसानों को खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेंचने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण, किसान पंजीयन मे 100 क्विंटल गेहूं की बिक्री करने पर सत्यापन से मुक्त रखा गया ह किसान भी पंजीकरण कराते हुए बिक्री कर सकेंगे।

समूहों के जैविक गुलाल स्टॉल को डीएम ने सराहा

बांदा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समूहों ने होली के त्योहार के लिए निर्मित किए गये महर्षि बामदेव जैविक गुलाल का कलेक्ट्रेट मे लगाए गये स्टॉल को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने देखा और इसकी सराहना की। जैविक गुलाल बनाने का प्रशिक्षण स्वयं सहायता समूहों को दिलाया गया था। इसके तहत जिले मे गठित जय मां दुर्गे स्वयं सहायता समूह एवं जय मां काली स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने हर्बल गुलाल तैयार किया है। यह गुलाल घरेलू उपयोग मे आने वाले खाद्य पदार्थों अरारोट, आटा, खाने के रंग, एसेन्सियल ऑयल, पालक, चुकन्दर तथा हल्दी से बनाया गया है। इसमे किसी तरह के केमिकल का उपयोग नही किया गया। इस वजह से व्यक्ति की त्वचा के लिए किसी तरह से हानिकारक नही है। जिलाधिकारी ने जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रोत्साहित कर स्वयं भी गुलाल खरीदा। उन्होने महिला स्वयं सहायता समूह के तैयार किए गये हर्बल गुलाल उत्पाद को जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी खरीदने के लिए प्रेरित किया ताकि इन महिलाओं की आय मे बढ़ोत्तरी हो सके और होली के पर्व पर बाजार मे बिक्री के लिए उपलब्ध हानिकारक गुलाल के उपयोग से बचा जा सके। जिला नगरीय विकास अभिकरण के प्रभारी परियोजना अधिकारी राकेश जैन ने बताया कि इस हर्बल गुलाल को क्रय करने के लिए जय मां दुर्गे स्वयं सहायता समूह की शालिनी पाण्डेय मो0 9170492700 व जय मां काली स्वयं सहायता समूह रजनी द्विवेदी के मोबाइल नं 8299271449 से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अमिताभ यादव व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय स्थित अपर पेशी, वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, सम्मन सेल, मॉनीटरिंग सेल, आईजीआरएस कार्यालय, रिकार्ड रूम आदि का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। वाचक कार्यालय के क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, फ्लाई शीट व एच.एस. रजिस्टर, शस्त्र अभिलेखों आदि को चेक किया गया जिनका रखरखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान लम्बित प्रचलित प्रारम्भिक जाचों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित प्रारंभिक जाँचों के समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पेन्शन प्रकरण एवं सेवायोजन सम्बन्धी प्रकरणों में समय से निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस कर्मियों के चरित्र पंजिकाओं को देखा गया एव सम्बन्धित को दण्ड व रिवार्ड मिलने पर चरित्रपंजिकाओं में समय से अंकन किये जाने एव व्यवस्थित रूप से रखरखाव रखने हेतु निर्देशित किया गया। अपर पेशी कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

आई.जी.आर.एस. सेल में रजिस्टर को चैक कर आईजीआरएस प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आई.जी.आर.एस. शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है। आई.जी.आर.एस. को गम्भीरता से लेकर जनपद के समस्त थानों के लम्बित समस्त प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण कर न्यायालय में लम्बित चिन्हित मुकदमों की निरंतर प्रभावी पैरवी कराकर अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय के सभी रजिस्टरों व पत्रावलियों का अवलोकन किया गया तथा उनमें अंकित की जाने वाली प्रवष्टियों को चेक किया गया। पुलिस कार्यालय की आंकिक शाखा का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालय के वेतन रजिस्टर, कन्टीजेन्सी रजिस्टर, कैजुअल्टी रजिस्टर, यात्रा भत्ता, जीपीएफ स्वीकृत रजिस्टर आदि रजिस्टर व पत्रावलियों का अवलोकन किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। रिकार्ड रूम का निरीक्षण कर रजिस्टरों को चेक कर अद्यावधिक करने व स्टेशनरी के सामान को आवश्यकतनुसार वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मगण मौजूद रहे।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने धरनीधर

ललितपुर। उत्तर प्रदेश राजकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शिक्षा विभाग शाखा ललितपुर का निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर धरनीधर द्विवेदी निर्विरोध किये गये। वहीं मंत्री पद पर जीजीआईसी ललितपुर के इरशाद खां, कोषाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र सिंह डायट, कार्यवाहक अध्यक्ष बेसिक शिक्षा विभाग के गोविंद राय मिश्रा, वरिष्ठ अध्यक्ष राजकीय इण्टर कालेज के रामदीन, आडिटर पद पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज महरौनी के घनेन्द्र सिंह चुने गये। वहीं पांच सदस्यों को भी निर्वाचित किया गया जिसमें साटूराम, संजय श्रीधर, उमाशंकर, गरीब दास, अमर सिंह शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में वरिष्ठ सहायक जीजीआईसी ललितपुर कपिल देव शर्मा, कनिष्ठ सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भानूप्रताप सिंह एवं डायट से कनिष्ठ सहायक शोभित कुमार शामिल रहे।

कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स विषय के अंतर्गत दिया प्रशिक्षण

महोबा। समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली के निर्देशन में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और नोडल शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ गुरुवार के दिन सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया था। उक्त अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा बृजेश कुमार शुक्ला तथा डीसी रमसा अमित कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित किया। मास्टर ट्रेनर पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे एवं शिक्षक सतीश मिश्रा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। प्रशिक्षण के दौरान सभी ने बेसलाइन और साइकोमेट्रिक टेस्ट के द्वारा स्वयं का अवलोकन किया एवं सभी ने पढ़ाई के दौरान छात्र एवं छात्राओं की रूचि जाग्रत करने के सम्बन्ध में अपने सुझाव व्यक्त किए। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अनुराधा द्विवेदी, प्रधानाचार्य जगदेव वर्मा, पीसी अनुरागी, जागेश्वर स्वर्णकार, महेश चंद्र सक्सेना, मजहर अहमद, दिलीप कुमार, सीमा यादव, रणधीर राणा, नरेन्द्र सिंह, प्रतिभा देवी, विनीता, प्रीती कन्नौजिया, रोहिणी पटेल सहित जनपद के राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षकों के अलावा रमसा टीम से लेखाकार विवेक सचान, लेखाकार अशोक कुमार, शिवेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, जगत आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री ने ली भाजपा की सदस्यता

महोबा। समाजवादी पार्टी की सरकार में खनन राज्य मंत्री रहे सिद्ध गोपाल साहू ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के समक्ष भाजपा के लखनऊ कार्यालय में सदस्यता ग्रहण की।

किसानों को जैविक खाद की ओर मोड़ने का प्रयास

बांदा। खेती में लगातार कम हो रही उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए किसानों को जैविक खाद की ओर मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जमीन और स्वास्थ्य दोनो की रक्षा हो सके। इसी को लेकर बड़ोखर खुर्द गांव के प्रगतिशील किसान प्रेम सिंह के बगीचे मे मिट्टी बने सोना के तहत गोष्ठी आयोजित की गयी। जैविक खाद की निमार्ता कंपनी तिरंगा ने उपयोग व किसानों को आत्मनिर्भर बनने एवं खाद मे खर्च कम करने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी मे आये कृषि विशेषज्ञों ने रायायनिक व जैविक खाद के अंतर के बारे मे बताया इसके लाभ एवं हानि से किसानों को अवगत कराया। तिरंगा कंपनी के प्रमोटर सर्वेश सिंधु ने कहा कि जैविक खाद मिट्टी के स्वास्थ्य और उपजाऊपन को बेहतर बनाकर पोषण करता है। मिट्टी मे वायु संचार बढ़ाकर पानी को धारण करने की क्षमता बढ़ाता है साथ ही लाभदायक सूक्ष्म जीवों की मात्रा को बढ़ाता है। इसके उपयोग से मिट्टी मे कार्बन और पौधों का विकास होता है। गोष्ठी मे मौजूद किसानों को जैविक खाद के किट वितरित किए गये ताकि किसान इसका उपयोग कर इसकी क्षमता को जानें।

कहा कि इसके बाद वह इस क्षेत्र मे जैविक खाद तैयार करने के लिए एक बड़ा कारखाना लगाएंगे और यहां का कच्चा माल यहीं पर कारखाने मे प्रक्रियागत करके किसानों को जैविक खाद उपलब्ध कराई जाएगी। किसान प्रेम सिंह ने किसानों को रासायनिक खाद से दूर रहकर जैविक खाद अपनाने पर जोर दिया। कहा कि हरियाणा की ओम ग्रुप कंपनी यहां का निस्प्रयोज्य कच्चे माल का उपयोग कर जैविक खाद का कारखाना लगाने के लिए प्रयासरत है। जल पुरूष पुष्पेन्द्र भाई ने खेतों मे मेड़बंदी कर पानी एकत्र करने की सलाह दी। कृषक आशीष सिंह, किसानबदलाव कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही विधियों सीएनजी आदि के लाभ के बारे मे जानकारी दी।

क्षय रोगियों को शत-प्रतिशत धनराशि उपलब्ध करायें: डीएम

ललितपुर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान की समीक्षा हेतु आज जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैक्ट्रेट कक्ष में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में क्षय रोगियों के नोटिफिकेशन, एचआईवी स्टेशट, यूडीएसटी जांच व सभी को निक्षय पोषण योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत धनराशि उपलब्ध करायें, साथ ही टीबी रोगियों की सीबी नोट, एफएनएसी और प्रूरल फ्लूट जैसी अत्याधुनिक जांचे मेडिकल कॉलेज में करायी जायें। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल के निदेर्शानुसार सभी क्षयरोगियों को अधिकारियों, शैक्षणिक संस्थाओं व औद्योगिक घरानों के द्वारा पोषण किट का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री की मंशानुसार वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

डॉ जेएस बक्शी द्वारा बताया गया कि दिसम्बर 2023 के दौरान प्रदेश रैंकिंग में जनपद की स्थिति अत्यन्त खराब रही, जिस सन्दर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा के लिए जनपद का तीन दिवसीय दौरा कर प्रगति में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए थे।

आज की स्थिति में जनपद ललितपुर प्रदेश रैंकिंग में 27वे स्थान पर है, जो पहले से काफी संतोषजनक है।

देसी बीज संरक्षण के संबंध में बैठक आयोजित

महोबा। अरुणोदय संस्थान कार्यालय में आर आर ए नेटवर्क के द्वारा जनपद के संस्था प्रमुखों व प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। आर आर ए से आये राजीव गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम किसानों को संस्था प्रमुखों के साथ मिलकर पुराने देशी बीजों के संरक्षण व संवर्धन तथा नई तकनीक के द्वारा किस प्रकार से बीज तैयार कर सकते हैं, इसके संबंध में हमारी संस्था काम करती है। हमारा यही उद्देश्य है कि आपके जनपद में भी पुराने बीजों का संवर्धन हो सके और हम लोग आपस में मिलकर बीज तैयार करने की तकनीक भी सीखें। उन्होंने बताया कि पहले हमारे किसान कठिया गेहूं, अलसी व चना तीनों को मिलाकर बोते थे और उससे अच्छा उत्पादन भी प्राप्त करते थे, इसमें किसी प्रकार के कीटनाशक का प्रयोग नहीं होता था, आज भी क्षेत्र के कई किसान मिश्रित फसल कर रहे हैं। इसी क्रम में पथिक फाउंडेशन से देवेंद्र अरजरिया द्वारा बताया गया कि खरीफ फसल व रवि फसल के साथ साथ हमारे क्षेत्र के किसान सब्जी की खेती भी करते हैं, उसमें भी कई किसान आज भी देशी बीजों का इस्तेमाल कर उत्पादन कर रहे हैं लेकिन यदि उन्हें इस प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाए कि वह किस प्रकार से अपने द्वारा और अधिक बीजों का उत्पादन कर सके और बीज तैयार कर सकें। प्रगतिशील किसान रमेश दादा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैं स्वयं देसी खाद तैयार कर रहा हूं और लगभग पांच एकड़ में प्राकृतिक खेती भी कर रहा हूं, इसके साथ ही प्राकृतिक केंद्र में देशी प्राकृतिक खाद जिसमें अमृत पानी, घन जीवामृत, नीमास्त्र आदि को तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अंत में अरुणोदय संस्थान के संस्था प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने आर आर ए नेटवर्क से आए राजीव गुप्ता सहित जिले के संस्था प्रमुखों व क्षेत्र के किसानों का आभार प्रकट किया।

रमजान के महीने में ऑल इंडिया यूनिट ने 150 गरीबों को राशन किट बांटी

नगीना, बिजनौर। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फोरम नगीना यूनिट की तरफ से 150 रमजान किट का वितरण किया गया।

ऑल इंडिया पयामय इन्सानियत के जिम्मेदार मुफ्ती फुजैल ने इस मौके पर बताया कि ऑल इंडिया पयामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से गर्मियों में पानी का निःशुल्क वितरण और जाड़ों में में गर्म कपड़े चाय वगैरा का प्रोग्राम भी चलता रहता है क्योंकि रमजान का महीना शुरू हो गया है यह किट रमजान मे बांटने का मकसद उन गरीब बैवा और बैसहरा लोगों की मदद करना और उनके लिए रोजा नमाज करने में आसानी पैदा कर है। उन्होंने और लोगों से भी अपील की ऐसी किट अपने-अपने इलाकों में जो लोग मजबूर बेसहारा और गरीब हैं उनको टाइम से बाट कर लोगों को राहत देने का काम करे। इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम, कारी रिजवान, मौलाना आमिर, सोनू, कफील आदि शामिल रहे।

आजाद समाज पार्टी की रैली में उमड़ा जनसैलाब

शहजाद अंसारी

बिजनौर। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद ने नगीना में आयोजित विशाल रैली में अपने सम्बोधन में पार्टी कार्यकर्ताओ में जान फूंकते हुए कहा कि यदि दलित व पिछड़ा व मुस्लिम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व मान्यवर कांशीराम के आदर्शों को अपनाकर चलेगा तो जहां सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर हजारों की संख्या में जनसमूह कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे मान्यवर काशीराम के 90 वें जन्मदिवस व आजाद समाज पार्टी की स्थापना की चैथी वर्षगांठ के मौके पर नगीना के हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित महारैली में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक चन्द्रशेखर आजाद कार्यकर्ताओ में जान फूंकने में सफल रहे। नगीना तथा आस पास के क्षेत्रों से आये हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि दलित व पिछड़ा व मुस्लिम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व मान्यवर कांशीराम के आदर्शों को अपनाकर चलेगा तो जहां सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा वहीं पार्टी भी आगे बढ़ती रहेगी उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता और समर्थक आने वाले चुनाव में एकजुट हो जाएं। इस मौके पर काशीराम के भाई दरबारा सिंह, प्रदेश अधयक्ष दिल्ली, अमित कसाना, इम्तियाज खां, एलपी सिंह पाल, महेन्द्र पाल, चेम्पियन सुल्तान, जिला अध्यक्ष हरिओम सिंह एडो0, विवके सैन सहित हजारों की संख्या में जनसमूह कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी। इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर यूपी 112 पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराया गया। साथ ही यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, कंट्रोल रुम, रेडियो शाखा, परिवहन शाखा, स्टोर, मेस, निमार्णाधीन बिल्डिंग, बैरकों, पुलिस कैंटीन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

संक्षेप

सिद्धरमैया ने की मोदी राजनाथ से मुलाकात

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यहां शिष्टाचार मुलाकात की। वह संसद भवन में प्रधानमंत्री से मिले। इसी साल मई में कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री के साथ उनकी यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के साथ सिद्धरमैया की मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा की है। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि इस साल 15-24 अक्टूबर को आयोजित दशहरा उत्सव के दौरान भारतीय वायुसेना की ओर से एयर शो का आयोजन किया जाए।

गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश

नयी दिल्ली। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर गूगल प्ले स्टोर की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया।प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

अब जी5 पर स्ट्रीम हो रही 'मैं अटल हूँ'

नई दिल्ली। जी5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और एक बहुभाषी कहानीकार, ने आज (14 मार्च) मंच पर अपना अगला विश्व डिजिटल प्रीमियर 'मैं अटल हूं' लॉन्च किया। अलग-अलग तरह की भूमिकाओं में दमदार प्रदर्शन करने वाले और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता, पंकज त्रिपाठी ने इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले जाने-माने फिल्ममेकर, रवि जाधव के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म दर्शकों को देश के सबसे सम्मानित एवं प्रसिद्ध नेताओं में से एक के जीवन और उनकी राजनीतिक विरासत के बेमिसाल सफर पर ले जाती है। 'मैं अटल हूँ' फिल्म में इस कद्दावर सांसद के चार दशक से अधिक की राजनीतिक सफर को दिखाया गया है, जिन्हें दिसंबर 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अटलजी ने ही एक ऐसे भारत की नींव रखी जो 21वीं सदी में दुनिया की अगुवाई कर सके, और उन्होंने दुनिया में भारत की स्थिति को अपरिवर्तनीय रूप से बदल दिया।

एनजीटी ने याचिका पर समिति गठित की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कुछ गांवों में अवैध खनन किए जाने का दावा करने वाली याचिका पर तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाने तथा उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए एक समिति गठित की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कैसरगंज से सांसद सिंह जिले की तरबगंज तहसील के माझारथ, जैतपुर और नवाबगंज गांवों में अवैध खनन कर रहे हैं। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि हर दिन 700 से अधिक ट्रकों में लादकर लघु खनिजों का अवैध परिवहन, भंडारण किया जा रहा है तथा करीब 20 लाख घन मीटर वाले लघु खनिजों की अवैध बिक्री की जा रही और क्षमता से अधिक भार से लदे ट्रकों से पटपड़ गंज पुल तथा सड़क को नुकसान पहुंचा है। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया याचिका में किए गए दावे पर्यावरण से संबंधित सवाल खड़े करते हैं।

भाजपा ने हरियाणा हिंसा को बड़ी साजिश का हिस्सा बताया

हिंसा पड़ोसी गुरुग्राम में फैली, भीड़ ने एक मौलवी की हत्या कर दी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा में सांप्रदायिक हिंसा में कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो समुदायों के बीच हुई झड़पें एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं और जांच के दौरान सच्चाई सामने आ जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा के पटल पर कांग्रेस विधायक मम्मन खान का भड़काऊ बयान और सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट हिंसा में पार्टी की भूमिका के बारे में संदेह पैदा करते हैं। नूंह जिले में सोमवार को उस समय सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई जब भीड़ ने विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर पथराव किया और वाहनों में आग लगा दी। हिंसा मंगलवार को पड़ोसी गुरुग्राम में फैल गई, जिसमें भीड़ ने एक मुस्लिम मौलवी की हत्या कर दी, एक भोजनालय में आग लगा दी और दुकानों में तोड़फोड़ की। हरियाणा सरकार के अनुसार, अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 90 लोगों को हिरासत में लिया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने हरियाणा विधानसभा में भड़काऊ बयान दिया था। उनका सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो हिंसा भड़काने के समान था। ये बात और गहरी शंका उत्पन्न करती है कि यह हिंसा एक बहुत बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के दौरान सच्चाई सामने आ जाएगी। त्रिवेदी ने आरोप लगाया, मम्मन खान का भड़काऊ बयान, उनका वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट कांग्रेस की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा करते हैं।

दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना पूरे समाज का दायित्व

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना पूरे समाज का दायित्व है।

उन्होंने यहां नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें उचित शिक्षा, रोजगार के अवसर, सुलभ सार्वजनिक स्थल तथा सुरक्षित एवं बेहतर जीवन मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दिव्यांगता को कभी ज्ञान प्राप्त करने और उत्कृष्टता हासिल करने में बाधा नहीं माना गया। ऋषि अष्टावक्र और महान कवि सूरदास का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। ऋषि अष्टावक्र में आठ प्रकार की शारीरिक अक्षमता थी और कवि सूरदास नेत्रहीन थे। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुर्मू ने पिछले 50 वर्षों में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के वास्ते फेडरेशन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फेडरेशन ने दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ायी जिससे समाज अधिक समावेशी बना है। मुर्मू ने कहा कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के समग्र विकास और सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सरकार और समाज के साथ मिलकर अपना प्रयास जारी रखेगा।

यूपीआई लेनदेन जारी रखने को पेटीएम को पांच हैंडल मिले

नयी दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को यूपीआई लेनदेन जारी रखने के लिए चार बैंकों के साथ साझेदारी में पांच हैंडल मिले हैं।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम पर यह जानकारी दी गई। कंपनी का मौजूदा हैंडल एपेटीएम उन पांच हैंडलों में से एक है, जिन्हें उपयोगकर्ता अपनी ओर से कोई बदलाव किए बिना उपयोग करना जारी रख सकते हैं। एनपीसीआई ने यस बैंक के साथ साझेदारी में पेटीएम के लिए एपेटीएम और एक बंद उपयोगकर्ता समूह यूपीआईहैंडलएपीटाइप्स को मंजूरी दे दी है। एनपीसीआई ने एचडीएफसी बैंक के साथ एपीटीएचडीएफसी और भारतीय स्टेट बैंक के साथ एपीटीएसबीआई को भी भागीदार के रूप में मंजूरी दे दी है। हालांकि, ये दोनों हैंडल इस समय सक्रिय नहीं हैं। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि उपयोगकर्ता अपनी ओर से कोई बदलाव किए बिना एपेटीएम हैंडल का निर्बाध रूप से उपयोग करना जारी रख सकते हैं। एनपीसीआई ने 14 मार्च को कंपनी के उपयोगकर्ताओं के लिए यूपीआई लेनदेन जारी रखने के लिए एसबीआई, एक्सिस बैंक, यस बैंक और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से पेटीएम के लिए एक तृतीय पक्ष एप्लिकेशन (टीपीएपी) प्रदाता परमिट को मंजूरी दे दी। पेटीएम के यूपीआई लेनदेन पहले पेटीएम पेमेंट्स बैंक के माध्यम से किए जा रहे थे।

संघीय ढांचे से छेड़छाड़ होती रही तो देश तबाह हो जायेगाः कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के प्रावधान वाले विधेयक का पुरजोर विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह देश के संघीय ढांचे के साथ छेड़छाड़ है और ऐसा किया जाता रहा तो हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 को लोकसभा में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। यह विधेयक इस संबंध में केंद्र द्वारा कुछ महीने पहले लागू अध्यादेश की जगह लेने के लिए लाया गया है। चर्चा की शुरुआत करते हुए सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार दिल्ली के साथ बार-बार छेड़छाड़ कर रही है। उन्होंने कहा, यह दिल्ली है, दिल्ली हमारा दिल है...दिल्ली के साथ बार-बार छेड़छाड़ क्यों की जा रही है? चौधरी ने कहा, अगर आप (सरकार) दिल्ली में इस तरह की छेड़छाड़ करेंगे तो आगे दूसरे राज्यों में भी ऐसा करेंगे...संघीय ढांचे के साथ इसी तरह छेड़छाड़ होती रही तो हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा। उन्होंने दिल्ली सरकार और उप राज्यपाल की शक्तियों के दायरे को निर्धारित करने वाले उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि शीर्ष अदालत की मई में छुट्टियां शुरू होने के समय ही अध्यादेश लाया गया।कांग्रेस नेता ने सवाल किया, इस अध्यादेश को लाने में जल्दबाजी क्यों की गई? अध्यादेश लाने की क्या जरूरत थी? क्या ऐसी अप्रत्याशित स्थिति आ गई थी कि यह अध्यादेश लाना पड़ा? उनका कहना था कि सरकार सीधे विधेयक ला सकते थी। चौधरी ने कहा कि अगर संढीय ढांचे की रक्षा नहीं की गई तो देश नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सदस्यों को जनता चुनती है, तो क्या उससे कानून बनाने का अधिकार छीन लिया जाएगा? कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या सब कुछ नौकरशाही चलाएगी? चौधरी ने दावा किया कि नयी व्यवस्था में दिल्ली के मुख्यमंत्री की शक्तियां सीमित कर दी जाएंगी।

उन्होंने कहा, इस अध्यादेश के चलते 50 से अधिक संस्थाएं केंद्र के अधीन चली जाएंगी। इनमें से ज्यादातर संस्थाएं लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए बनी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को मनमाने ढंग से विधेयक नहीं लाना चाहिए था और जांच-परख एवं संतुलन की व्यवस्था नहीं बिगड़नी चाहिए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने चौधरी पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस नेता ने पंजाब और दिल्ली के अपने नेताओं से बात की है? इस पर चौधरी ने कहा, आप हमारे बीच दरार डालने की कोशिश मत करिए।

वन संरक्षण संशोधन विधेयक खतरनाक

इस पर मुहर लगाने वाली पार्टियों और सरकार से सवाल होना चाहिएः रमेश

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 को संसद की मंजूरी मिलने की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को कहा कि इस खतरनाक विधेयक को पारित कराने वाली पार्टियों और सरकार से सवाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों ने बुधवार को इस विधेयक को पारित कराए जाने के समय राज्यसभा की कार्यवाही से दूरी बनाई क्योंकि मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और इसके बाद चर्चा कराने की जायज मांग को रोजाना अस्वीकार किया जा रहा है और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। संसद ने बुधवार को वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी जिसका मकसद वनों के संरक्षण के साथ ही विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाना है। राज्यसभा ने बुधवार को विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने ट्वीट किया, कई पर्यावरणविदों, जो किसी भी तरह से भक्त नहीं हैं, ने कल राज्यसभा में वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 में संशोधन पर चर्चा के दौरान राज्यसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। उनका कहना है, मैं स्पष्ट कर दूं कि बहिष्कार का निर्णय इंडिया गठबंधन के 26 सामूहिक दलों का सामूहिक निर्णय था क्योंकि मणिपुर के मामले पर प्रधानमंत्री के बयान और इस पर चर्चा कराने की हमारी जायज मांग को रोजाना अस्वीकार किया जा रहा है और विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। रमेश ने दावा किया, मैं जिस स्थायी समिति की अध्यक्षता कर रहा था, उसके पास यह विधेयक नहीं भेजा गया था। इसे एक विशेष संयुक्त समिति के पास भेजा गया जिसने विधेयक पर बस मुहर लगाने का काम किया। यह सब पूरी तरह से विधायी प्रक्रिया का मखौल उड़ाना था। उन्होंने कहा, मैं संशोधनों के खिलाफ बार-बार बोला हूं और ऐसा करना जारी रखूंगा। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं वह बहुत व्यापक राजनीतिक स्तर की है। कभी-कभी, किसी बड़े मुद्दे पर वैध और सैद्धांतिक रुख का किसी विशिष्ट मुद्दे पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस सरकार और यहां तक कि अन्य पार्टियों से भी सवाल पूछे जाने चाहिए जिन्होंने इस खतरनाक विधेयक पर मुहर लगाई।

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 1,697 करोड़ रुपये मंजूर

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गुजरात, कर्नाटक और असम में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए कुल।,697 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार, गुजरात के पालनपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 58 के एक खंड के उन्नयन के लिए 699.19 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसका उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग-58 के खोखरा गुजरात सीमा - विजयनगर - अंतरसुबा - मथासुर सड़क खंड के उन्नयन के लिए किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-58 गुजरात और राजस्थान को जोड़ता है। इसके अलावा यह अंबाजी मंदिर, उदयपुर, पोलो वन और अन्य पुरातात्विक स्मारकों और विभिन्न पर्यटन स्थलों को भी जोड़ता है। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि कर्नाटक के हासन जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-373 के येडेगौडानहल्ली से अर्जुनहल्ली खंड के बीच 22.3 किलोमीटर तक की 4-लेन सड़क के लिए 576.22 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह गलियारा चिकमगलुरु, बेलूर, हलेबीडु और श्रवणबेलगोला जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग-17 (नया)राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (पुराना) के साथ 4-लेन गौरीपुर बाईपास के निर्माण के लिए भी 421.15 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह असम के धुबरी जिले में डुमरदोहा पीटी- क्कसे बलदमारा रोड तक फैला हुआ है। 9.61 किलोमीटर तक फैली इस परियोजना का लक्ष्य गौरीपुर शहर में भीड़भाड़ को कम करना और वर्तमान राजमार्ग पर तेज मोड़ से जुड़े जोखिमों को कम करना है।

पेज एक का शेष

येदियुरप्पा के

दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लड़की की मां ने पहले भी विभिन्न लोगों के खिलाफ 50 से अधिक शिकायतें दर्ज करायी हैं जिनमें उससे कथित तौर पर दुर्व्यवहार और गालीगलौज करने के लिए बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त आलोक कुमार और उनके स्टाफ सदस्यों के खिलाफ दर्ज करायी गई शिकायत भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार लड़की की मां ने कुमार के खिलाफ दो बार - पहली बार 29 जनवरी 2021 को और फिर 21 सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज करायी थी। सूत्रों के अनुसार उसने बेंगलुरु पुलिस के सेवानिवृत्त आयुक्त और भाजपा नेता भास्कर राव के खिलाफ भी उसकी जिंदगी बर्बाद करने की साजिश रचने के आरोप में 18 जनवरी 2022 को शिकायत दर्ज करायी थी।

यूपी पुलिस भर्ती

कर अब तक 396 लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है।जिसमे अकेले एसटीएफ ने पंद्रह मुकदमें दर्ज करते हुए चौवन लोगो को गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अभिषेक शुक्ला बीएसई पास है वह प्रयागराज के बिक्रम पुर का रहने वाला है।वर्ष 2021 में टीसीआई एक्सप्रेस कंपनी अहमदाबाद में ट्रेनिग एक्जीक्यूटिव के पद पर ज्वाइन किया था।ट्रेनिग के दौरान उसकी मुलाकात अंकित मिश्रा से हुई।कंसलटेंसी का कार्यालय भोला हास्पिटल प्रयागराज के सामने था।अंकित मिश्रा और अभिषेक शुक्ला की पहचान रवी अत्री गौतमबुद्ध नगर से हुई।इसी के छह माह बाद अभिषेक ने टीसीआई कंपनी छोड़ दिया।इस कंपनी में नौकरी के दौरान अभिषेक शुक्ला की मुलाकात वहां काम करने वाले मिजार्पुर के रहने वाले शिवम गिरी से हुई।शिवम गिरी टीसीआई कम्पनी दिल्ली में काम दस माह काम करने के बाद उसका तबादला वर्ष 2028 में खेड़ा बेयर हाउस अहमदाबाद हो गया। जहां उसकी मुलाकात अभिषेक शुक्ला और रोहित पांडेय से हुई।रोहित पांडेय की मुलाकात शिवम गिरी अभिषेक शुक्ला की मुलाकात रोहित पांडेय से शिवम गिरी के माध्यम से हुई।डीजीपी ने बताया कि अभिषेक शुक्ला और रोहित पांडेय व शिवम गिरी तीनो टीसीआई एक्सप्रेस में एक साथ काम करते थे।इसी कारण से पेपर लीक में एक सात मिलकर अन्य लोगो के साथ घटना को अंजाम दिया।रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला से टीसीआई में पेपर आने की बात बताई थी।डीजीपी ने बताया कि इसके बाद अभिषेक शुक्ला ने शिवम गिरी से प्रेस में कोई भी मेटेरियल या पेपर कंपनी में आने पर बताने लगा। रवी अत्री पेपर आउट करने में पांच लाख रुपए तथा सभी काम।सकुशल होने पर पंद्रह से बीस। लाख रुपए देने को कहा था।

तमिलनाडु की

लोगों ने ऐसे लोगों को नकार दिया है। अब तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा मैं तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस कर रहा हूं। तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन इस बार द्रमुक और कांग्रेस के इंडी गठबंधन का सारा घमंड तोड़कर रख देगा। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नेता अक्सर विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन को इंडी और घमंडिया गठबंधन कहकर उस पर निशाना साधते रहे हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कांग्रेस के बीच गठबंधन है और दोनों इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल हैं। मोदी ने द्रमुक को तमिलनाडु के भविष्य के साथ ही अतीत की विरासत की भी दुश्मन करार दिया और कहा कि इंडिया गठबंधन के ये घटक दल कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकते क्योंकि इनका इतिहास घोटालों का रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना ही इनकी राजनीति का आधार है।

हैदराबाद में

एक जनसभा को संबोधित करेंगे, साथ ही कहा गया है कि वह 18 मार्च को जगित्याल में एक रैली में हिस्सा लेंगे।चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा दक्षिण राज्यों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने 2019 के आम चुनावों में तेलंगाना की कुल 17 लोकसभा सीट में से चार पर जीत हासिल की थी। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में तेलंगाना में अपने दम पर लड़ने का फैसला किया है और उसे उम्मीद है कि इन चुनावों में ज्यादा सीट मिलेगी।

लोस चुनाव

की लोकसभा चुनाव की बात करें तो यूपी में सात चरणों में चुनाव कराए गए थे। पहला चरण 11 अप्रैल, दूसरा चरण 18 अप्रैल, तीसरा चरण 23 अप्रैल, चौथा चरण 29 अप्रैल, पांचवा चरण 6 मई, छठा चरण 12 मई, सातवां चरण 19 मई को हुआ था। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, नोएडा।

योगी ने गोरखपुर

पार्क बना रही है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इस परियोजना के दूरगामी परिणामों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दवाओं के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आज से सात साल पहले भी उत्तर प्रदेश में सबकुछ था लेकिन आगे बढ़ने के संकल्प का अभाव था। प्रदेश वही है, लोग वही हैं, मशीनरी भी वही है लेकिन कार्य संस्कृति बदली तो परिणाम सबके सामने है। आज उत्तर प्रदेश नया और बदला हुआ प्रदेश नजर आता है। यह प्रगति और निवेश का प्रदेश बन गया है। यहां हरेक क्षेत्र में पर्याप्त अवसर और आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जहां चुनौतियां होंगी, वहां संभावनाएं भी होती हैं।

सिद्धार्थनगर को

के शिलान्यास सहित 1885 करोड़ की 551 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया।जनपद के पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जिला दशकों से इसीलिए पिछड़ा रहा, क्योंकि न यहां जीवन जीने के लिए बुनियादी सुविधाएं थीं, न ही रोजगार के अवसर। माफिया गरीबों का हक मार जाता था और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिलता ही नहीं था। अपने निजी अनुभव साझा करते हुए उन्होंने इंसेफेलाइटिस से मासूम बच्चों की मौत की चर्चा भी की और कहा कि पिछली सरकारों ने कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया। जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने माफिया और मच्छर दोनों को ही समाप्त कर दिया है। सिद्धार्थनगर में शिक्षा और स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा सुलभ हुई है। गरीबों को आवास मिल रहा है, 5 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा मिला है, 5 वर्ष तक मुफ्त राशन की व्यवस्था हुई है।

सुप्रीम कोर्ट का

के लिए कहा और साथ ही यह भी कहा कि यह कहा गया था कि तीन सदस्यीय समिति तब तक काम करेगी जब तक संसद इस मुद्दे पर कानून नहीं लाती। सिंह ने कहा कि अदालत ने पहले उन अध्यादेशों पर रोक लगा दी थी जिसमें उसके फैसलों का उल्लंघन हुआ था। पीठ ने तब सिंह को एक नयी याचिका (चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में) दायर करने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि अदालत 21 मार्च को अन्य याचिकाओं के साथ मामले की सुनवाई करेगी, जिसमें 2023 के कानून को चुनौती दी गई है।

एडीजीआईपीएस के

की, उनमें से आज यूपीएससी, सरकारी संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों, यहां तक की राजनीति के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे है। यहां तक की चन्द्रयान मिशन में बीबीडी के छात्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि हम 25 साल का जश्न मना रहे हैं, अब हम न केवल अतीत की उपलब्धियों का सम्मान करें बल्कि भविष्य की भी कल्पना करें। बीबीडी समूह की विरासत और दृष्टि को ज्ञान, कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक बनने दें। आशा है कि अगले 25 वर्ष और भी बड़ी उपलब्धियों से भरे हों, क्योंकि हम राष्ट्र और समाज के विकास की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।उन्होंने मौजूद सभी लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए शेर पढ़ा और कहा कि अभी तो असली मंजिल पाना बाकी है, अभी तो इरादों का इम्तिहान बाकी है, अभी तो तौली है मुट्ठी भर जमीन, अभी तौलना सारा आसमान बाकी है। कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने संस्थान की प्रशंसा की और स्वीकार किया कि छात्रों के लिए एडीजीआईपीएस दाखिले के लिए सबसे पुरानी और पहली पसंद में से एक है। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास के लिए संस्थान द्वारा किये गये प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने एडीजीआईपीएस के छात्रों की सराहना की, जिन्होंने शैक्षणिक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जिस पत्रिका का विमोचन किया गया, उसमें पिछले एक वर्ष में संस्थान की सभी उपलब्धियां शामिल थीं। गणमान्य व्यक्ति विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा प्रदर्शित तकनीकी परियोजना से अत्यधिक प्रभावित हुए, जैसे चंद्रमा की सतह पर रोवर की लैंडिंग का डिजाइन, इसरो द्वारा चयनित परियोजना, बिजली उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग, इलेक्ट्रॉनिक साइकिल, अपशिष्ट उपचार, इंटरलॉकिंग पारगम्य कंक्रीट फुटपाथ, सौर ट्रैकिंग, भविष्यवाणी द्वारा सौर दक्षता में वृद्धि और वास्तविक समय अलर्ट का उत्पादन शामिल हैं। इस अवसर पर बीटेक, प्रबंधन और कानूनी शिक्षा केंद्र के छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें 5100 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने कार्यक्रम की शानदार सफलता और संस्थान को उत्कृष्टता के अगले स्तर तक ले जाने के लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर निदेशक समन्वय डॉ. विजय धीर, निदेशक एडीजीआईपीएस डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, प्रो. एके मित्रा सलाहकार, सहायक निदेशक मानव संसाधन पंखुड़ी अग्रवाल उपस्थित रहीं।

सपा की चौथी सूची में 6 उम्मीदवारों की घोषणा

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने छह उम्मीदवारों का एलान किया है। सूची में सपा ने भदोही लोकसभा सीट ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी है। इससे पहले सपा 31 नामों का एलान कर चुकी थी, चौथी सूची के बाद से अब यह संख्या 37 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 35 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा। इसके अलावा संभल से सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। पार्टी ने उनके निधन से पहले उनके नाम का एलान कर दिया था तो ऐसे में अब वहां भी उम्मीदवार की घोषणा करनी होगी। यह देखना रोचक होगा कि बर्क की जगह पर सपा किसके नाम पर मुहर लगाती है। बिजनौर से यशवीर सिंह, मेरठ से भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट), नगीना से मनोज कुमार, लालगंज से दरोगा सरोज, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह व हाथरस से जसवीर बाल्मिक को उम्मीदवार बनाया है। सपा की पहली लोकसभा उम्मीदवारों की सूची 30 जनवरी को सामने आई थी। इसके बाद 19 फरवरी को दूसरी, 20 फरवरी को तीसरी और 15 मार्च को तीसरी सूची जारी की। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 37 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

अबकी बार घर बैठे टिकट मंगा सकेंगे क्रिकेट प्रेमी

खेल संवाददाता (vol)

आईपीएल 2024

- एलएसजी ने बुक माई शो को बनाया टिकटिंग पार्टनर
- शहर के मध्य में स्थापित किए जाएंगे बॉक्स ऑफिस, सुगमता से टिकट ले सकेंगे प्रशंसक

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 17 वां संस्करण 23 मार्च से शुरू होने वाला है। एलएसजी 30 मार्च को इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू अभियान की शुरूआत करेगा जबकि दूसरा घरेलू मैच सात अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलेगा।

वहीं, लखनऊ सुपर जाइंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के लिए क्रिकेट प्रेमियों की अपेक्षाओं को पूरा करने और उन्हें सुगम व सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए भारत के प्रमुख ऑनलाइन मनोरंजन प्लेटफार्म बुक माई शो को एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनाया है। यहां से क्रिकेट प्रेमी ऑनलाइन टिकट बुक करने के साथ ही उसे होम डिलीवरी ऑप्शन से अपने घर पर भी मंगा सकते हैं। एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर के रूप में बुक माई शो एलएसजी के सभी घरेलू मैचों के टिकट खरीदने के लिए प्रशंसकों को सहज और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोगकताओं के अनुकूल इंटरफेस को संभालने में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। यही नहीं, खेल और मनोरंजन टिकटिंग में अग्रणी बुक माई शो टिकटों को सुरक्षित करने के लिए होम डिलीवरी विकल्प का लाभ उठाने का विकल्प भी प्रदान करेगा। एलएसजी प्रबंधन की ओर से बुक माई शो के सहयोग से शहर के मध्य में कई स्थानों पर बॉक्स ऑफिस भी स्थापित किए जाएंगे। जहां से लोग सुगमता से टिकट ले सकेंगे।

विशेष ऑफर के लिए एलएसजी वेबसाइट पर करें प्री रजिस्टर : क्रिकेट प्रेमी व प्रशंसक विशेष ऑफर और शीघ्र पहुंच के लिए एलएसजी की आधिकारिक वेबसाइट और एप (एप्लीकेशन) पर प्री-रजिस्टर कर सकते हैं। एलएसजी के घरेलू मैचों के लिए प्राथमिकता पर टिकटों के लिए 15 मार्च से एक्सेस खुलेगा, जबकि सामान्य रूप से एक्सेस 16 मार्च से लाइव होगा।

> दुनिया के सबसे पसंदीदा खेल आयोजन के 17वें संस्करण के लिए एलएसजी का एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनकर खुशी हो रही है। एलएसजी में प्रतिष्ठित दिग्गज क्रिकेटरों की संतुलित टीम और होनहार नई प्रतिभाओं के साथ, आगामी मैचों के लिए लोगों का उत्साह बढ़ रहा है और हम टीम को शुभकामनाएं देते हैं!
>
> **अनिल मखीजा, लाइव एंटरटेनमेंट एंड वेन्यूज के सीईओ**

चैंपियनशिप ट्रॉफी : बीसीसीआई को सरकार की मर्जी के खिलाफ पाकिस्तान जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैम्पियंस ट्रॉफी फरवरी . मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी के आला अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही

फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। एक वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है। लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वे वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। उन्होंने कहा कि आईसीसी बोर्ड का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति या निर्देशों के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता। यह पूछने पर कि पाकिस्तान में खेलने से भारत के इनकार पर क्या उसके खिलाफ वोट होगा, सूत्र ने कहा कि सरकारी निर्देश होने पर यह स्थिति पैदा नहीं होगी। बीसीसीआई के पूर्व पदाधिकारी ने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिये कि आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या इंग्लैंड की तुलना में भारतीय क्रिकेट टीम को खतरे की संभावना अधिक है।

वनडे और टी20 में स्टॉप क्लॉक नियम स्थायी करेगा आईसीसी

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे

दुबई। सफेद गेंद के क्रिकेट में समय बर्बाद करने की चाल पर लगाम कसते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि इस साल टी20 विश्व कप से स्टॉप क्लॉक नियम स्थायी हो जायेगा। इस नियम के अंतर्गत टीम को पेनल्टी रन से बचने के लिए पिछले ओवर के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होता है। यह नियम अभी प्रयोग पर चल रहा है। आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और अभी इसे इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे एक जून 2024 से अमेरिका और वेस्टइंडीज में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से स्थायी कर दिया जायेगा।

इसके लिए मैदान पर लगी एक इलेक्ट्रोनिक घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जायेंगी और इसके बाद के उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जायेगा। आईसीसी ने अपनी सालाना बोर्ड बैठक के बाद एक बयान में कहा कि स्टॉप क्लॉक नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी हो जायेगा। बयान के अनुसार, ट्रायल अप्रैल 2024 तक किया जाना था लेकिन इस ट्रायल के नतीजे साफ दिखायी दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किये और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद्द कर दिया जायेगा। आईसीसी ने कहा कि

अगर नया बल्लेबाज ओवरों के बीच में क्रीज पर आता है, आधिकारिक ड्रिंक्स ब्रेक तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने की स्थिति में मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण समय खराब हुआ हो। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जायेगा। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम अकसर मैच की गति को धीमा करने की कोशिश करती हैं ताकि उन्हें रणनीति बनाने के लिए और अधिक समय मिल सके तथा टीम प्रत्येक गेंद के बाद क्षेत्ररक्षण में भी बदलाव करती हैं। अभी तक टीम और कप्तान पर ही वित्तीय रूप से जुर्माना जा सकता था लेकिन यह इसे रोकने में कारगर साबित नहीं हुआ। आईसीसी की बैठक में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए रिजर्व (सुरक्षित) दिन को भी मंजूरी दी गयी।

पंत की वापसी से टीम का मनोबल भी बढ रहा है : पोंटिंग

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले अभ्यास सत्र के बाद कहा कि ऋषभ पंत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे टीम का मनोबल भी बढ रहा है। दिसंबर 2022 में अपने घर रूड़की जाते समय भयावह कार दुर्घटना के बाद पंत 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। अब उन्हें बतौर बल्लेबाज और विकेटकीपर खेलने के लिये बीसीसीआई से मंजूरी मिल गई है। पोंटिंग ने कहा कि हमें पिछले साल उसकी कमी खली। पूरे टूर्नामेंट को उसकी कमी खली। ज षभ टीम में इतनी ऊर्जा लेकर आता है। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे पूरी टीम का मनोबल बढा है। उन्होंने स्वीकार किया कि आईपीएल में दिल्ली के पहले मैच में भले ही आठ दिन बाकी रह गए हैं लेकिन टीम ने अभी लय नहीं पकड़ी है। उन्होंने कहा कि हमने अभी शुरूआत ही की है। हम तुरंत ही सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं आ जायेंगे। अभी पहले मैच के बारे में नहीं सोच रहे हैं।



यूटीटी की 8वीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

मुंबई। भारत के महान टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बन गयी और आगामी चरण में अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के नाम से पुकारा जायेगा। टीम जयपुर पैट्रियट्स के साथ पदार्पण करेगी।

जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। टीटीएफआई के तत्वाधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फ्रेंचाइजी आधारित लीग के जुलाई 2023 में सफल आयोजन के बाद नयी टीम के

शामिल करने की घोषणा की गयी। कई बार के ग्रैंडस्लम चैम्पियन भूपति एसजीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी है और एसजीएसई का ध्यान खेल प्रतिभाओं के समर्थन और पोषण पर लगा है। कंपनी पहले से ही शतरंज और टेनिस लीग का हिस्सा रही है और अब टेबल टेनिस के विकास में भी योगदान देगी। भूपति ने एक बयान में कहा कि यूटीटी देश की प्रमुख टेबल टेनिस प्रतियोगिता है जिसमें एलीट स्तर पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखने को मिलता है। हम उत्साहित हैं कि हमें भी इसमें हिस्सा लेने का मौका मिला है।

सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर

बर्मिंघम। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गयी। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैम्पियन रही थी। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से

ज्यादा समय तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गयी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गयी। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से 21-11 11-21 11-21 से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन पर 24-22 11-21 21-14 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

सौरभ के आलराउंडर प्रदर्शन से कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन की रोमांचक जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच सौरभ जायसवाल (35 रन, 2 विकेट) के आलराउंड खेल से कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शाकुंभरी क्लब के खिलाफ 8 रन की जीत से पूरे अंक हासिल किए। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 188 रन बनाए। टीम से द्रव्य कुशवाहा (44), सत्य प्रकाश (58), सौरभ जायसवाल (35), अर्पित कुमार सिंह (16) रन बनाये। शाकुंभरी क्लब से दीपक गुप्ता ने 4 विकेट लिए। जवाब में शाकुंभरी क्लब 180 रन ही बना सका। टीम से देवेंद्र पाल (80 रन) ने आतिशी अर्धशतक जड़ा वहीं अखिलेश यादव (49 रन) ने उम्दा पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन से आकाश गुप्ता, सौरभ जायसवाल व सम्यक त्रिवेदी को 2-2 विकेट मिले।

शिवम के दम पर मधुकर एकादश की पहली जीत

लखनऊ। शिवम यादव (3 विकेट, 48 रन) के शानदार हरफनमौला खेल से मधुकर एकादश ने 24वीं एलसीए फ्रेंडशिप आमंत्रण कप में लखनऊ क्रिकेट हास्टल को 5 विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। प्ले फिट ग्राउंड चौक पर लखनऊ क्रिकेट हास्टल ने 39.3 ओवर में 182 रन का स्कोर खड़ा किया। अंकित पाल (57), इब्राहीम रजा व निखिल के 21-21 रन जबकि अनीस चौधरी ने 18 बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए मधुकर एकादश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन बनाकर मैच जीत लिया।

फिटनेस फॉर लाइफ ने जीती ट्रॉफी

लखनऊ। फिटनेस फॉर लाइफ ने टीडीसी एंड डीडब्लूएस टी-20 इंटर अकादमी मैत्री क्रिकेट सीरीज का खिताब फाइनल में सीआईसी अकादमी को 18 रन से हराकर जीत लिया। आरआर क्रिकेट स्टेडियम पर फिटनेस फॉर लाइफ ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन बनाए। हर्षवर्द्धन प्रताप सिंह ने 53 गेंदों पर 8 चौके व एक छक्के से 58 रन बनाए। विकास प्रधान ने 40, करन शुक्ला ने 14 जबकि प्रिंस वर्मा व निक ने 13-13 रन का योगदान किया। सीआईसी अकादमी से शुलभ सिंह चौहान ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में सीआईसी अकादमी लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 153 रन ही बना सका। प्रत्यूष सिंह सोमवंशी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए लेकिन उनके अलावा राज शुक्ला 24 रन बनाकर ही कुछ प्रतिरोध कर सके। फिटनेस फॉर लाइफ से राहुल यादव ने तीन जबकि विकास प्रधान ने दो विकेट चटकाए।

संक्षेप

एचपीसीएल के शेयर गिरावट के साथ बंद

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती किए जाने के बाद पेट्रोलियम विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के शेयर शुक्रवार को गिर गए। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शेयर 6.29 प्रतिशत गिरकर 468.70 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 9.82 प्रतिशत गिरकर 451 रुपये तक आ गया था। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का शेयर 5.46 प्रतिशत गिरकर 161.15 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 9.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 153.60 रुपये तक गिर गया था। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का शेयर 3.74 प्रतिशत गिरकर 586.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 8.20 प्रतिशत गिरकर 559.05 रुपये तक आ गया था। पेट्रोल और डीजल की कीमतें करीब दो साल से स्थिर बनी हुई थीं। सरकार ने बृहस्पतिवार शाम को इन दोनों पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर कटौती किए जाने की जानकारी दी थी।

फरवरी में निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी, 2024 में देश का व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का आयात किया गया जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2023 में निर्यात 37.01 अरब अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है।

सेंसेक्स में 454 अंकों की गिरावट

मुंबई। कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को एक बार फिर बिकवाली का जोर रहा और दोनों मानक सूचकांक आधा प्रतिशत से अधिक गिर गए।

बीएसई में कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 453.85 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,643.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 612.46 अंक तक गिरकर 72,484.82 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 123.30 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 22,023.35 अंक पर बंद हुआ। इस तरह बाजार एक दिन फिर से बिकवाली के दबाव में आ गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स एक दिन पहले की भारी गिरावट से उबरने में

सफल रहे थे। सेंसेक्स 335.39 अंक यानी 0.46 प्रतिशत चढ़ा था जबकि निफ्टी 148.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़ा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंडसइंड बैंक बढ़त के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजारों में गिरावट दर्ज की गई थी। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को ।,356.29 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। व्यापक बाजार में, बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.51 प्रतिशत फिसल गया जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.25 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। मडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के प्रति सतर्कता ने बाजार की धारणा को कमजोर कर दिया है, जिससे व्यापक बाजार में गिरावट आई है। हालांकि, जिंस की वैश्विक कीमतों में नरमी और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी में बढ़ोतरी के अनुमान से घरेलू मांग में मजबूती की उम्मीद बढ़ती है।

तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े रहस्यमय

नयी दिल्ली। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े पूरी तरह रहस्यमयी हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में इस पर कहा, मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है।

सुब्रमण्यन ने कहा कि इन आंकड़ों में निहित मुद्रास्फीति एक से 1.5 प्रतिशत है जबकि अर्थव्यवस्था में वास्तविक मुद्रास्फीति तीन से पांच प्रतिशत के बीच है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, भले ही निजी खपत तीन प्रतिशत बढ़ी है। सुब्रमण्यन ने कहा कि ताजा आंकड़ों में गलती और चूक की गणना नहीं की गई है जबकि वास्तव में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित

7.6 प्रतिशत वृद्धि में ये लगभग 4.3 प्रतिशत हैं। पूर्व सीईए ने कहा, तो ऐसे कई आंकड़ें हैं... जिन्हें मैं समझ नहीं पाता। मैं यह नहीं कह रहा कि ये गलत हैं। इसके बारे में फैसला दूसरों को करना है। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि यदि भारत इतना आकर्षक स्थान बन गया है, तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी से बढ़ोतरी क्यों नहीं हो रही है। सुब्रमण्यन ने कहा कि निजी निवेश, कॉरपोरेट निवेश वर्ष 2016 के स्तर से काफी नीचे है।

रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी निधियों की धन निकासी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण रुपये में गिरावट आई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल मूल्य में तेजी के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.95 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 82.96 प्रति डॉलर के निचले स्तर और 82.85 प्रति डॉलर के ऊपरी स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.88 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 82.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.31 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.99 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। हमें उम्मीद है कि जून में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याजदर में कटौती की संभावनाएं कम होने के बीच मजबूत डॉलर और कमजोर वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक दायरे में कारोबार करेगा। हालांकि उच्च स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आने से रुपये को समर्थन मिल सकता है। रिजर्व बैंक द्वारा डॉलर की किसी भी बिक्री से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 453.85 अंक की गिरावट के साथ 72,643.43 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को ।,356.29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

भारत का डीओसी निर्यात फरवरी में नौ प्रतिशत बढ़कर 5.16 लाख टन पर

नयी दिल्ली। सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की अधिक खेप के कारण फरवरी में डीओसी निर्यात सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर लगभग 5.16 लाख टन हो गया। कारोबार क्षेत्र के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन ऑफ इंडिया (एसईए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि फरवरी में डीओसी का निर्यात 515,704 टन रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,71,770 टन था। पिछले महीने कुल डीओसी निर्यात में से सोयाबीन डीओसी का निर्यात 3,47,905 टन और रेपसीड डीओसी का निर्यात ।,44,372 टन था। आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में डीओसी का कुल निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 44,90,055 टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 37,60,329 टन था। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक सोयाबीन डीओसी का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के 7.87 लाख टन से बढ़कर 19.34

लाख टन हो गया क्योंकि भारतीय सोयाबीन डीओसी अंतरराष्ट्रीय बाजार में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी थी। हालांकि, एसईए ने कहा कि अर्जेंटीना द्वारा कम कीमत बताए जाने के कारण सोयाबीन डीओसी निर्यात धीमा हो सकता है। भारतीय सोयाबीन डीओसी एक्स-कांडला की कीमत 13 मार्च को 490 डॉलर प्रति टन रही जबकि सोयाबीन डीओसी अर्जेंटीना सीआईएफ रॉटरडैम की कीमत 415 डॉलर प्रति टन है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में रेपसीड डीओसी का निर्यात घटकर 20.40 लाख टन रह गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.48 लाख टन था। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-फरवरी अवधि में दक्षिण कोरिया ने 7,87,909 टन डीओसी का आयात किया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह आयात 8,80,615 टन था। वियतनाम ने इस वित्तीय वर्ष के पहले 11 महीनों में 3,94,660 टन डीओसी का आयात किया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8,85,146 टन का आयात किया गया था। थाईलैंड को भारत के डीओसी का निर्यात 6,84,419 टन से घटकर 6,04,782 टन रह गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान बांग्लादेश ने भारत से 7,79,558 टन डीओसी का आयात किया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह आयात 4,48,528 टन था। ईरान भारतीय सोयाबीन डीओसी के बड़े आयातक के रूप में उभर रहा है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में ईरान ने भारत से 3,41,206 टन डीओसी खरीदा जो एक साल पहले की अवधि में 3,946 टन था।

क्वांटम एनर्जी का नया प्लाज्मा एक्स लॉन्च

पटना। इलेक्ट्रिक स्कूटर के डिजाइन करे के साथ-साथ ओकर विकास अउर निर्माण करे में महारथ राखे वाली एगो प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप क्वांटम एनर्जी, बहुत रोमांच के साथ आपन सबसे नया इलेक्ट्रिक स्कूटर मॉडल प्लाज्मा एक्स अउर एक्सआर पर सीमित समय के ऑफर के घोषणा कर रहल बा। इको-फ्रेंडली परिवहन समाधान के बढ़त मांग के पूरा करे के कोसिस में, क्वांटम एनर्जी अपना प्लाज्मा एक्स अउर एक्सआर मॉडल के दाम में 10 फीसद के कटौती करे के फैसला कईले बा। पहिले 1,19,525 रुपया और 99,757 रुपया के एक्स-शोरूम के कीमत वाला प्लाज्मा एक्स अउर एक्सआर के अब क्रमशः 109,000 रुपया और 89,000 रुपया के लुभावन कीमत प खरीदल जा सकेला। ई लाजवाब ऑफर 31 मार्च तक मान्य है। प्लाज्मा एक्स और एक्सआर इलेक्ट्रिक स्कूटर के इंजीनियरिंग अइसन कईल गईल बा जवना से कि ओकर सवारी के सहज आ आरामदायक बनवाया जा सके और साथ-साथ पर्यावरण के स्थायित्व के कोई नोकसान नहीं पहुंचायेगा।

सैमसंग उत्पादों पर सेल की घोषणा

गुरुग्राम। सैमसंग ने गैलेक्सी स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट, एक्सेसरीज और वियरेबल्स, सैमसंग टीवी व अन्य डिजिटल उपकरणों समेत सैमसंग उत्पादों पर बंपर ऑफर्स और कैशबैक के साथ अपनी एक्सक्लूसिव होली सेल की शुरूआत की है। ये ऑफर सैमसंग शॉप एप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। उपभोक्ताओं को अग्रणी बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 22.5 फीसद तक का कैशबैक (25000 रुपये तक) मिलेगा। सैमसंग टेलीविजन के प्रीमियम और लाइफस्टाइल मॉडल खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 15250 रुपये तक के अतिरिक्त एक्सचेंज लाभ के साथ 48 फीसद तक की छूट का लाभ मिलेगा। नियो क्यूएलईडी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 50इंच सेरिफ टेलीविजन का एक निश्चित विशेष उपहार भी मिलेगा।

देश का भविष्य तय करेगा चुनाव

लोकसभा चुनाव: अमित शाह ने गांधीनगर सीट के लिए चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया

अहमदाबाद। गांधीनगर लोकसभा सीट से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार घोषित किए गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया और भाजपा कार्यकर्ताओं से मतदाताओं को यह बताने को कहा कि यह चुनाव उनकी पार्टी के बारे में नहीं बल्कि भारत के बारे में है।

शाह ने शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ शहर के गुरुकुल रोड स्थित मंदिर में भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और उसके बाद सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शाह ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्येक मतदाता से संपर्क करने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि वे कमल का बटन (ईवीएम पर) दबाएं। उन्होंने कहा, लोगों को बताएं कि यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए नहीं, बल्कि भारत के लिए है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी कार्यकर्ता संपर्क किए बिना न छूटे। जिस मंदिर क्षेत्र में शाह ने लोगों को संबोधित किया वह गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। शाह ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों को याद किया और लोगों को बताया कि जब उन्होंने लगभग 30 साल पूर्व अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था तब भी उन्होंने उसी हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद अपना चुनाव अभियान शुरू किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, भारत की लगभग 1500 पार्टियों में से, भाजपा एकमात्र ऐसा संगठन है जिसने पर्चे वितरित करने वाले और पार्टी कार्यक्रमों में पर्दे लगाने वाले मेरे जैसे एक छोटे से पार्टी कार्यकर्ता को एक केंद्रीय मंत्री और उसका अध्यक्ष बनाया। और, इस पार्टी ने एक गरीब परिवार के चाय बेचने वाले को इस देश का प्रधानमंत्री और विश्व नेता बनाया है। शाह ने गांधीनगर लोकसभा सीट से उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाए जाने के लिए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने अतीत में इस हाई-प्रोफाइल सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में आतंकवाद, नक्सलवाद और घुसपैठियों से सख्ती से निपटकर पूरे देश को न केवल समृद्ध बल्कि सुरक्षित भी बनाया है। शाह ने कहा, जब चीन ने डोकलाम में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश की तो पूरी दुनिया उत्सुकता से देख रही थी कि आगे क्या होगा। पहले कभी ऐसी घटनाएं लोगों के ध्यान में नहीं आईं और हमारी तरफ से कार्वाई नहीं की गई। इस बार हमारे प्रधानमंत्री ने चीन की आंखों में आंख डालकर कहा नो एंट्री। चीन 45 दिन बाद पीछे हटा। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव का मुख्य मुद्दा भारत को महान बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी आम चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि न सिर्फ गुजरात में बल्कि मोदी लहर अब पूरे देश में है। उन्होंने कहा, जहां कहीं भी वह (मोदी) जाते हैं।

भारत भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है : मुर्मू

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत, भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है।

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। मुर्मू ने टोबगे का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और भूटान के बीच घनिष्ठ और अद्वितीय संबंध हैं, जो सभी स्तरों पर आपसी विश्वास, सद्भावना और समझ पर आधारित हैं। उन्होंने इस बात की सराहना की कि टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू ने कहा कि बौद्ध धर्म की साझा आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत, भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है। मुर्मू ने कहा कि हिमालयी देश के लोगों की सामाजिक-आर्थिक भलाई एवं समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में और सहयोग क्षेत्र के विकास में भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की विकास साझेदारी भूटान की प्राथमिकताओं और खासकर युवाओं की आकांक्षाओं से तय होती रहेगी।

संक्षेप

पुतिन की जीत लगभग तय

मॉस्को। रूस में तीन दिन तक चलने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार को शुरू हो गया है जिसमें राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को छह और साल का कार्यकाल मिलना लगभग तय है। यह चुनाव स्वतंत्र मीडिया और प्रतिष्ठित अधिकार समूहों का क्रूरता से दमन, पुतिन को राजनीतिक व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण देने और यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने की पृष्ठभूमि में हो रहा है। मतदान देश के 11 टाइम जोन (समय क्षेत्र) के साथ ही यूक्रेन के अवैध रूप से कब्जाए क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर शुक्रवार से रविवार तक चलेगा। इस चुनाव में पुतिन (71) का जीतना लगभग तय है क्योंकि उन्हें चुनौती देने वाला कोई उम्मीदवार नहीं है। उनके राजनीतिक विरोधी या तो जेल में हैं या विदेश में निर्वासित हैं और उनमें से सबसे उग्र विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की हाल में एक दूरस्थ क्षेत्र में मौत हो गयी। चुनाव में खड़े तीन अन्य उम्मीदवार क्रेमलिन की विचारधारा पर चलने वाले सांकेतिक विपक्षी दलों के कम चर्चा में रहने वाले प्रत्याशी हैं। यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने उन यूक्रेनी क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए रूस की निंदा की है जिन पर मॉस्को की सेनाओं ने कब्जा कर लिया है।

सीएए पर शरणार्थियों का कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू और सिख शरणार्थियों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के द्वारा दिए गए बयानों के खिलाफ शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों में से पंजूराम ने कहा, जब भाजपा-नीत सरकार हमें नागरिकता देने के लिए सीएए लागू कर रही है तो अन्य विपक्षी पार्टियां इसका विरोध क्यों कर रही हैं? इस कानून का विरोध करने के लिए हम उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारी जैसलमेर हाउस के पास एकत्र हुए और उन्होंने अकबर रोड की ओर मार्च करना शुरू किया, लेकिन उन्हें पहले ही रोक दिया गया।

शरणार्थियों के विरोध को देखते हुए मध्य दिल्ली इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। पाकिस्तान के सिंध से भारत आई सोना दास ने कहा, सीएए का विरोध करना अच्छी बात नहीं है। पाकिस्तान से अल्पसंख्यक भारत में शरण के लिए आए हैं। दास ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए कहा कि हम हिंदू शरणार्थी हैं, हम पाकिस्तान से भागे हैं। सिंध से आई एक अन्य शरणार्थी नानकी ने कहा, कुछ नेताओं ने हमारे खिलाफ बयानबाजी की है और नागरिकता देने की प्रक्रिया को रोकने के लिए कहा है। हमारी उनसे कोई दुश्मनी नहीं है। हम सिर्फ यह पूछने आए हैं कि हमें नागरिकता देने की प्रक्रिया को क्यों रोकना चाहिए?

आबादी 88% पर भागीदारी बेहद कम



पालघर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत की 88 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदायों से है लेकिन प्रशासन, न्यायपालिका और मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बहुत कम है।

उन्होंने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले के वाडा तालुका में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सत्ता और संपत्ति को वह लोग नियंत्रित कर रहे हैं जिनकी कुल आबादी छह प्रतिशत है। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा शुरू की गई फसल बीमा योजना से किसानों को नहीं, बल्कि निजी बीमा कंपनियों को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि जब बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होता है, तो सरकार द्वारा बीमा कंपनियों को भारी-भरकम प्रीमियम का भुगतान करने के बावजूद प्रभावित किसानों को कोई मदद नहीं मिलती है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में असंतुलन दूर करने के लिए देशव्यापी जाति जनगणना पर जोर दिया और कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो वह इस तरह की कवायद को अंजाम देगी। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी, दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदाय देश की आबादी का 88 प्रतिशत हिस्सा हैं लेकिन प्रशासन, मीडिया और न्यायपालिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है।

भाजपा के खातों पर रोक लगे : कांग्रेस

नयी दिल्ली/बेंगलुरु। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना से जुड़े मामले की उच्चतम न्यायालय को उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और सच सामने आने तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई जाए।

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किये थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं न खाऊंगा, न खाने दूंगा, लेकिन आज उच्चतम न्यायालय ने यह उजागर कर दिया है कि कैसे भाजपा ने चुनावी बॉण्ड से पैसा बनाया है। एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को कुल चंदे का 50 प्रतिशत से अधिक मिला, जबकि कांग्रेस को केवल 11 प्रतिशत मिला। आयकर विभाग को ऐसा करने का निर्देश दिया गया था।

बाइडन पर महाभियोग खत्म हो: व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष वकील ने प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन से अनुरोध किया है कि वह उन अप्रामाणित दावों पर राष्ट्रपति जो बाइडन के पर महाभियोग चलाने के उनके कार्यालय के प्रयासों को बंद करें जिनमें कहा गया है कि बाइडन को उनके बेटे और भाई के व्यापारिक सौदों से लाभ हुआ।

व्हाइट हाउस के शीर्ष वकील एड सिस्केल ने शुक्रवार को जॉनसन को लिखे पत्र में कहा कि निगरानी एवं न्यायिक समिति को सौंपी गई गवाही और दस्तावेज किसी भी गलत काम को स्थापित करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि रिपब्लिकन गवाहों ने भी महाभियोग के प्रयास पर को कुंद कर दिया है। यह पत्र संघीय अभियोजकों द्वारा एक पूर्व-एफबीआई मुखबिर पर आरोप लगाने के एक महीने बाद आया है, जो बाइडन और अज्ञात रूसी खुफिया संपर्कों के बारे में झूठ बोलने के कुछ सबसे विस्फोटक आरोपों का स्रोत था। सिस्केल ने लिखा, निश्चित रूप से अब आगे बढ़ जाने (मामले को खत्म करने) का समय है, अध्यक्ष महोदय। यह महाभियोग खत्म हो गया है।

रूसी हमलों में 14 लोगों की मौत

कीव। दक्षिणी यूक्रेन के ओडेसा में शुक्रवार को रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 46 अन्य घायल हो गए।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पहले मिसाइल से आवासों पर हमला किया और जब आपातकालीन दल घटनास्थल पर पहुंचा तो दूसरा मिसाइल हमला भी किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में मारे जाने वालों में पैरा-मेडिकल कर्मी और आपातकालीन सेवा का एक कर्मचारी भी शामिल था। रूसी नागरिकों ने राष्ट्रपति चुनाव में व्लादिमीर पुतिन के पक्ष में मतदान किया है, जिसके कारण उनके (पुतिन के) लिए घरेलू मोर्चे पर असंतोष को दबाकर छह साल और सत्ता में बने रहने का मार्ग लगभग साफ हो गया है। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा और क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह कीपर के अनुसार, हमले के कारण ओडेसा में कम से कम 10 घर और कुछ आपातकालीन सेवा उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। बचाव दल पर निशाना साधने के उद्देश्य से उसी स्थान पर दूसरी मिसाइल दागने की रणनीति को सैन्य भाषा में डबल टैप के रूप में जाना जाता है।

इंटरटेनमेंट...

गुड, बैड अगली में नजर आयेंगे अजीत

मुंबई। तमिल फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अजीत जल्द ही फीचर फिल्म गुड बैड अगली में नजर आएंगे। तमिल के 52 वर्षीय अभिनेता अजीत के प्रबंधक सुरेश चंद्रा ने फिल्म के आधिकारिक पोस्टर के साथ सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी साझा की है। चंद्रा ने एक पोस्ट में कहा हम पूरी विन्रमता के साथ अभिनेता अजीत की अगली फिल्म गुड बैड अगली का एलान करते हैं। एक अभिनेता के रूप में यह अजित की 63वीं फिल्म है। इसका निर्देशन मार्क एंटनी फेम के अधिक रविचंद्रन कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में पोंगल के त्यौहार के आसपास रिलीज होगी। माइथ्री मूवी मेकर्स इस फिल्म के निर्माता हैं और इसके लिए संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार करेंगे।

मुनमुन दत्ता ने राज अनादकट के साथ सगाई की अफवाहों को किया खारिज

मुम्बई। कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता जी का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री मुनमुन दत्ता इन दिनों खबरों में बनी हुई हैं। बीते दिन अफवाह थी कि उन्होंने शो में जेठालाल के बेटे टप्पू का किरदार निभाने वाले अभिनेता राज अनादकट से सगाई कर ली। हालांकि, बाद में अभिनेत्री की टीम ने इन खबरों को फेक करार दिया था। वहीं, राज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सगाई की अफवाहों को निराधार बताया। इसके बाद अब मुनमुन ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी साझा की है। उन्होंने एक नोट में लिखा है कि उनकी सगाई या शादी नहीं हुई है। मुनमन ने लिखा, 'अजीब बात है कि कैसे फर्जी खबरें जंगल की आग की तरह फैलती हैं और बूमरैंग की तरह वापस आती रहती हैं। चीजों को फिर से सही करना है। मेरी सगाई नहीं हुई है, मैं शादीशुदा नहीं हीं, मैं गर्भवती नहीं है। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा जब भी मैं शादी करूंगी, चाहे वह छोटा आदमी हो या बड़ा, मैं गर्व के साथ करूंगी। यह मेरा बंगाली जीन है। हमेशा गौरवान्वित और बहादुर। जय मां दुर्गा।' मुनमुन ने लिखा, 'अब मैं अपनी एनर्जी फेक चीजों में नहीं लगाऊंगी। जीवन में बेहतर चीजों की ओर आगे बढ़ना। भगवान दयालु हैं और जीवन सुंदर है।

मधुबाला के जीवन पर फिल्म बनायेंगी जसमीत

मुंबई। फिल्मकार जसमीत के रीन भारतीय सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मधुबाला के जीवन और उनके फिल्मी करियर पर आधारित एक फिल्म बनाएंगी। फिल्म के निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फिल्म निर्माण कंपनी सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर इस फिल्म के निर्माण की घोषणा की। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा हम शालीनता और प्रतिभा की प्रतीक महान अभिनेत्री मधुबाला के सम्मान में अपनी आगामी फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित हैं। बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक के शाश्वत आकर्षण और मनोरम कहानी को जानने के लिए तैयार हो जाइए। इस बारे में ताजा जानकारी के लिए हमारे से जुड़े रहेंउ हिंदी सिनेमा जगत की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला ने अपने छोटे से करियर में मिस्टर एण्ड मिसेज (1955), चलती का नाम गाड़ी (1958), काला पानी (1958), हावड़ा ब्रिज (1958) और मुगल-ए-आजम जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय के जरिए अपनी पहचान बनाई।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com